आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 32°C | 21°C |

इनसाइड न्यूज

स्मार्ट मीटर के नाम पर 'स्मार्ट ठगी' लखनऊ में उपभोक्ताओं से वसूली...

उत्तर प्रदेश पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



बुधवार 15 अक्टूबर, 2025 / पेज : 12 / मूल्य : ₹3.00/- लखनऊ वर्ष : 17, अंक : 06

www.janexpresslive.com/epaper

पीएम मोदी-मंगोलिया के राष्ट्रपति के बीच... 12

# जैसलमेर-जोधपुर हाईवे पर चलती बस में लगी भीषण आग

## कलेक्टर बोले, गाड़ी में सिर्फ लाशें: बस इतनी गर्म कि शव नहीं निकाल पा रहे, 15 से ज्यादा मौतों की आशंका

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जैसलमेर

राजस्थान के जैसलमेर में जैसलमेर-जोधपुर हाईवे मंगलवार दोपहर 3.30 बजे चलती एसी स्लीपर बस में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया। बचने के लिए लोग चलती बस से कूद गए। हादसे में 2 बच्चों, 4 महिलाओं समेत 16 लोग झुलस गए। झुलसे यात्रियों को तीन एम्बुलेंस से जैसलमेर के जवाहिर हॉस्पिटल लेकर गए। जहां से सभी को जोधपुर रेफर कर दिया। अधिकांश यात्री 70 प्रतिशत तक झुलसे हैं। बस में 57 लोग सवार थे। नगर परिषद के असिस्टेंट फायर ऑफिसर कृष्णपाल सिंह राठौड़ ने हादसे में 10-12 लोगों की जलने से मौत होने की आशंका है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों और फायर कर्मियों के अनुसार मौत का आंकड़ा 15 से भी ज्यादा हो सकता है। हालात यह है कि बस की बॉडी इतनी गर्म है कि शव नहीं निकाल पा रहे। कलेक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि इस हादसे के बाद बस पूरी तरह से जलकर खाक हो गई थी। चार घंटे बाद भी बस की बॉडी गर्म है। हादसे में 16 घायल थे, जिन्हें जोधपुर रेफर कर दिया गया है। बस में बाकी बची सवारियों की बॉडी है।



### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जैसलमेर रवाना

जैसलमेर हादसे पर सीएम भजनलाल ने दुख जताया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कलेक्टर एसपी से फोन पर बात करके पीड़ितों को हर संभव मदद के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दुखद घटना पर लगातार फ़ीडबैक ले रहे हैं। सी एम भजनलाल शर्मा जैसलमेर के लिए रवाना हो गए हैं।

### पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने जताया दुख

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने घटना पर दुख जताते हुए कहा है कि लोगों को जल्द स्वास्थ्य लाभ मिले। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि जैसलमेर से जोधपुर जा रही बस में भीषण आग लगने से कई लोगों के हताहत होने का चिंताजनक समाचार मिला है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि इस हादसे में कम से कम जनहानि हो एवं झुलसे हुए लोगों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो।

### दमकल ने मशक्कत के बाद बुझाई आग, शॉर्ट सर्किट की आशंका

दमकल की गाड़ियां कुछ ही देर में मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पुलिस के अनुसार, आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि बस के इंजन या वायरिंग में शॉर्ट सर्किट से आग लगी हो सकती है। वहीं, नगर परिषद के असिस्टेंट फायर ऑफिसर कृष्णपाल सिंह राठौड़ ने बताया कि सूचना मिलते ही वे टीम के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हुए। उन्होंने कहा कि बस पूरी तरह से आग का गोला बन चुकी थी। फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रथम दृष्टया करीब 10 से 12 लोगों के जिंदा जल जाने की आशंका है।

### चलती बस में उठने लगा धुआं, मिनटों में आग ने वाहन को जकड़ा

जानकारी के मुताबिक, यह घटना दोपहर करीब 3:30 बजे जैसलमेर-जोधपुर हाईवे पर थईयात गांव के पास हुई। बस में कुल 57 यात्री सवार थे। जानकारी के अनुसार, बस रोजाना की तरह दोपहर 3 बजे जैसलमेर से जोधपुर के लिए रवाना हुई थी। करीब 20 किलोमीटर चलने के बाद अचानक बस के पिछले हिस्से से धुआं उठने लगा। इससे पहले कि चालक या यात्री कुछ समझ पाते, आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया।

### खिड़कियां तोड़कर यात्रियों ने बचाई जान, ग्रामीणों ने की मदद

आग लगते ही बस में चीख-पुकार मच गई और यात्री जान बचाने के लिए खिड़कियां तोड़कर बाहर कूदने लगे। कई यात्रियों के कपड़े और सामान जल गए। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। दमकल विभाग और पुलिस को भी सूचना दी गई।

### कई यात्री गंभीर रूप से झुलसे, दो लोग जोधपुर रेफर

हादसे में यात्रियों के चेहरे, हाथ-पैर और शरीर के कई हिस्से बुरी तरह झुलस गए। गंभीर रूप से घायल ओमाराम भील (30) निवासी लाठी को जोधपुर रेफर किया गया है। वहीं, इमामत (30) और उसका बेटा यूनूस भी आग की चपेट में आए हैं, जिनका इलाज जोधपुर के अस्पताल में चल रहा है।

### कलेक्टर बोले, जिन यात्रियों की मौत हुई उनके परिजन हेल्पलाइन पर संपर्क करें

कलेक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि हादसे में झुलसे 16 लोगों को जोधपुर रेफर कर दिया गया है। उन्होंने इस हादसे में मृतकों के परिवार के प्रति गहरी संवेदना जताई है। कलेक्टर कहा- मैं मृतक यात्रियों के परिजनों से अपील करता हूं कि वे इनकी पहचान के लिए जिला प्रशासन की ओर से जारी हेल्पलाइन नंबर पर कॉन्टैक्ट करें।

### पुलिस बुकिंग एजेंट से पूछताछ में जुटी

इस हादसे के बाद केके ट्रेवल्स की बुकिंग देखने वाले स्वागत ट्रेवल्स के एजेंट लक्ष्मण को एसडीएम और पुलिस पूछताछ के लिए कोतवाली थाने लेकर गई है। यहां से पता चला 4 से 5 लोगों की टिकट काटी थी। बाकी यात्रियों की टिकट बस में ही काटी गई थी और इसकी जानकारी लक्ष्मण के पास है। ऐसे में पुलिस लक्ष्मण से पूछताछ कर रही है कि आखिर बस में कितने यात्री थे। बस जैसलमेर के एयरफोर्स सर्किल से रवाना हुई थी। यहां से गढ़ीसर चौराहा और रेलवे स्टेशन से यात्रियों को बस में चढ़ाया गया था। देचू थाना पुलिस की ओर से जैसलमेर बस के घायलों को 7-8 एंबुलेंस से जोधपुर रेफर किया गया है। इसके लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया है।

# बिहार चुनाव, भाजपा की 71 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी

## दोनों डिप्टी सीएम समेत 13 मंत्री लड़ेंगे चुनाव, 48 विधायक रिपीट, विधानसभा अध्यक्ष का टिकट कटा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना

बिहार चुनाव के लिए भाजपा ने मंगलवार को 71 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को तारापुर से और विजय सिन्हा को लखीसराय से टिकट दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव का टिकट काटा गया है। नंदकिशोर 5 बार से पटना सिटी से जीतते आ रहे हैं। उनकी जगह पर बीजेपी नेता और हाईकोर्ट के वकील रत्नेश कुशवाहा को उतारा है। कुम्हरार से 5 बार के विधायक अरुण कुमार सिन्हा का भी टिकट कटा है। इनकी जगह संजय गुप्ता को मौका मिला है। संजय पार्टी में प्रदेश महामंत्री भी रह चुके हैं। लिस्ट में 13 मंत्रियों और 9 महिलाओं के भी नाम हैं। पार्टी ने 48 विधायकों को रिपीट किया है। इस बार भाजपा 101 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। 71 के नाम सामने आ गए हैं। अब 30 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान बाकी है। बिहार में 6 और 11 नवंबर को वोटिंग होगी। रिजल्ट 14 नवंबर को आएगा। 2020 में भाजपा ने 7 अक्टूबर को 27 कैंडिडेट की पहली लिस्ट जारी की थी।



### सम्राट और मंगल को भी मिला टिकट

वहीं भाजपा ने अपने वरिष्ठ नेता वह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, रेणु देवी, मंत्री मंगल पांडेय, प्रेम कुमार, कृष्ण कुमार ऋषि, नितिन नवीन और वरिष्ठ नेता रामनारायण मंडल को भी टिकट दिया है। सम्राट चौधरी और मंगल पांडे विधान परिषद सदस्य हैं इस बार भाजपा ने उन्हें चुनावी मैदान में उतारने का निर्देश दिया है। सम्राट चौधरी को तारापुर विधानसभा और मंगल पांडे को सीवान से टिकट दिया गया है।

### नंदकिशोर यादव ने क्या कहा?

इधर, टिकट कटने के सवाल पर निवर्तमान विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने कहा कि मैं भारतीय जनता पार्टी के निर्णय के साथ हूं। पार्टी ने मुझे बहुत कुछ दिया है। मुझे पार्टी से कोई शिकायत नहीं है। नई पीढ़ी का स्वागत और अभिनंदन है। पटना साहिब विधान सभा के लोगों ने मुझे लगातर सात बार विजयी बनाया है। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार के रूप में जो स्नेह और प्यार मुझे दिया उसे मैं कभी भूल नहीं पाऊंगा। सबका आभार।

### अब लिस्ट के 6 बड़े चेहरों को जानिए

बीजेपी ने दोनों डिप्टी सीएम के साथ 12 मंत्रियों को मैदान में उतारा है। मंत्री मंगल पांडे, नीतीश मिश्रा, नीरज कुमार बबलू, जीवेश मिश्रा, राजू सिंह, कृष्ण कुमार मंटू, सुरेंद्र मेहता, डॉक्टर सुनील कुमार, संजय सरावगी, डॉ. प्रेम कुमार को भी टिकट दिया गया है।

- **सम्राट चौधरी:** फिलहाल बिहार के डिप्टी सीएम हैं। एमएलसी हैं इस बार तारापुर से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे।
- **विजय सिन्हा:** अभी बिहार के डिप्टी सीएम हैं। लखीसराय से विधायक हैं। बीजेपी के पुराने नेता हैं।
- **मंगल पांडे:** बिहार सरकार में स्वास्थ्य मंत्री हैं। एमएलसी हैं। इस बार सीवान से पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है।
- **नीतीश मिश्रा:** बिहार सरकार में उद्योग मंत्री हैं। पूर्व सीएम जगन्नाथ मिश्रा के बेटे हैं। झंझारपुर से विधायक हैं। पार्टी ने फिर मौका दिया है।
- **रामकृपाल यादव:** पाटलिपुत्र से 2 बार सांसद रह चुके हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री भी रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में लालू की बेटी मीसा से चुनाव हारे थे। किसी समय लालू यादव के करीबी माने जाते थे। पार्टी ने दानापुर से विधायक का चुनाव लड़वाने का फैसला लिया है।
- **डॉ. प्रेम कुमार:** बिहार सरकार में मंत्री हैं। बीजेपी के पुराने सीनियर लीडर हैं। पार्टी ने गया शहर सीट से फिर मौका दिया है।

### इनके टिकट इस बार कट गए

भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने इस बार कुम्हरार, पटना साहिब और दानापुर विधानसभा के प्रत्याशी को बदल दिया है। कुम्हरार से निवर्तमान विधायक अरुण सिन्हा की जगह संजय गुप्ता, पटना साहिब से नंद किशोर यादव की जगह रत्नेश कुशवाहा और दानापुर से पूर्व सांसद रामकृपाल यादव को टिकट दिया है।

### बीजेपी ने 13 मंत्रियों को चुनाव मैदान में उतारा है

बीजेपी ने 13 मंत्रियों को मौका दिया है। इनमें एमएलसी रहे सम्राट चौधरी और मंगल पांडेय के भी नाम हैं। साथ ही 8 बार के विधायक और सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार को भी पार्टी ने फिर से मौका दिया है।

### 2020 में बीजेपी ने 110 सीटों पर चुनाव लड़ा

2020 में बीजेपी ने 110 सीटों पर चुनाव लड़ा था। इसमें पार्टी 74 सीटें जीती थी। अभी वर्तमान बिहार में बीजेपी के 80 विधायक हैं। हर सीट के सामाजिक, जातीय समीकरण, पिछले चुनावी नतीजों और संभावित उम्मीदवार की ताकत का गहन विश्लेषण किया गया, ताकि गठबंधन की हर सीट मजबूत हो। पार्टी नेताओं का दावा है कि 2025 के चुनाव में भी बीजेपी न केवल सत्ता बरकरार रखेगी, बल्कि पिछली बार से ज्यादा सीटें जीतकर रिकॉर्ड बनाएगी।

### एनडीए में कितनी पार्टियां शामिल हैं?

एनडीए में नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड, भारतीय जनता पार्टी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), राष्ट्रीय लोक मोर्चा और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा शामिल हैं। बिहार में दो चरणों में मतदान होगा। पहले चरण में 6 नवंबर और दूसरे चरण में 11 नवंबर को वोटिंग होगी, जबकि वोटों की गिनती 14 नवंबर को की जाएगी।

### 6 नवंबर को होगा मतदान

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों के लिए मतदान 6 नवंबर को होगा। इसके लिए नामांकन की प्रक्रिया अधिसूचना जारी होते ही शुरू हो गई है। नामांकन की अंतिम तारीख 17 अक्टूबर है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 18 अक्टूबर को होगी। उम्मीदवार 20 अक्टूबर तक अपने नाम वापस ले सकते हैं।

# शाहजहांपुर में बुखार से भाई-बहन की मौत

## परिवार के पांच अन्य बच्चे बीमार, स्वास्थ्य विभाग में खलबली

जन एक्सप्रेस। शाहजहांपुर

शाहजहांपुर के सेहरामऊ दक्षिणी कस्बा निवासी रामू के दो बच्चों की दो दिन में बुखार से मौत हो गई। इसी परिवार के पांच अन्य बच्चे भी गंभीर रूप से बीमार हैं। जानकारी मिलने पर स्वास्थ्य विभाग से एसीएमओ डॉ. पीपी श्रीवास्तव के नेतृत्व में मंगलवार को गांव पहुंची डॉक्टरों की टीम ने घर-घर जाकर जांच की। इस दौरान गंभीर हालत में पाए गए बच्चों को विभागीय टीम ने एंबुलेंस से राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजकर भर्ती कराया। रामू ने बताया कि उनकी पांच वर्षीय पुत्री किरन को शनिवार की रात बुखार आ गया। रविवार को उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, लेकिन उपचार के दौरान सोमवार की सुबह उसकी मौत हो गई। पुत्री का अंतिम संस्कार करने के बाद घरवाले इस सदमे से उबर भी नहीं पाए थे कि उनके सात वर्षीय पुत्र अजय कुमार को बुखार आ गया। रामू के अनुसार अजय को हरदोई जिले के शाहाबाद में एक निजी अस्पताल के डॉक्टर के पास ले गए। वहां डॉक्टर ने अजय को रात में किसी दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी। इस पर उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां अजय की दशा में सुधार नहीं होने पर परिजन उसे बरेली ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसकी भी मौत हो गई। इन सभी बच्चों को एसीएमओ ने तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा और अन्य घरों के लोगों की जांच की। इस दौरान बुखार और सर्दी-जुकाम से ग्रस्त पाए गए कई ग्रामीणों और उनके बच्चों को डॉक्टरों ने आवश्यक दवाएं मुहैया कराईं। दो बच्चों की मौत से उनकी मां बबली का हाल बेहाल है और वह बार-बार पछाड़ें खाकर बेसुध हो रही हैं।

### परिवार में मचा कोहराम

लगातार दो दिन में दो बच्चों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मंगलवार को पूर्वाह्न करीब 11 बजे एसीएमओ के नेतृत्व में गांव पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम में शामिल डॉ. उस्मान अली और फार्मासिस्ट शरीफ खां ने घर-घर जांच शुरू की। इस दौरान रामू के आठ माह के पुत्र कृष्णा और तीन वर्षीय पुत्री नैना के साथ पड़ोस में रह रहे रामू के भाई श्यामू की 10 वर्षीय पुत्री मानसी, आठ वर्षीय पुत्र शनि और चार वर्षीय पुत्र लंकुश भी बुखार से पीड़ित मिले।

### ग्रामीणों की जांच की गई

एसीएमओ डॉ. पीपी श्रीवास्तव ने बताया कि सेहरामऊ दक्षिणी में घर-घर जाकर ग्रामीणों की जांच की गई है। गंभीर हालत में पाए गए बच्चों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती करा दिया गया है। गांव के करीब 50 घरों के लोगों की जांच कर ग्रामीणों को आवश्यक दवाएं सुलभ कराई गई हैं। गांव में घर-घर जाकर स्वास्थ्य की जांच का काम जारी रहेगा।

# उत्तर प्रदेश के 14.82 लाख राज्य कर्मचारियों को योगी सरकार का दिवाली गिफ्ट, बोनस देने का किया एलान

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली के शुभ अवसर पर राज्य कर्मचारियों को बड़ा उपहार देते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बोनस देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय कर्मचारियों के परिश्रम और निष्ठा के प्रति राज्य सरकार की सराहना का प्रतीक है। प्रदेश की प्रगति में सरकारी कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और सरकार हर स्तर पर उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, राज्य सरकार के कर्मचारियों को उत्पादकता असम्बद्ध बोनस अनुमन्य किया गया है। यह बोनस मासिक परिलब्धियों की अधिकतम सीमा 7,000 के आधार पर 30 दिनों की परिलब्धियों का आगणन करते हुए दिया जाएगा, जिससे प्रत्येक पात्र कर्मचारी को 6,908 का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली से पहले यह आर्थिक लाभ कर्मचारियों के परिवारों के लिए आनंद और उत्साह लेकर आएगा तथा शासन-प्रशासन में नई ऊर्जा का संचार करेगा। इस निर्णय से राज्य सरकार के लगभग 14 लाख 82 हजार कर्मचारी लाभान्वित होंगे, जिस पर कुल व्ययभार लगभग ?1,022 करोड़ आएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि पात्र कर्मचारियों को बोनस का भुगतान समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए ताकि सभी परिवार इस पर्व को उल्लासपूर्वक मना सकें। राज्य सरकार द्वारा अनुमन्य बोनस के दायरे में वे पूर्णकालिक अराजपत्रित कार्मिक शामिल हैं जिनके पद का वेतन मैट्रिक्स लेवल-8 (47,600- 1,51,100) तक है (सादृश्य ग्रेड वेतन 4,800 तक)। इसमें राज्य कर्मचारी, राज्य निधि से सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारी, स्थानीय निकायों और जिला पंचायतों के कर्मचारी, राजकीय विभागों के कार्यप्रभारित एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी सम्मिलित हैं। बता दें कि भारत सरकार द्वारा भी वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बीते 29 सितम्बर, 2025 द्वारा बोनस प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

# धामी ने 1456 अभ्यर्थियों को दिए नियुक्ति पत्र कहा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ करें काम



जन एक्सप्रेस। देहरादून

सीएम ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह अवसर नियुक्ति अभ्यर्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, साथ ही राज्य के उज्ज्वल भविष्य की नींव निर्धारण के लिए भी महत्वपूर्ण है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज दून मेडिकल कॉलेज में 1456 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए। इसमें लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित 109 समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी व उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से चयनित 1347 सहायक अध्यापक (एल.टी.) शामिल हैं।

सीएम ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह अवसर नियुक्ति अभ्यर्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, साथ ही राज्य के उज्ज्वल भविष्य की नींव निर्धारण के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने नवनियुक्त युवाओं से अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण की भावना के साथ करने की अपेक्षा करते हुए कहा कि अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, पिछले चार वर्षों में राज्य में 26 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी में सेवायोजित किया जा चुका है। यह संख्या राज्य के गठन के बाद पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल में मिली कुल नौकरियों से दो गुना से भी अधिक हैं। आज हमारे युवा पारदर्शी व्यवस्था और मेरिट के आधार पर सरकारी नौकरियों में अवसर पा रहे हैं। हाल ही में हरिद्वार के एक परीक्षा सेंटर पर एक व्यक्ति द्वारा नकल का एक प्रकरण सामने आया था। सरकार ने तुरंत एक्शन लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया और मामले की जांच के एसआईटी का गठन किया। युवाओं के हितों की रक्षा के लिए और युवाओं की मांग पर सीबीआई जांच की संस्तुति प्रदान कर पेपर को निरस्त करने का भी निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने स्वयं युवाओं के पास धरनास्थल पर जाकर उनकी सभी न्यायोचित मांगों को मानने का आश्वासन दिया। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा शिक्षा विभाग में नियुक्तियों का सिलसिला लगातार जारी रहेगा जल्द ही बीआरपी, सीआरपी, बेसिक अध्यापकों और चतुर्थ श्रेणी में नियुक्तियां प्रदान की जाएंगी। उन्होंने नियुक्ति प्राप्त करने वाले सभी अध्यापकों से कहा कि सबको दुर्गम क्षेत्रों में नियुक्ति प्रदान की जा रही है। कुछ साल सभी को अनिवार्य रूप से दुर्गम क्षेत्रों में सेवाएं देनी है।

# विवादों के बाद शासन का बड़ा फैसला, वरिष्ठतम शिक्षक को ही दिया जाएगा विद्यालय का प्रभार, जारी हुए निर्देश

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

परिषदीय विद्यालयों में प्रधानाध्यापक पद को लेकर जारी विवाद और न्यायिक हस्तक्षेप के बीच शासन ने अब स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा ने सभी जिलों में वरिष्ठता के आधार पर विद्यालायों का प्रभारी प्रधानाध्यापक नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि उच्चतम न्यायालय में सचिव बेसिक शिक्षा परिषद बनाम त्रिपुरारी दुबे मामले में स्पेशल अपील याचिका में जारी आदेश का अनुपालन किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि वरिष्ठतम शिक्षक को ही पर्यवेक्षणीय दायित्वों के निर्वहन के लिए अधिकृत किया जाए। किंतु इसके लिए कोई अतिरिक्त पारिश्रमिक नहीं दिया जाएगा।


# दीपोत्सव में जगमग होंगे गाय के गोबर से बने 25 हजार दीप, महिलाओं ने बनाए 'जड़ी बूटी मिश्रित विशेष दीप'

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

इस बार के दीपोत्सव में राम की पैड़ी के घाटों पर गाय के गोबर से बने 25 हजार दीप भी जगमग होंगे। महापौर की पहल पर लखीमपुर में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं जड़ी बूटी मिश्रित इन विशेष दीपों को तैयार कर रही हैं। इन दीपों की पहली खेप बुधवार को यहां पहुंच जाएगी। 19 अक्तूबर को दीपोत्सव के नौवें संस्करण के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में राम की पैड़ी पर एक साथ 26 लाख दीए जलाने के साथ अयोध्या अपने ही विश्व रिकॉर्ड को तोड़ते हुए नया कीर्तिमान रचेगी। इसमें गाय के गोबर से बने पर्यावरणीय अनुकूल और शुद्धता व पवित्रता के प्रतीक इन दीपों की भी खास भूमिका होगी। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी की पहल पर इन्हें तैयार करवाया जा रहा है।

### 15 महिलाओं ने बनाया

इन विशेष दीपों को लखीमपुर में देवी प्रेरणा स्वयं सहायता समूह की 15 महिलाओं की ओर से तैयार किया जा रहा है। इस समूह की महिलाएं सिर्फ गाय के गोबर में कुछ जड़ी बूटी मिश्रित कर पिछले दो महीने से इन्हें आकृति देने में जुटी हुई हैं। इसके निर्माण में लखीमपुर खीरी के



धौरहरा में स्थित बसंतापुर गोशाला के गोबर का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसे तैयार करने के लिए गाय के गोबर में जड़ी बूटी के साथ गेरू ओर चूने का इस्तेमाल भी किया गया है। अयोध्या के दीपोत्सव के लिए तैयार किए जा रहे दीपों को लेकर लखीमपुर की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार भी उत्साहित है। इन दीयों के निर्माण की देखरेख कर रहे खंड विकास अधिकारी संदीप तिवारी ने अमर उजाला को बताया कि डीएम और सीडीओ का लगातार मार्गदर्शन मिल रहा है। उनकी ओर से ही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को इस काम के लिए प्रोत्साहित किया गया है। इन दीपों की पहली खेप को लेकर बुधवार को एक प्रतिनिधि मंडल लखीमपुर से अयोध्या पहुंचेगा।

# मटौंध व एसओजी पुलिस टीम की बड़ी कार्यवाही 24 घंटे के अंदर लूट की घटना का खुलासा

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 13अक्टूबर को मटौंध क्षेत्र में लूट की घटना को अंजाम देने वाला अन्तर्राज्यीय अभियुक्त ब्रजेन्द्र उर्फ भाऊ को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया।गौरतलब हो कि दिनांक 12अक्टूबर को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के जोगिनी मन्दिर के पास खाईपार के रहने वाले गोबिन्द कुमार पुत्र बाला प्रसाद के साथ 03 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा नकद रुपए की लूट की घटना को अंजाम



दिया गया था।जिसके सम्बन्ध में थाना मटौंध पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया।इसी क्रम में दिनांक 13अक्टूबर को थाना मटौंध पुलिस व एसओजी टीम थाना मटौंध क्षेत्रान्तर्गत गौरिहार रोड पर चमरहा गांव मोड पर संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग में मामूर थे।चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध असलहा लिए चंद्रिका देवी मंदिर हरदौनी बसहरी रोड पर खड़ा है और किसी घटना करने की फिराक में है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए मौंके पर पहुंचकर व्यक्ति को आत्मसमर्पण हेतु कहे जाने पर स्वयं को पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करना शुरू कर दिया।आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया।घायल अभियुक्त को गिरफ्तार कर इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जहां उसकी स्थिति सामान्य है।अन्य संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा,02 जिन्दा कारतूस,02 खोखा कारतूस व लूट के 1720 नगद रुपए बरामद हुए है ।

गिरफ्तार अभियुक्त-ब्रजेन्द्र उर्फ भाऊ पुत्र राम सेवक निवासी मुडेहरा थाना प्रकाश बम्हौरी जनपद छत्तरपुर म0प्र0।

गिरफ्तार करने वाली टीम-संदीप थानाध्यक्ष मदौंध मय टीम,आनन्द कुमार प्रभारी एसओजी मय टीम।

# थाना कोतवाली नगर ने ई-रिक्शा चोरी करने वाले 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा ई-रिक्शा चोरी करने वाले 03 अभियुक्तों को सूचना के 05 घंटे के भीतर चोरी के ई-रिक्शा सहित अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस आदि के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो दिनांक 13अक्टूबर को थाना मरका क्षेत्र के ग्राम इंगुवा के रहने वाले ई-रिक्शा चालक दीपक पुत्र मुन्ना ने थाना कोतवाली नगर पर सूचना दी कि दिनांक 12अक्टूबर की रात्रि को रेलवे स्टेशन पर सवारी लेने के लिए गया था तभी एक मोटरसाइकिल पर 03 व्यक्ति आये और मवई से चलकर सामान लाने के लिए कहा और मोटरसाइकिल से 02 व्यक्ति उतरकर मेरे ई-रिक्शा में बैठ गए और उनका सामान लेने के चल दिया तथा मोटरसाइकिल चालक भी पीछे-पीछे चल दिया।ग्राम मवई तालाब के पास मै पेशाब करने के



लिए उतरा तभी तीनों व्यक्ति मेरा ई-रिक्शा लेकर भाग गए।सूचना पर तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुए टीमों का गठन कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सम्भावित स्थानों पर तलाश की जा रही थी।इसी क्रम में पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मवई आर्यन/रेंजर ढाबा से पहले कुछ संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल व ई-रिक्शा के साथ खड़े है।पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर जाकर घेराबन्दी करते हुए 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया।मौके से चोरी के ई-रिक्शा,घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं तलाशी के दौरान चोरी के रुपए,मोबाइल फोन आदि तथा अभियुक्त वीरेन्द्र उर्फ चच्चा के कब्जे से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद हुआ।

बरामद-01 ई-रिक्शा (चोरी का),01 मोटरसाइकिल (घटना में प्रयुक्त),01 अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस,02 मोबाइल फोन(चोरी के),600 रुपए (चोरी के) गिरफ्तार अभियुक्त-वीरेन्द्र उर्फ वीरेन्द्रा उर्फ चच्चा पुत्र गंगादीन निवासी डांडिन पुरवा महोखर थाना कोतवाली देहात,अशोक पुत्र लक्ष्मी निवासी घंसौर थाना बिसण्डा,सिकंदर पुत्र मुन्ना निवासी पड़री थाना बबेरू। गिरफ्तारी करने वाली टीम-बलराम सिंह प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर,राजेश कुमार मौर्य चौकी प्रभारी विश्वविद्यालय,हेड कांस्टेबल सतेन्द्र कुमार,हेड कांस्टेबल गोकुलेश मिश्रा, कांस्टेबल ऋषभ सोनी आदि मौजूद रहे।

# आदिवासी छात्रा को एक दिन के लिए बनाया गया तहसीलदार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए शुरु किए गए मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के तहत मंगलवार को कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय मानिकपुर की कक्षा सात छात्रा कामिनी को एक दिन के लिए तहसीलदार बनाया।

मिशन शक्ति अभियान के पांचवे चरण के तहत मंगलवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मानिकपुर की कक्षा सात की छात्रा कामिनी पुत्री संजय निवासी कल्याणपुर मजरा बंधवा कोलान को एक दिन के लिए तहसीलदार का कार्यभार सौंपा गया। सुबह 10 बजे जैसे ही छात्रा अपनी कक्षाध्यापक प्रियंका तिवारी एवं विद्यालय की वार्डेन अनुराधा मिश्रा के साथ कार्यालय पहुंची, तो तहसीलदार दयाशंकर वर्मा सहित अन्य कर्मचारियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए छात्रा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया तथा तहसीलदार की कुर्सी में बैठाया। इसके बाद एक दिन के लिए तहसीलदार बनी छात्रा ने आने वाले फरियादियो की समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धितों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। एक दिन के लिए तहसीलदार बनी छात्रा कामिनी ग्रामीण व आदिवासी समाज की बेटी है। एक दिन तहसीलदार बनाने पर कामिनी ने फरियादियों की समस्याओं को शालीनता के साथ सुनकर संबंधित लेखपालों व कानूनगो को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान लोगों ने छात्रा के हुनर को देखकर सराहना की।

# एसपी ने भ्रमण कर लिया दीपावली मेले की तैयारियों का जायजा



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

दीपावली मेला की तैयारियों को लेकर मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मेला क्षेत्र के रामघाट, परिक्रमा मार्ग आदि में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मेला क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने रामघाट, परिक्रमा मार्ग सहित अन्य प्रमुख स्थलों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एसपी ने मेला क्षेत्र में प्रकाश, स्पीकर, सीसीटीवी कैमरा, कंट्रोल रूम, खोया पाया केंद्र आदि तैयार करने के साथ मंदाकिनी नदी में बैरिकेटिंग, नाव व गोताखोरों की तैनाती, साफ-सफाई व ड्यूटि प्वाइंट चिन्हित कर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर अरविन्द कुमार वर्मा, चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग रमेश सिंह यादव, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान आईं 93 शिकायतों में ज्यादातर का बेहतर तरीके से किया मौके पर निस्तारण



**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई करते हुये आम लोगों की शिकायतों को गौर से सुन्ने के साथ ही शिकायतों का बेहतर तरीके से वख्त पर डिस्पोजल करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान करीब 93 शिकायते आई, जिनमें से ज्यादातर का जिलाधिकारी ने बेहतर तरीके से मौके पर डिस्पोजल कर दिया। बाकी शिकायतों के डिस्पोजल के लिये जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम , खंड विकास अधिकारीयों को वर्चुअल, जूम एप के जरिये से बैठक कर उनके फौरन डिस्पोजल के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस सहित सभी अधिकारी मौके पर जाकर बेहतर तरीके से ढंग से डिस्पोजल करने के साथ ही वख्त पर रिपोर्ट पेश करें।

## सामाजिक परिवर्तन बहुजन जनसभा का आयोजन

**चित्रकूट।** डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पूर्व माध्यमिक विद्यालय कबरा पुरवा सरैया में भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी द्वारा सामाजिक परिवर्तन बहुजन जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भीम आर्मी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव कमल सिंह वालिया ने कहा कि भीम आर्मी देश का वह एक संगठन है, जो हर समय समाज के साथ हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलंद करता है। उन्होंने कहा कि आज के ही दिन बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने 14 अक्टूबर 1956 को अपने लाखों अनुयायियों के साथ धम्म दीक्षा ग्रहण की थी। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी अजय आजाद वर्मा, भीम आर्मी जिला संयोजक संजय गौतम, आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष कुंवर सिद्धार्थ, भीम आर्मी जिला महासचिव एडवोकेट श्रीपाल प्रजापति, जिला सह संयोजक भीम आर्मी राकेश सिंह पठारी और लक्ष्मण पटेल, जिला प्रवक्ता भीम आर्मी विनोद वर्मा और बाबूलाल यादव आदि मौजूद रहे।

## ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ी

**चित्रकूट।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय मानिकपुर में कक्षा 9 व 11 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि सात अक्टूबर से बढाकर 21 अक्टूबर 2025 कर दी गयी है। अतः ऐसे अभ्यर्थी जो जिले के प्रमाणिक निवासी है और शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिले के मान्यता प्राप्त स्कूल में कक्षा 8वीं व 10वीं में अध्ययनरत हैं, वे क्रमशः कक्षा 9वीं एवं 11वीं के लिए पात्र है, जो प्रवेश के लिए अब आगामी 21 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। इसमें कक्षा 9वीं के लिए लिंक
ीजजचे ःध्ध्बइेमपजउे.दपब.पदध्2025ध्द अेपगत्र9ध् व कक्षा 11वीं के छात्र लिंक
जजचे ःध्ध्बइेमपजउे.दपब.पदध्2025ध्द अेपगत्र11ध् के माध्यम से आवेदन कर सकते है। बताया कि आवेदन के बाद सुधार विण्डो 22 से 25 अक्टूबर 2025 तक खुली रहेगी।

# सचिव ने ग्राम पंचायतों में खुलेआम किया भ्रष्टाचार

**जन एक्सप्रेस । मानिकपुर, चित्रकूट**

विकासखंड के ग्राम पंचायत गिदुरहा, रानीपुर कल्याणगढ़, ऊंचाडीह, कोटा कड़ैला में ग्राम प्रधान सचिव की मिली भगत के चलते गत वर्षों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया है। ग्रामीणों द्वारा कई बार खंड विकास अधिकारी को जानकारी देने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं करते हुए सिर्फ कागज पूर्ति कर लाखों का वारा न्यारा किया गया है। बता दें कि विकासखंड के गिदुरहा, रानीपुर कल्याणगढ़, मऊगुरदरी एवं कोटा कड़ैला में पौधरोपण, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर, गौशालाओं मे भूसा खरीद



आदि के कार्यो में सिर्फ बिल लगाकर भुगतान किए गए है। मौके में एक भी पेड़ जीवित नहीं है और मैटेलियर सप्लायरों फर्जी बिल बाऊचर बनवा कर भ्रष्टाचार किया गया है। गांव के ननकावन, छेदीलाल, गुलाब, रामलाल, सोहन, रामदीन, भैयालाल आदि का कहना है कि प्रधान व सचिव फर्जी तरीके से 100 फिट बोरिंग करवा कर 300/350 फीट का भुगतान कर लिया गया है, वहीं हैंडपंप मरम्मत के नाम पर पाइप, चैन आदि सामग्री के फर्जी बिल लगाकर भुगतान करवा लिए है। सचिव उत्कर्ष इतना फितरती व चालबाज किस्म का है कि भूसा खरीद के बिल बाऊचर लगा कर हर ग्राम पंचायतों से भुगतान कर लिया है। वृक्षा रोपण की बात की जाए तो सूखे पेड़ लगाकर तार फिसिंग करवा कर बजट का बदरबाट कर लिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि खंड विकास अधिकारी पवन सिंह सचिव व प्रधान के साथ खुद भ्रष्टाचार में लिप्त है, जिससे शिकायतों की जाँच पारदर्शितापूर्ण नहीं की जाती और सचिव कार्यवाही की जगह क्लीन चिट पा जाता है।

# पुलिस ने लूट की वारदात का किया खुलासा, तीन फरार लुटेरों को माल सहित किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

अपराधों की रोकथाम के साथ ही अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत लूट की वारदात में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 195/2025 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस के तीन लुटेरों को बिवांर-मौदहा मार्ग पर निर्माणाधीन पुलिया के पास से मुखबिर की सूचना पर लूटा गया एनड्राईड मोटो

मोबाइल सहित 530 रुपये, सहित 315 बोर का अवैध असलहे के साथ ही अवैध कारतूस के साथ गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। गौरतलब है कि बिवांर क्षेत्र के तहत 9 अक्टूबर 2025 की रात में हुई लूट की वारदात के बाद पीड़ित हर्षित तिवारी पुत्र पुष्पेन्द्र कुमार




तिवारी की तहरीर पर पुलिस ने मु0अ0सं0 195/2025 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस बनाम अज्ञात लुटेरों के खिलाफ दर्ज किया गया था। पुलिस ने लुटेरों के पास से मोबाइल के साथ ही लूटी गई नगदी बरामद की है। गिरफ्तार किये गये लुटेरों में जलालपुर के बरहैरा निवासी 20 वर्षीय अजयपाल पुत्र वीर, जबकि बिलगांव निवासी 20ष वर्षीय सनी पुत्र छत्रपाल अहिरवार सहित बिलगांव निवासी 19 वर्षीय दीपक उर्फ कुलदीप पुत्र लालदीवान शामिल रहे। लूटेरों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में खासतौर से नन्दराम प्रजापति प्रभारी निरीक्षक, एस आई अंकित कुमार , कांस्टेबल राजेश कुमार यादव, कांस्टेबल हरिनन्दन सिंह सहित छोटेलाल शामिल रहे।

# 'मिशन शक्ति 5.0' क्षेत्राधिकारी नरैनी ने चलाया जागरूकता अभियान




**जन एक्सप्रेस । बांदा**

महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु उ0प्र0शासन द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।इसी क्रम में दिनांक 14अक्टूबर को थाना नरैनी क्षेत्र के ब्लाक नरैनी में चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्राधिकारी नरैनी कृष्णकान्त त्रिपाठी द्वारा बालिकाओं/महिलाओं को एकत्रित कर शासन की विभिन्न योजनाओं और हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जानकारी दी गई एवं उनकी उनकी सुरक्षा के विभिन्न संवैधानिक एवं विधिक प्रावधानों जैसे-लैंगिक उत्पीड़न,घरेलू हिंसा,दहेज उत्पीड़न आदि के साथ-साथ विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076,वीमेन पावर लाइन 1090,आपातकालीन पुलिस सेवा 112,चाइल्ड केयर लाइन 1098,साइबर हेल्पलाइन 1930,महिला हेल्पलाइन 181 आदि के बारे में पम्प्लेट वितरित कर जानकारी दी गई और महिलाओं बालिकाओं को उनके सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी गई।इस दौरान साइबर अपराधों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई जिसमें वर्तमान में नवीनतम तरिके से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।जिसमें-केवाईसी अपडेट के नाम पर फर्जी कॉल्स या लिंक भेजकर उपयोगकर्ताओं से उनके निजी और बैंकिंग डिटेल्स मांगी जाती हैं।ओटीपी फ्रॉड जिसमें कॉल या मैसेज के ज़रिए उपयोगकर्ताओं से ओटीपी लेकर उनके बैंक खातों से पैसे ट्रांसफर कर लिए जाते हैं यूपीआई स्कैम (क्ष्ह्र स्ड्डद्व) जिसमें क्ष्ह्र पेमेंट लिंक या त्तक्र कोड स्कैन कराकर खातों से राशि चुरा ली जाती है।सोशल मीडिया हैकिंग जिसमें सोशल मीडिया अकाउंट्स को हैक कर उनसे फर्जी संदेश भेजकर लोगों से पैसे मंगवाए जाते हैं।फर्जी कॉल्स जिसमें खुद को बैंक अधिकारी,पुलिस या किसी प्रतिष्ठित संस्था का प्रतिनिधि बताकर ठगी की जाती है।

## पुलिस ने चोरी के मोबाइल के साथ फरार अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

अपराधों की रोकथाम के साथ ही अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत मुस्करा पुलिस की टीम ने कस्बे के बेबो ढाबा के सामने से पहाड़ी भिटारी गाँव निवासी 30 वर्षीय भगवान दास पुत्र हेतराम को चोरी के एक मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ मु0अ0सं0 232/2025 के तहत धारा 303(2) BNS दर्ज किया गया था, बाद में इस मामले में धारा 317(2) बीएनएस को बढ़ाया गया था। अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से एक एन्ड्रायड फोन बरामद किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में एस आई अनुरुद्ध कुमार द्विवेदी, कांस्टेबल अमित यादव सहित कांस्टेबल रोहित यादव शामिल रहे।

## थाना तिन्दवारी की मिशन शक्ति टीम ने अवैध सूखे गांजे की बिक्री करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना तिन्दवारी की मिशन टीम द्वारा अवैध सूखे गांजे की बिक्री करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है।गौरतलब हो कि दिनांक 13अक्टूबर की शाम थाना तिन्दवारी की मिशन टीम/एंटी रोमियो टीम क्षेत्र में भ्रमणशील थी,इस दौरान सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गोखरही में एक व्यक्ति गुमती/डिब्बा(दुकान) में अवैध रुप से सूखा गांजा रखकर बिक्री करता है।सूचना पर तत्काल मिशन शक्ति टीम द्वारा मौके पर जाकर अभियुक्त को पकड़कर दुकान की तलाशी ली गई तो मौके से अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ।अभियुक्त




को गिरफ्तार करते हुए थाना नरैनी में अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया।

बरामद-1250 ग्राम अवैध सूखा गांजा।

गिरफ्तार अभियुक्त-मनोज पुत्र मुन्ना निवासी गोखरही थाना तिन्दवारी।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-महिला उप निरीक्षक रोशनी सेंगर चौकी प्रभारी कुरसेजा,महिला कांस्टेबल ज्योति शुक्ला,कां0दीपक अहिरवार आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति 5.0 टीम ने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में चलाया गया वृहद जागरुकता अभियान

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में सघन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में दिनांक 14अक्टूबर को थाना कोतवाली नगर,साइबर क्राइम पुलिस थाना,महिला थाना एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को जागरुक किया गया।इस दौरान छात्राओं को शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं,सहायता सेवाओं,महिला अपराधों से सम्बन्धित विभिन्न कानूनों,हेल्पलाइन नम्बरों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।साइबर टीम द्वारा वर्तमान में आधुनिक तरिकों से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।जिसमें- केवाईसी अपडेट के नाम पर फर्जी कॉल्स या लिंक भेजकर उपयोगकर्ताओं से उनके निजी और बैंकिंग डिटेल्स मांगी जाती हैं।ओटीपी फ्रॉड जिसमें कॉल या मैसेज के ज़रिए उपयोगकर्ताओं से ओटीपी लेकर उनके बैंक खातों से पैसे ट्रांसफर कर लिए



जाते हैं। यूपीआई स्कैम (क्ष्ह्र स्ड्डद्व), सोशल मीडिया हैकिंग,फर्जी कॉल्स,आदि प्रकार के साइबर अपराधों के बारें में जानकारी दी गई और लोगों को जागरूक किया गया कि वे किसी भी संदिग्ध लिंक,कॉल या मैसेज पर बिना सत्यापन के कोई भी जानकारी साझा न करें।साथ ही साइबर अपराध/ठगी का शिकार होने पर तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन, साइबर क्राइम पोर्टल (222.ष्4ड्डद्दह्-ष्ह्द्बद्वद्ग.द्दश्1.द्बठ्ठ) या साइबर हेल्पलाइन नम्बर कॉल कर तुरंत शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई।यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया जिसमें ट्रैफिक संकेतों एवं नियमों का पालन करने,हेलमेट और सीट बेल्ट पहनने की अनिवार्यता तथा इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों,ओवर स्पीडिंग,मोबाइल फोन के प्रयोग,गलत दिशा में वाहन चलाने के खतरों आदि के बारे में अवगत कराया गया साथ ही यात्रा करते समय महिलाओं को बरती जाने वाली सावधानियों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।



**दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-1 लागू...**

राजधानी में वायु प्रदूषण बढ़ने के साथ ही ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) का पहला चरण मंगलवार से लागू कर दिया गया है। दिल्ली का एक्यूआई 211 (खराब श्रेणी) में दर्ज किया गया। इसके अलावा, आईएमडी के पूर्वानुमान में भी आने वाले दिनों में एक्यूआई... पढ़ें पेज 12 पर...

# स्मार्ट मीटर के नाम पर 'स्मार्ट ठगी'

## लखनऊ में उपभोक्ताओं से वसूली का नया खेल, शासनादेश की धज्जियां उड़ाई गईं

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



राजधानी लखनऊ में बिजली विभाग ने स्मार्ट सिटी के नाम पर उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर का सपना दिखाया था, लेकिन अब यही मीटर जनता के लिए सिरदर्द बन गए हैं। पिछले कई महीनों से शहर के विभिन्न इलाकों- आलमबाग, इंदिरा नगर, आशियाना, शारदा नगर, हजरतगंज, गोमती नगर, राजाजीपुरम, और चिनहट आदि में लगाए जा रहे प्रीपेड स्मार्ट मीटरों से उपभोक्ताओं की जेब पर पुराने बिल से तीन से चार गुना तक का बोझ पड़ रहा है।

### पुराने बिल से तीन गुना तक बढ़ा खर्च

जहां पहले एक उपभोक्ता का मासिक बिल 800 से 1000 आता था, वहीं अब वही परिवार 2500 से 3000 तक की रकम एडवांस में भरने को मजबूर है। उपभोक्ता बताते हैं कि मीटर रीडिंग दिखाने के बावजूद बैलेंस मिनटों में खत्म हो जाता है। रुचि खंड, शारदा नगर निवासी सुनीता श्रीवास्तव बताती हैं- स्मार्ट मीटर लगने के बाद से बिजली बचाने के बावजूद चार गुना ज्यादा बिल देना पड़ रहा है। शिकायत पर विभाग कहता है कि 'सिस्टम में फॉल्ट नहीं है'। अगर यही स्मार्ट व्यवस्था है तो गरीब उपभोक्ता कहां जाए?

### शासनादेश का उल्लंघन, उपभोक्ता अधिकारों की अनदेखी

बिजली विभाग की इस मनमानी पर अब सवाल शासन की मंशा पर भी उठ रहे हैं। दरअसल, ऊर्जा विभाग द्वारा जारी शासनादेश संख्या 1045/24-ई-विद्युत/2020, दिनांक 12 अगस्त 2020 के अनुसार स्पष्ट उल्लेख है कि- किसी भी उपभोक्ता पर स्मार्ट या प्रीपेड मीटर लगाए जाने की स्थिति में पुरानी दरों से अधिक आर्थिक बोझ नहीं डाला जाएगा तथा मीटर की त्रुटि या बिलिंग में विसंगति पाए जाने पर उपभोक्ता को राहत दी जाएगी। लेकिन हकीकत में यह आदेश सिर्फ फाइलों में सीमित रह गया है।

### बिजली विभाग की दलील, उपभोक्ता की परेशानी

जब इस संबंध में जन एक्सप्रेस ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधिकारियों से बात की, तो जवाब मिला स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को वास्तविक खपत का पता चलता है, पहले के मीटरों में अनुमानित बिल बनते थे। लेकिन उपभोक्ताओं का कहना है कि मीटर की स्पीड इतनी तेज है कि खपत का हिसाब अविश्वसनीय लगने लगा है। कई लोगों ने बिजली बचाने के बावजूद बैलेंस अचानक खत्म होने की शिकायत की है।

### निजी कंपनियों की भूमिका संदिग्ध

सूत्रों के मुताबिक, स्मार्ट मीटर लगाने का ठेका कुछ निजी कंपनियों को दिया गया है, जो प्रति यूनिट पर कमीशन के आधार पर वसूली कर रही हैं। कई वार्डों में ठेकेदारों ने बिना उपभोक्ता की सहमति के पुराने मीटर उखाड़कर प्रीपेड मीटर लगा दिए।

### जनता के गुस्से की चेतावनी

आलमबाग क्षेत्र के स्थानीय निवासी अरविंद तिवारी ने कहा, सरकार कहती है कि स्मार्ट मीटर से पारदर्शिता आएगी, लेकिन ये तो खुली लूट है। अगर यह स्थिति जारी रही तो जनता सड़कों पर उतरने को मजबूर होगी।

### सरकार के लिए चेतावनी भरा संदेश

स्मार्ट सिटी लखनऊ में स्मार्ट मीटर अब एक स्मार्ट घोटाले का रूप ले चुके हैं। सवाल यह है कि जब शासनादेश स्पष्ट रूप से उपभोक्ता पर अतिरिक्त बोझ डालने से रोकता है, तो आखिर विभाग के जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? क्या यह नीति की खामी है या निजी कंपनियों के दबाव में शासन ने मौन साध रखा है?

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एसएलएससी की बैठक संपन्न



- बैठक में राज्य कृषि विकास कार्यक्रम के तहत कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मिली मंजूरी
- स्वीकृत परियोजनाओं से न केवल कृषि उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मिलेगी मजबूती

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मुख्य सचिव एस.पी.गोयल की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय सैन्क्शनिंग कमेटी (एसएलएससी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य कृषि विकास कार्यक्रम (एसएडीपी) के तहत कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि स्वीकृत परियोजनाओं से न केवल कृषि उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। अनुमोदित परियोजनाओं के अंतर्गत समस्त कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराये जायें। बैठक में प्रदेश के जनपद कासगंज, बागपत, शामली एवं भदोही में उप कृषि निदेशक कार्यालय भवन एवं मृदा परीक्षण भवन के निर्माण हेतु 18.24 करोड़ रुपए, पूर्व से निर्मित 326 किसान कल्याण केन्द्रों के सुचारु संचालन हेतु विद्युत व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास हेतु 21.03 करोड़ रुपए तथा कृषि विभाग के 57 राज्य कृषि प्रक्षेत्रों की 1729.42 हेक्टेयर ऊसर भूमि एवं 1274.68 हेक्टेयर अकृषि योग्य भूमि के विकास हेतु 17.40 करोड़ रुपए की परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई। इसी क्रम में जनपद झांसी एवं मिर्जापुर में इक्रीसेट के माध्यम से 13872 हेक्टेयर व 7996 हेक्टेयर भूमि में जल प्रबंधन एवं फसल पद्धतियों के विकास हेतु 39.08 करोड़ रुपए, मऊरानी (झांसी) में स्थित भूमि संरक्षण प्रशिक्षण केन्द्र पर हास्टल के निर्माण हेतु 5.34 करोड़ रुपए, प्रदेश के 09 जैव उर्वरक उत्पादन प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण के लिए 5.17 करोड़ तथा प्रसार प्रशिक्षण एवं ब्यूरो परिसर-लखनऊ में इनहाउस स्टूडियो निर्माण आदि कार्यों हेतु 4.36 करोड़ रुपए की परियोजना को मंजूरी दी गई। इसी तरह राज्य कृषि प्रबंध संस्थान-रहमान खेड़ा (लखनऊ) के माध्यम से कृषि यंत्रीकरण एवं सोलर पम्प मैकेनिक के प्रशिक्षण कार्यक्रमों हेतु 1.91 करोड़ रुपए, पशुपालन विभाग के बक्शी तालाब-लखनऊ स्थित प्रशिक्षण केन्द्र के उच्चीकरण के साथ-साथ निबलेट बाराबंकी प्रक्षेत्र एवं निदेशालय परिसर में फार्म पोल्ट्री के विकास आदि के लिए 12.67 करोड़ रुपए की परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के माध्यम से कसया-कुशीनगर में केला के पौध उत्पादन के लिए टिशू कल्चर लैब एवं सिगना-आगरा परिक्षेत्र पर हास्टल निर्माण, निदेशालय परिसर-लखनऊ में महिला छात्रावास आदि कार्यों हेतु 36.15 करोड़ रुपए की परियोजना को मंजूरी प्रदान की गई।

### 11.62 करोड़ रुपए की परियोजना को स्वीकृति दी गई

इसी प्रकार रेशम विभाग के राजकीय प्रक्षेत्रों पर 04 सामुदायिक रेशम कीटपालन केन्द्र तथा प्रक्षेत्रों की सुरक्षा हेतु तारबाड़ एवं अन्तर्राज्यीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रमों हेतु 17.63 करोड़ रुपये, सहकारिता विभाग की 12 प्राथमिक साधन सहकारी समितियों पर 100 मीट्रिक टन क्षमता के 12 गोदामों के निर्माण हेतु 5.90 करोड़ रुपए तथा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ एवं अयोध्या तथा पीडीडीयू-मथुरा तथा कृषि विज्ञान केद्र गनीवा-चित्रकूट पर प्राकृतिक खेती के उत्थान हेतु आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र आदि के लिए 11.62 करोड़ रुपए की परियोजना को स्वीकृति दी गई। बैठक में प्रमुख सचिव कृषि श्री रवीन्द्र ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए 450 करोड़ का आउट-ले अनुमोदित है तथा 200 करोड़ रुपये की धनराशि बजट प्राविधान में स्वीकृत है। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार, प्रमुख सचिव पशुधन, मुकेश कुमार मेश्राम सहित समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

# आठ साल में प्रदेश में 256 दुर्दांत अपराधी हुए ढेर, एनकाउंटर में मेरठ जोन रहा अव्वल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रदेश पुलिस ने बीते करीब आठ साल में 256 दुर्दांत अपराधियों को एनकाउंटर में ढेर किया है। वहीं मिशन शक्ति के तहत अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला तेज हुआ है। बीते बीस दिनों में अपराधियों के साथ एक दर्जन से अधिक एनकाउंटर की कार्रवाई की गई है। बीते सोमवार को मेरठ में एक बच्ची के साथ दरिंदगी के मामले में 25 हजार के इनामी बदमाश शहजाद उर्फ निक्की को ढेर किया है। बता दें कि बीते साढ़े आठ वर्षों में पुलिस और अपराधियों के बीच कुल 15,726 मुठभेड़ हुईं, जिसमें 256 अपराधियों को ढेर करने के साथ 31,960 को गिरफ्तार किया गया। वहीं 10,324 अपराधी घायल हुए। अपराधियों से मोर्चा लेते हुए 18 पुलिसकर्मी शहीद हो गए जबकि 1,754 पुलिसकर्मी घायल हुए। सबसे अधिक 4453 मुठभेड़ मेरठ जोन में हुईं हैं। इस कार्रवाई में 8,312 अपराधी दबोचे गये जबकि 3,131 अपराधी घायल हुए। वहीं, 85 कुख्यात अपराधियों को मौके पर ही मार गिराया गया। इस दौरान 461 पुलिसकर्मी घायल हुए जबकि अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए दो पुलिसकर्मी शहीद हो गये। इसी तरह, वाराणसी जोन में 1,108 मुठभेड़ हुईं, जिनमें 2,128 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 27 अपराधियों को मुठभेड़ में ढेर किया गया। इस दौरान 688 अपराधी और 99 पुलिसकर्मी घायल हुए। आगरा जोन में 2,374 एनकाउंटर की कार्रवाई की गईं, जिनमें 5,631 अपराधियों को दबोचा गया। इस दौरान 816 अपराधी घायल हुए जबकि 22 अपराधी मार गिराए गए। मुठभेड़ के दौरान 59 पुलिसकर्मी घायल हुए।

### कमिश्नरेट में गाजियाबाद आगे

कमिश्नरेट में हुए एनकाउंटर्स पर नजर डालें तो लखनऊ में 138 मुठभेड़ में 12, गौतमबुद्धनगर में 1,117 मुठभेड़ में 9, वाराणसी में 131 मुठभेड़ में 7, कानपुर में 234 मुठभेड़ में 4, आगरा में 458 मुठभेड़ में 7, गाजियाबाद में 736 मुठभेड़ में 13 और प्रयागराज में 141 मुठभेड़ में 6 अपराधियों को ढेर किया जा चुका है।

# मारपीट में घायल व्यक्ति की अस्पताल में मौत परिजनों ने चौराहा जाम कर किया प्रदर्शन, हंगामा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन महिगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत बराखेमपुर गांव निवासी मुन्ना लाल गौतम की बीते दिनों 31 सितंबर रात को गांव के ही मोहित यादव व पंकज यादव अन्य 10 व 11 लोगों ने मिलकर मुन्ना लाल गौतम की जमकर लाठी डंडों व हथियार हथियार से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। वहीं पीड़ित मुन्नालाल गौतम के परिजनों ने लिखित शिकायत महिगवां थाने पर की थी, लेकिन परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने मामूली धारा 151 की कार्रवाई की गई और मुन्नालाल गौतम को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया, जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं मंगलवार दोपहर को बराखेमपुर गांव के ग्रामीणों व मृतक मुन्नालाल गौतम के परिजनों ने पहाड़पुर चौराहा जाम कर प्रदर्शन व हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा को देखते हुए पुलिस प्रशासन मुस्तैदी से तैनात कर दिया गया, जहां पर बीकेटी इटौंजा सैरपुर महिगवां थाना की पुलिस फोर्स व पीएसी बल पहाड़पुर चौराहे पर तैनात कर दिया गया। वहीं प्रदर्शन व हंगामा के दौरान पहाड़पुर चौराहे से जुड़े गांवों और राहगीरों का आवागमन लगभग सात 7 घंटे तक बाधित रहा, जहां राहगीरों को आने-जाने से प्रदर्शन कर रहे लोग रोकते हुए दिखाई दिए।

# सीएम योगी ने दिवाली और छठ पर दिया प्रदेशवासियों को तोहफा, 18 से 30 अक्तूबर तक चलेंगी अतिरिक्त बसें




जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश सरकार ने दीपावली, भैयादूज और छठ जैसे प्रमुख पर्वों पर प्रदेशवासियों की सुरक्षित एवं सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश में 18 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2025 तक प्रोत्साहन अवधि घोषित करते हुए अधिकारियों को अधिकतम बस संचालन और यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### दिल्ली से पूर्वांचल तक चलेगी अतिरिक्त बस सेवा

परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कहा कि पर्वों पर यात्रियों की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए दिल्ली से पूर्वी उत्तर प्रदेश के यात्रियों के लिए लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, अयोध्या, कानपुर सहित प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी।इसके अलावा गाजियाबाद, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, सहारनपुर, आगरा, अलीगढ़ और इटावा के लिए भी बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि छठ पर्व के दौरान पूर्वांचल के लाखों लोगों का घर वापसी सफर बिना किसी असुविधा के पूरा हो, यह सरकार की प्राथमिकता है।

### सभी बसें रहेंगी ऑनरोड

परिवहन मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस अवधि में सभी निगम बसें शत-प्रतिशत ऑनरोड रहें। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में अनफिट बसों का संचालन नहीं किया जाएगा। बसों की असेम्बली, स्पेयर पार्ट्स और आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए बस स्टेशनों पर साफ-सफाई, पीने के पानी, बैठने की व्यवस्था, डिजिटल समय सारिणी और सहायता केंद्रों की व्यवस्था की जाए।

### कर्मचारियों को मिलेगा विशेष प्रोत्साहन

प्रोत्साहन अवधि में कार्यरत चालकों, परिचालकों और कर्मचारियों के लिए सरकार ने आर्थिक प्रोत्साहन योजना की घोषणा की है। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक श्री प्रभु नारायण सिंह ने बताया कि जो चालक/परिचालक 12 दिन ड्यूटी करते हुए औसतन 300 किमी प्रतिदिन का संचालन करेंगे, उन्हें 400 प्रतिदिन की दर से 4800 रुपए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। यदि कोई कार्मिक 13 दिन लगातार ड्यूटी करता है और तय मानक पूरा करता है, तो उसे 450 प्रतिदिन की दर से 5850 रुपए प्रोत्साहन राशि मिलेगी। ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट होगा अनिवार्य परिवहन मंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि प्रोत्साहन अवधि में प्रवर्तन दल लगातार निरीक्षण करें और सभी चालकों-परिचालकों का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट किया जाए, ताकि सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित हो सके।

# चारबाग रेलवे स्टेशन से छह साल की बच्ची का अपहरण जीआरपी ने सीसीटीवी कैमरे से आरोपियों को पकड़ा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



चारबाग रेलवे स्टेशन से 12 अक्तूबर की शाम बच्चा चोर गिरोह के सदस्यों ने बिहार निवासी छह वर्षीय बच्ची का अपहरण कर लिया। जीआरपी ने एफआईआर दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि बच्ची को सकुशल उसकी मां के हवाले कर दिया। पुलिस अधीक्षक रेलवे रोहित मिश्रा के मुताबिक गिरफ्तार गिरोह के सदस्य महाराजगंज के भिटौली विशुनपुर खुर्द निवासी आमिर, बलरामपुर के दुर्गापुर की शांति देवी और बलरामपुर के महमदपुर में रहने वाली कंचन हैं। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक 12 अक्तूबर को शाम करीब 7-30 बजे बिहार निवासी पीड़िता घरवालों से नाराज होकर बेटी के साथ चारबाग रेलवे स्टेशन की छोटी लाइन पर पहुंची थी। तभी यहां पहले से घूम रहे तीनों आरोपियों की नजर महिला और उसकी बेटी पर पड़ी। महिला को परेशान देख आमिर उसके पास पहुंचा और खुद को भी यात्री दर्शाते हुए बातों में उससे घुलने मिलने लगा। जबकि उसकी दो साथी वहां से कुछ दूरी पर खड़ी थीं। थोड़ी देर बाद आमिर ने महिला को दुकान से कुछ सामान लाने को कहा। महिला जैसे ही सामान लेने गई तीनों महिला की बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए। महिला जब लौटी तो बेटी को न पाकर घबरा गई और रोने लगी। यह देख यात्रियों ने महिला से जीआरपी थाने में शिकायत करने की सलाह दी। महिला ने जीआरपी थाने में इंस्पेक्टर धर्मवीर सिंह को घटना बताई।

### मुंबई और दिल्ली में बच्चियों को बेचते थे आरोपी

इंस्पेक्टर ने कहा कि आरोपियों ने बताया कि वह रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप और भीड़ भाड़ वाली जगहों से बहला फुसला कर अपने साथ ले जाते थे। फिर उन्हें मुंबई और दिल्ली में ले जाकर बेच देते थे। इंस्पेक्टर के मुताबिक गिरोह की तलाश की जा रही है। आरोपियों के आपराधिक इतिहास के बारे में पता लगाया जा रहा है।

### फुटेज में ऑटो से बच्ची को लेकर जाते दिखे आरोपी

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आनन-फानन महिला की एफआईआर दर्ज कर बच्ची की तलाश में सर्विलांस सेल मिलाकर तीन टीमें गठित की गईं। रेलवे स्टेशन और मुख्य मार्ग तक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गईं। इनमें से एक फुटेज में तीनों आरोपी बच्ची के साथ ऑटो में बैठकर आलमबाग की ओर जाते दिखे। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी बच्ची को बाहर न ले जा सकें इसलिए सभी रेलवे स्टेशनों और बस और हवाई अड्डे पर अलर्ट कर दिया गया। मंगलवार तड़के सूचना मिली की आरोपी बच्ची को मुंबई जाने की फिराक में हैं। इस पर तीनों को कैरिज एंड वैगन वर्कशॉप आलमबाग के पास से पकड़ लिया गया।

### शक न हो इसलिए अपने साथ बेटी को रखता था आमिर

इंस्पेक्टर ने बताया कि हर वारदात में आमिर साथ में अपनी बेटी को लेकर चलता था। ताकि किसी को उस पर शक न हो। अगर पकड़ भी लिया जाए तो वह खुद को मुसाफिर बता कर बच जाए। आरोपी को एक और अपहरण के मामले में गोरखपुर जीआरपी ने गिरफ्तार किया था।

# पालतू बिल्ली पालने के लिए अब लेना होगा लाइसेंस, शिकायत होने पर लगेगा जुर्माना, ऑनलाइन कर सकेंगे आवेदन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ नगर निगम में पालतू बिल्लियों के लाइसेंस बनने शुरू भी हो गए हैं। बीते एक सप्ताह में करीब 10 लाइसेंस बनाए गए हैं। अभी यह ऑफलाइन बनाए जा रहे हैं, लेकिन अगले महीने से ऑनलाइन सुविधा भी शुरू हो जाएगी। नगर निगम के पशुकल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया कि शहर पालतू कुत्तों की तरह बिल्ली पालने के लिए लाइसेंस बनवाना अनिवार्य हो चुका है। एक वर्ष अवधि के इस लाइसेंस का शुल्क 500 रुपये है। बिना लाइसेंस बिल्ली पालने पर 1000 रुपये जुर्माना लगेगा। लाइसेंस बिल्ली को एंटी रैबीज के टीका लगने के बाद बनाया जाएगा। ऑनलाइन लाइसेंस बनवाने की सुविधा के लिए कुत्तों के ऑनलाइन लाइसेंस के सिस्टम में बदलाव कराया जा रहा है। अगले महीने ऑनलाइन सुविधा शुरू हो जाएगी। लाइसेंस बनवाने के लिए पशु कल्याण विभाग में सुबह 10 से शाम 5 के बीच या कर्मचारी जयंत सिंह मोबाइल नंबर 9511156792 पर संपर्क किया जा सकता है।

### बिल्लियों से भी होता है रैबीज

पशु कल्याण अधिकारी ने बताया कि बिल्लियों के काटने से भी रैबीज होता है। ऐसे में पालने वालों को सावधानी बरतना जरूरी है। अन्य नगर निगमों में बिल्लियों के लाइसेंस पहले से बनाए जा रहे हैं। लाइसेंस बनाने का मकसद राजस्व जुटाना नहीं बल्कि लोगों को जागरूक करना है कि वह नियमित टीकाकरण जरूर कराएं। पशु कल्याण बोर्ड के निर्देशों के तहत शहरों को 2023 तक ही रैबीज फ्री बनाया जाना था।

# ग्राम पंचायतें केवल प्रशासनिक इकाइयाँ नहीं, ग्रामीण विकास की आत्मा हैं: मुख्यमंत्री

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

- पंचायतों को आर्थिक आत्मनिर्भर बनाने के लिए पारदर्शिता, तकनीक और स्थानीय संसाधनों के उपयोग पर बल
- स्थानीय कर एवं यूज़र चार्ज संग्रह की प्रक्रिया ऑनलाइन, पंचायतों की स्वनिधि बढ़ाने के लिए सुधारात्मक कदम जारी
- जिला पंचायतों में भवन मानचित्र स्वीकृति हेतु सिविल इंजीनियर या आर्किटेक्ट की तैनाती के निर्देश



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राम पंचायतों को आर्थिक आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्यों से नवाचारों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया है। मंगलवार को पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायतें केवल प्रशासनिक इकाइयाँ नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास की आत्मा हैं। इन इकाइयों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पारदर्शिता, तकनीक और स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। बैठक में प्रस्तुत विवरण के अनुसार, पंचायतों की स्वनिधि बढ़ाने के लिए विभिन्न सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। स्थानीय कर एवं यूज़र चार्ज संग्रह की प्रक्रिया को ऑनलाइन किया गया है। पंचायतों की आय वृद्धि के लिए विभिन्न नवाचारों पर कार्य जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारदर्शिता और तकनीकी उपयोग के माध्यम से ग्राम पंचायतों की राजस्व प्राप्ति और जनसेवा की गुणवत्ता दोनों में सुधार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि विकास प्राधिकरणों के अतिरिक्त जिला पंचायतों के अधीन क्षेत्रों में भवन मानचित्र स्वीकृति के लिए जिला पंचायतों के पास दक्ष मानव संसाधन की उपलब्धता होनी चाहिए। इस हेतु प्रत्येक जिला पंचायत में सिविल इंजीनियर अथवा आर्किटेक्ट की तैनाती की व्यवस्था की जाए, जिससे स्थानीय निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने के लिए ग्राम सचिवालयों में आधार केंद्र खोलने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड निर्माण, संशोधन, बायोमेट्रिक अपग्रेडेशन आदि कार्यों के लिए यह सुविधा उपलब्ध कराई जाए, जिससे नागरिकों को सुविधा मिले और मिलने वाले शुल्क से ग्राम पंचायत की आय में भी वृद्धि हो। बैठक में यह भी बताया गया कि पंचायती राज विभाग द्वारा तालाबों/पोखरों की सूचीकरण और उपयोग नीति पर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि ग्राम पंचायत तथा जिला पंचायत के अधीन तालाबों/पोखरों का समयबद्ध पट्टा किया जाए और इनसे प्राप्त राशि को हर घर नल, जल संरक्षण तथा ग्राम्य हित के कार्यों में ही उपयोग किया जाए। उन्होंने इस हेतु एक स्पष्ट नियमावली तैयार करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायतों के पास जितनी अधिक स्व-वित्तीय क्षमता होगी, उतनी ही तेजी से ग्रामीण विकास के कार्य आगे बढ़ेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पंचायत प्रतिनिधियों को वित्तीय प्रबंधन, डिजिटल सेवा वितरण और जनसुविधा संचालन के विषय में प्रशिक्षण दिया जाए। मुख्यमंत्री ने अंत में कहा कि ÷ग्राम पंचायतों की समृद्धि ही आत्मनिर्भर भारत की नींव है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि हर ग्राम पंचायत सेवा, स्वच्छता और स्वावलंबन की प्रतीक बने।

# जिला वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर बैठक संपन्न, पौधों की सुरक्षा और नदियों के संरक्षण पर जोर

जन एक्सप्रेस । अमेठी




मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण,गंगा समिति एवं पर्यावरण संरक्षण समिति की बैठक संपन्न हुई।इस बैठक में वृक्षारोपण अभियान के दौरान लगाए गए पौधों की सिंचाई और सुरक्षा व्यवस्था के बारे में चर्चा की गई।प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि वन विभाग द्वारा लगाए गए पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाए जा रहे हैं।और समय-समय पर पौधों की सिंचाई भी कराई जा रही है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जो पौधे सूख गए हैं,या नष्ट हो गए हैं, उनके स्थान पर नए पौधे लगाए जाएं और उनकी सुरक्षा को लेकर भी समुचित उपाय किए जाएं।
बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि नदियों के किनारे और घाटों पर नियमित सफाई हो और नदियों में कचरा आदि न डाला जाए।उन्होंने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में कचरा प्रबंधन प्रणाली को सुव्यवस्थित करने का निर्देश दिया।उन्होंने अधिक से अधिक पौधों को लगाने,उनका संरक्षण करने और पौधों को काटने पर रोक लगाने का निर्देश दिया।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी,प्रभागीय वनाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ दिलाया विभिन्न योजनाओं का लाभ

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने प्रेमा पत्नी स्व0 शिव बहादुर सिंह निवासी ग्राम अजीतपुर, विकासखंड खीरों जनपद रायबरेली को उनके पति का मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि प्रेमा के पति स्व0 शिव बहादुर सिंह नेपाल में ईंट भट्ठे पर कार्य करते थे, जिनकी मृत्यु वर्ष 2021 में नेपाल में हो गयी थी, लेकिन अन्तिम संस्कार जनपद रायबरेली में हुआ था। प्रेमा विगत 04 वर्ष से अपने पति का मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने के लिए प्रयासरत थी, लेकिन मृत्यु प्रमाणपत्र नही बन पा रहा था। 13 अक्टूबर 2025 को जिलाधिकारी जनसुनवाई कर रही थी, प्रेमा ने जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपनी व्यथा सुनाई, जिसका संज्ञान लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। बाल सेवा योजना के अन्तर्गत मृतक के पुत्र व पुत्री को पृथक-पृथक 2500-2500 रुपये प्रतिमाह की स्वीकृति, निराश्रित पेंशन योजनान्तर्गत रूपये 1000 प्रतिमाह की स्वीकृति का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# महिला उत्पीड़न के मामलों में डॉ. प्रियंका मौर्या ने की सुनवाई

जन एक्सप्रेस । अमेठी




उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ.प्रियंका मौर्या ने मंगलवार को तहसील गौरीगंज सभागार में आयोजित जनसुनवाई में महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की सुनवाई की।इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि महिला उत्पीड़न के मामलों में संवेदनशीलता जरूरी है। और महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने के लिए आयोग पूरी तरह समर्पित है।तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए।डॉ.मौर्या ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी।एवं उन्हें जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। और कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाए।शिकायतों पर सतत निगरानी रखी जाए।एवं महिलाओं की सुरक्षा व अधिकारों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।
इस दौरान डॉ.मौर्या ने 12 महिलाओं की शिकायतें सुनीं।और उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।तथा तीन गंभीर मामलों में पुलिस विभाग को एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया।

# मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत डिजिटल साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम



जन एक्सप्रेस । अमेठी

मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा डिजिटल साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं और विद्यार्थियों को डिजिटल युग से जोड़ना और उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है।शिक्षकों ने बच्चों को डिजिटल साक्षरता के महत्व से अवगत कराया और बताया कि आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में डिजिटल उपकरणों का उपयोग आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन सुरक्षा,डिजिटल भुगतान की सावधानियाँ, सोशल मीडिया का जिम्मेदार उपयोग और ई-लर्निंग के लाभ के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने डिजिटल उपकरणों के उपयोग से जुड़े अपने अनुभव साझा किए और शिक्षा में तकनीक के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और शिक्षकों ने कहा कि डिजिटल युग में आगे बढ़ने के लिए बच्चों का तकनीकी रूप से सशक्त होना आवश्यक है।एवं इस प्रकार के कार्यक्रम उनमें आत्मविश्वास और नवाचार की भावना विकसित करते हैं।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत डिजिटलसाक्षरता अभियान छात्र-छात्राओं के द्वारा तकनीकी सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावी कदम है।उन्होंने शिक्षकों से कहा कि वे विद्यालयों में डिजिटल साधनों का अधिकतम उपयोग कर बच्चों को नई शिक्षा पद्धति से जोड़ें।

## दलित विरोधी है मोदी सरकार: ओपी यादव

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजवादी नेता ओपी यादव ने कहा कि देश में जब से भाजपा की सरकार बनी है और नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, तब से देश के दलितों पर अत्याचार का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। वर्तमान समय में तो दलित अत्याचार अपनी पराकाष्ठा पर पहुंच गया है। देश के मा. सर्वोच्च न्यायालय के सीजेआई बी.आर. गवई पर भाजपा समर्थित एक सिरफिरा तथा कथित वकील जूता फेंकने की कोशिश करता है, लेकिन गृह मंत्रालय मौन है। आरोपी के विरूद्ध कोई कार्यवाही करने के बजाय उसे गृह मंत्रालय का पूरा संरक्षण दिया जा रहा है। भाजपा का राष्ट्रीय प्रवक्ता आरोपी को थाने से लेकर बाहर आता है। देश का गोदी मीडिया आरोपी को महिमा मंडित करने में लगा है। देश की सभी संवैधानिक संस्थाओं का सरकार दुरूप्रयोग कर रही है। हद तो तब हो गयी जब अमित शाह का केस छोड़ने वाले को सेवानिवृत्त होने के बाद राज्यपाल बनाया गया।

# जिला अस्पताल के हड्डी विभाग में सही होंगे बच्चों के पैर के टेढ़े पंजे

■ आरबीएसके तथा अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से निःशुल्क इलाज की व्यवस्था

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर



जनपद में टेढ़े पंजे (क्लबफुट) से पीड़ित बच्चों का हर मंगलवार जिला अस्पताल में इलाज होता है। यह सुविधा अनुष्का फाउंडेशन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के सहयोग से मिलती है। इस इलाज में डॉ. पुरेंद्र कुमार (ऑर्थो सर्जन) विशेष भूमिका निभाते हैं।
क्लबफुट से बच्चों को मुक्त कराने के लिए इसके इलाज की प्रक्रिया समझ लेना जरूरी है। डॉक्टर पुरेंद्र कुमार (आर्थो सर्जन) ने बताया इसका इलाज तीन चरणों में होता है।
पहला चरण कास्टिंग (प्लास्टर) का होता है, जिसमें पांच से छह प्लास्टर लगाकर पैर सीधा किया जाता है। हर सप्ताह नया प्लास्टर चढ़ाया जाता है।
दूसरे चरण में टेनोटॉमी होती है, जिसमें एड़ी के पीछे छोटा सा चीरा लगाकर पैर को लचीला बनाया जाता है। तीसरे चरण में ब्रसेज़ की प्रक्रिया होती है। इस चरण में टेनोटॉमी के बाद बच्चों को विशेष जूते पहनाए जाते हैं।
अनुष्का फाउंडेशन की जिला समन्वयक अंजली ने बताया कि बच्चे को यह जूते शुरुआती तीन महीने तक 23 घंटे प्रतिदिन पहनाए जाते हैं। केवल सोते समय एक से दो घंटे निकाले जाते हैं। यह पूरी प्रक्रिया लगभग पांच साल तक चलती रहती है और पूरी तरह से निःशुल्क होती है।
राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के. नोडल अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि क्लबफुट की निःशुल्क इलाज किया जा रहा है अतः इसकी प्राइवेट में इलाज बहुत ही महंगा हो रहा हैं जिससे अभिभावकों को कठिनाईयों की सामना करना पड़ रहा है, डीईआईसी मैनेजर महमूद अहमद ने बताया कि जनपद में इस सत्र में विभिन्न ब्लॉकों से आए 27 बच्चों का सफल उपचार किया गया। जिले में कुल अभी तक 132बच्चों का इलाज सफलतापूर्वक किया जा चुका है। इस सत्र में जिलेभर से बड़ी संख्या में बच्चे इलाज के लिए आए और निःशुल्क सुविधा का लाभ उठाया।
अनुष्का फाउंडेशन की जिला समन्वयक अंजली रावत ने बताया कि क्लबफुट का समय पर इलाज संभव है। इलाज के बाद बच्चा पूरी तरह से सामान्य जीवन जी सकता है। उन्होंने अभिभावकों से हर मंगलवार को जिला अस्पताल (कमरा नं. 25, हड्डी विभाग) में आकर इस निःशुल्क सेवा का लाभ उठाने की अपील की है।

# एमएलके कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा निबंध प्रतियोगिता आयोजित

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कालेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मंगलवार को दान उत्सव के अंतर्गत स्वच्छता का मानव जीवन मे महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित किया गया ।
जानकारी के अनुसार 14 अक्टूबर को प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रमेश कुमार शुक्ल के संचालन मे दान उत्सव 2025 के अंतर्गत स्वच्छता का मानव जीवन मे महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता मे स्नातक के विभिन्न विषयो के स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय थे । विशिष्ट अतिथि राजनीति विभाग के एसिसटेंट प्रोफेसर डॉ आशीष कुमार लाल थे । राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रमेश शुक्ल ने प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय तथा अन्य अतिथियो का स्वागत परंपरागत ढंग से अंग्रेजी विभाग के सभागार मे किया । तत्पश्चात कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रमेश शुक्ल ने दान उत्सव के महत्व के विषय मे संक्षेप मे छात्र छात्राओं तथा स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं को जानकारी दी । अपने सम्बोधन डॉ शुक्ल ने छात्र छात्राओं से कहा कि निबंध लेखन की कला के विकास से प्रतियोगी परीक्षाओं मे छात्र छात्राओं के सफल होने की सम्भावनाओं मे वृद्धि होती है । डॉ शुक्ल ने अंग्रेजी के प्रसिद्ध निबंधकार फ्रांसिस बेकन के व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर संक्षेप मे प्रकाश डाला । प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रमेश शुक्ल को दान उत्सव के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर बधाई दी । डॉ आशीष लाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आत्मकथा सत्य के साथ प्रयोग के विषय मे संक्षेप मे छात्र छात्राओं को जानकारी दी तथा महात्मा गांधी के स्वच्छता संबंधी विचार के विषय मे संक्षेप मे बतलाया । प्रतियोगिता के संचालन मे डॉ अभय नाथ ठाकुर, डॉ विनीत कुमार, सिद्धार्थ महंता, शिवम सिंह व आर्या तिवारी उपस्थित थे।

## दो दिवसीय मैथ ओलंपियाड एवं गणित प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**रायबरेली।** कार्यक्रम का शुभारंभ डायट प्राचार्य दीपिका चतुर्वेदी के द्वारा किया गया जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालय स्तर के 156 बच्चों ने गणित ओलंपियाड में हिस्सा लिया कंपोजिट विद्यालय सराय हरदो, ऊंचाहार के अभिनय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया उच्च प्राथमिक विद्यालय खोजन पुर, ऊंचाहार की आंचल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और उच्च प्राथमिक विद्यालय भटनी हार , डलमऊ के देवर्स शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया प्रतियोगिता के दूसरे दिन गणित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें माध्यमिक के 33एवम बेसिक विद्यालयों के26 शिक्षकों ने शिक्षण अधिगम सामग्री के साथ प्रतिभाग किया, गणित प्रदर्शनी में प्रथम स्थान रीता झा कंपोजिट विद्यालय शिवगढ़, द्वितीय स्थान प्रेरणा सिंह राजकीय बालिका इंटर कॉलेज डीह और तृतीय स्थान मे शैलेंद्र कुमार द्विवेदी कंपोजिट विद्यालय पूरे जालिम डीह ने प्राप्त किया।

# वीर हनुमान की कृपा से ऐतिहासिक शहीद स्मारक स्थल बना भक्ति और आस्था का केंद्र

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

मातृभूमि सेवा मिशन इकाई के संयोजन में मंगलवार को ऐतिहासिक शहीद स्मारक स्थल पर पीपल वृक्ष के नीचे वीर हनुमान की मनोहारी और दिव्य मूर्ति की सामूहिक पूजा-अर्चना, हनुमान चालीसा पाठ और आरती का आयोजन सम्पन्न हुआ।शहीद स्मारक स्थल पर बड़ी संख्या में योग साधक, श्रद्धालुजन, महिलाएं, पुरुष, युवा, वृद्ध और बच्चे शामिल हुए। भक्तों ने हनुमान जी का भव्य श्रृंगार किया। किसी ने सिंदूर अर्पित किया, किसी ने तिल का तेल, पुष्प और सुगंधित द्रव्य से मूर्ति का श्रृंगार किया।भक्तों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। आरती के समय पूरा परिसर ÷जय श्रीराम÷ और ÷जय बजरंगबली÷ के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी का पावन ध्वज फहराया। मातृभूमि सेवा मिशन इकाई के संयोजक प्रदीप पांडेय ने सभी उपस्थित भक्तों में लड्डू का प्रसाद वितरित किया।बताते चलें कि यह स्थल ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। 7 जनवरी 1921 को अंग्रेजों द्वारा निहत्थे किसानों पर गोलीबारी की गई थी, जिसमें 700 से अधिक किसान शहीद हुए थे। इस पावन स्थल पर हनुमान जी की मूर्ति ने शहीदों की याद में श्रद्धा और भक्ति का नया तीर्थ स्थापित किया है।
हजारे भक्तों ने संकल्प लिया कि इस प्रतिमा की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा हेतु पूर्ण वैदिक अनुष्ठान आयोजित किया जाए। यहां केवल मूर्ति के प्रकट होने का चमत्कार नहीं, बल्कि श्रद्धा, भक्ति और रामसेवा का जीवंत उदाहरण है, जो साधारण सुबह को असाधारण आध्यात्मिक अनुभव में परिवर्तित हो गया। यह स्थल श्रद्धालुओं के लिए आत्मिक शक्ति का नया तीर्थ स्थल बन गया है। पर्यटन विभाग की ओर से यहां सौंदर्यीकरण कराया गया है। इस
अवसर पर इकाई के संयोजक प्रदीप पांडेय ने कहा कि यह स्थल केवल स्मारक नहीं, बल्कि हनुमान जी की वीरता और कृपा का प्रतीक है। यहाँ से गुजरने वाला हर भक्त राम-राम कहते हुए जय हनुमान कहते हुए
जय जवान जय किसान, भारत माता की जय का उदघोष करते हुए अपने हृदय में साहस, शक्ति और आत्मिक शांति का अनुभव करता है। हनुमान जी की कृपा से आध्यात्मिक हर कदम बनता है। पीपल वृक्ष के नीचे हनुमान जी की सामूहिक पूजा-अर्चना, हनुमान चालीसा पाठ और आरती से उपस्थित भक्तों के हृदय में आध्यात्मिक आनंद और भक्ति की अनुभूति हुई।

# मिशन शक्ति के तहत नारी सशक्तिकरण हेतु छात्राओं को किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर




जनपद में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देशन में मिशन शक्ति फेस 5.0 अभियान के अंतर्गत आज जनपद के विभिन्न डिग्री कॉलेजों एवं इंटर कॉलेजों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह कार्यक्रम राजकीय इंटर कॉलेज अकबरपुर, कृषक महाविद्यालय रुद्रपुर बरियावन तथा सरदार पटेल स्मारक महाविद्यालय लारपुर सहित कई शिक्षण संस्थानों में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वालंबन के प्रति जागरूक किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों – 1090 (वूमेन पावर लाइन), 102 (गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एंबुलेंस सेवा), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 108 (एंबुलेंस सेवा), 112 (आपातकालीन पुलिस सेवा), 101 (अग्निशमन सेवा) एवं 1930 (साइबर हेल्पलाइन) – के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।
इस अवसर पर छात्राओं को साइबर क्राइम और ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के उपायों की जानकारी देते हुए यह बताया गया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित हेल्पलाइन नंबर पर दें, जिससे त्वरित कार्रवाई की जा सके। साथ ही गुड टच और बैड टच के विषय में छात्राओं को संवेदनशील बनाते हुए पारिवारिक या सामाजिक परिवेश में होने वाले संभावित दुर्व्यवहार से बचाव के उपाय भी बताए गए।
इस अवसर पर टीम की सदस्य डॉ. तारा वर्मा, नीलम मिश्रा, एस.आई. रीना यादव, नीलम यादव, प्रधानाचार्य अनुपम उपाध्याय, मीरा वर्मा, शकुंतला देवी एवं रेनू पांडे द्वारा विभिन्न विद्यालयों में जाकर मिशन शक्ति फेस 5.0 की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना एवं विधवा पेंशन योजना जैसी योजनाओं की भी विस्तृत जानकारी छात्राओं को दी गई ताकि वे स्वयं एवं अपने परिवार में इन योजनाओं के प्रति जागरूकता फैला सकें।

# आरएसएस के पथ संचलन में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक हुए शामिल

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर सोमवार को विशाल पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित किया गया।
जानकारी के अनुसार 13 अक्टूबर को एमएलके पीजी कॉलेज के हॉकी मैदान में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक गणवेश में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रावस्ती भिक्षु संघ के अध्यक्ष देवेंद्र महाथेरो ने की । मुख्य अतिथि एवं वक्ता पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र प्रचारक अनिल रहे। कार्यक्रम के दौरान विभाग संघचालक सौम्य अग्रवाल, जिला संघ चालक अभिमन्यु, विभाग प्रचारक प्रवीण, जिला प्रचारक जितेंद्र कुमार, नगर संघ चालक देव प्रकाश रहे। अतिथियों ने भारत माता, डॉ हेडगेवार, माधव राव गोलवलकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर संघ प्रार्थना व अमृत वाचन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बौद्ध भिक्षु ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने राष्ट्र भावना सेवा के सम्पूर्ण शताब्दी 100 वर्ष पूरा किया है । वह कई पीढ़ियों का त्याग और तपस्या है, और आने वाले समय की और कठिनाइयों को पार करे। लोक कल्याण के देश की सेवा कर निरंतर आगे बढ़ते रहे। पथ संचलन से पूर्व पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र प्रचारक अनिल जी ने स्वयं सेवकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विजया दशमी पर बड़े हर्षोल्लास के साथ शताब्दी वर्ष मनाया गया, जो स्वयंसेवकों के लिए एक उत्सव के समान है। शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में पूरे एक वर्ष तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होगे। संघ पंच परिवर्तन को लेकर कार्य कर रहा है। उन्होंने संघ के संघर्षो को याद करते हुए कहा कि ÷संघ ने तमाम आपदाएं झेली हैं । संघ आपत्तियों, विपत्तियों व संकटों का सामना करते हुए विशाल वट वृक्ष के रूप में खड़े होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहा है।÷ उन्होंने कहा कि संघ भगवा ध्वज को अपना गुरु बनाया है, उसी के नीचे कार्य कर रहा है। संपूर्ण देश एकता के सूत्र में कैसे बंध सकता है उसी उद्देश्य से संघ की स्थापना की गई। शंकराचार्य ने देश के 4 मठ की स्थापना की । स्वामी विवेकानंद नंद के उद्देश्य को आज संघ आगे बढ़ा रहा है। संघ ने पंचतंत्र सूत्र परिवार संवर्धन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, स्वबोध और नागरिक कर्तव्य पर आधारित जागृति अभियान पूरे देश में प्रारंभ किया है । उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि संघ को समझने के लिए सभी को शाखा में आना चाहिए और इसके बाद राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों ने लोगों को राष्ट्र के प्रति निष्ठा, समर्पण और अनुशासन का बोध कराया। जब स्वयंसेवकों का पथ संचलन हॉकी मैदान से गुजरा, तो जगह-जगह स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा कर उनका जोरदार स्वागत किया। पथ संचलन हॉकी मैदान से काली थान, मेजर चौराहा, अंबेडकर तिराहा, वीर विनय से होते हुए मेन चौक फिर मेजर चौराहा, सिटी पैलेस होते हुए हॉकी मैदान पर समापन हुआ। इस मौके पर विभाग प्रचार प्रमुख मनीष कुमार, जिला कार्यवाह किरीट मणि, जिला प्रचार प्रमुख मोहनीश, भानु प्रकाश, नगर प्रचारक रणवीर, नगर कार्यवाह डॉ कृष्ण कुमार, व्यवस्था प्रमुख राहुल, सदर विधायक पलटू राम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, नगर पालिका परिषद डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, संस्कार भारती जिला अध्यक्ष देव कुमार, प्रमोद चौधरी, अशोक कुमार व बीडी जैसवाल सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक शमिल हुए।

# यूपी में तेजी से विकास, बिना भेदभाव सबको मिल रहा योजनाओं का लाभ: असीम अरुण

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



ककवन ब्लॉक उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण मंगलवार को ककवन विकासखंड के जोगिन डेरा गांव पहुंचे, जहाँ उन्होंने घुमंतू और नाथ संप्रदाय के लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का भरोसा दिया।मंत्री असीम अरुण का स्वागत ग्राम प्रधान ककवन राजू स्वर्णकार ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य अखिलेश अवस्थी, एडवोकेट प्रभाकर अवस्थी, एडीओ पंचायत बाबू सिंह यादव, जयप्रकाश कटियार सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।असीम अरुण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के समाज के हर वर्ग तक विकास और योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। उन्होंने कहा, सरकार की मंशा साफ है – हर पात्र को उसका अधिकार और योजनाओं का लाभ समय पर मिले।

मंत्री ने तहसीलदार को दिए निर्देश – पात्र परिवारों को मिले प्राथमिकता से लाभ, संवाद के दौरान ग्रामीणों ने आवास, आधार कार्ड, बैंक खाता और भूमि आवंटन जैसी समस्याओं को रखा। मंत्री ने मौके पर मौजूद तहसीलदार को निर्देश दिए कि सभी पात्र परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक को केवल कागज़ों में नहीं, बल्कि वास्तविक रूप से लाभार्थी सूची में शामिल किया जाएगा।

घुमंतू समाज के लिए बनेगा 'मिलन केंद्र', मंत्री असीम अरुण ने जोगी समाज के लोगों की सुविधा के लिए गांव में 80 लाख रुपये की लागत से 'मिलन केंद्र' निर्माण की घोषणा की। यह केंद्र सामुदायिक विवाह, सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए उपयोगी होगा।

आधार और बैंक खाता कैंप के निर्देश, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव में विशेष शिविर आयोजित कर सभी घुमंतू परिवारों के आधार कार्ड और बैंक खाते खुलवाए जाएं, ताकि कोई भी परिवार सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे। 'मुक्ति जाति आभार दिवस' पर विकास का संकल्प, मंत्री ने कहा कि 'मुक्ति जाति आभार दिवस' के अवसर पर सरकार ने यह संकल्प लिया है कि घुमंतू व जनजातीय समुदायों तक विकास की हर योजना पहुँचे। उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही गांव में आवास, शौचालय, सड़क और पेयजल योजनाएं लागू कराई जाएंगी। प्रदेश में विकास की रफ्तार लगातार बढ़ रही है। हर नागरिक तक सरकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव पहुंचाना ही हमारा संकल्प है।

## पोषण पाठशाला में दी जायेगी जानकारी

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि निदेशालय, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र दिनॉक-10 अक्टूबर 2025 के द्वारा बच्चों में बढ़ता मोटापा एक गम्भीर चुनौती विषय पर पोषण पाठशाला का आयोजन का दिनांक-14.10.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह-1.30 बजे के मध्य एन0आई0सी0 के माध्यम से वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग एवं वेबकास्ट के माध्यम से लाइव प्रसारण किया जायेगा। इस पोषण पाठशाला में विभागीय अधिकारियों के अतिरिक्त विषय विशेषज्ञों द्वारा बच्चों में बढ़ते मोटापे के प्रमुख कारणों, उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों तथा इससे बचाव के लिए अपनाये जाने वाले प्रभावी उपायों पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की जायेगी। विडियों कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से लाभार्थियों व अन्य द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर दिया जायेगा। इस कार्यकम का लाइव वेब-कास्ट वेब पर किया जायेगा।

# शिवराजपुर में अवैध क्लीनिकों पर प्रशासनिक शिकंजा एसीएमओ डॉ. यू.बी. सिंह ने कई अस्पतालों पर मारा छापा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



शिवराजपुर। अवैध और बिना लाइसेंस संचालित हो रहे क्लीनिकों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एसीएमओ डॉ. यू.बी. सिंह ने मंगलवार को शिवराजपुर क्षेत्र में कई निजी क्लीनिकों और अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया। उनके साथ सीएचसी प्रभारी डॉ. दिलीप सिंह भी मौजूद रहे। यह अभियान विशेष रूप से उन संस्थानों पर केंद्रित था जो बिना अनुमति या निर्धारित स्वास्थ्य मानकों का पालन किए बिना मरीजों का इलाज कर रहे थे। जांच के दौरान अमित बंगाली, राघव बंगाली, पाल एक्स-रे और काकूपुर रोड स्थित खेरेश्वर मंदिर के पास कन्नौजिया क्लीनिक सहित कई अवैध क्लीनिकों का संचालन पकड़ा गया।स्वास्थ्य टीम ने मौके पर ही कारण बताओ नोटिस जारी किए और तुरंत अवैध संचालन बंद करने के निर्देश दिए। एसीएमओ डॉ. यू.बी. सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। बिना लाइसेंस चल रहे सभी क्लीनिकों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। वहीं, सीएचसी प्रभारी डॉ. दिलीप सिंह ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में जारी यह अभियान अब नियमित रूप से चलेगा, ताकि मरीजों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

# कानपुर में बिक रही हार्ट की नकली दवा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



कानपुर में हृदय रोगियों के लिए गंभीर खतरे की स्थिति उत्पन्न हो गई बाजार में नकली दवाई खुलेआम बेची जा रही है ऐसे में हृदय रोग से पीड़ित मरीजों को दवा खरीदते समय विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है किसी भी दवा का सेवन करने से पहले उसे डॉक्टर को दिखाकर सलाह अवश्य लें।

कल्याणपुर निवासी अभिषेक मिश्रा जो की माबिज फार्मास्यूटिकल ओपीसी प्राइवेट लिमिटेड में मैनेजर हैं उन्होंने बताया कि कंपनी के रजिस्टर्ड दवा निया हार्ड 6?4 नकल कर नियो हार्ट नाम से नकली दवा बेची जा रही है यह दावा आशीष मेडिकल स्टोर द्वारा बेची जा रही है जो कार्डियोलॉजी हॉस्पिटल के बाहर स्थित है। अभिषेक ने बताया कि खास बात यह है कि इस नकली दवा पर भी उनकी असली कंपनी मेबिज लोगो छपा हुआ है जिससे मरीजों को भ्रमित किया जा रहा है। आशीष मेडिकल स्टोर के संचालक अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है जो वर्षों से इस अवैध कार्य में लिप्त है शिकायत करने वालों को वह डरा कर चुप कर देता है। कार्डियोलॉजी हॉस्पिटल में प्रतिदिन हजारों मरीज इलाज के लिए जाते हैं जिसमें कानपुर के अलावा आसपास के जिलों के लोग भी शामिल है क्योंकि अस्पताल में जन औषधि केंद्र उपलब्ध नहीं है इसलिए मरीज को निजी मेडिकल स्टोर पर निर्भर रहना पड़ता है ऐसे में इस तरह पर धोखाधड़ी मरीजों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। इससे पहले भी आशीष मेडिकल स्टोर के खिलाफ पूर्व में कई शिकायतें दर्ज हुई है और छापेमारी भी की गई है लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। शिकायतकर्ता ने पुलिस आयुक्त से मांग की है कि इस मामले की गंभीरता को समझते हुए आशीष मेडिकल स्टोर और उसके मालिक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई मरीज इस प्रकार की धोखाधड़ी का शिकार ना करें।

# भारतीय स्टेट बैंक कर्रही शाखा के शाखा प्रबंधक की मेहनत से

### कांस्टेबल एवं डिफेंस कर्मी के परिवार को मिली दुर्घटना बीमा की चेक




**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

भारतीय स्टेट बैंक कर्रही शाखा के शाखा प्रबंधक की देवेंद्र कुमार और क्षेत्रीय प्रबंधक प्रशांत श्रीवास्तव की कड़ी मेहनत के बदौलत सीढ़ी से गिरकर मृत हुए कांस्टेबल स्वर्गीय सुनील कुमार तिवारी पुलिस सैलरी पैकेज एवं रेलवे दुर्घटना में अपनी जान कमाने वाले नायब सूबेदार स्वर्गीय सतीश कुमार सिंह के परिवार को डिफेंस सैलरी पैकेज के अंतर्गत उनके परिजनों को बीमा की धनराशि की चेक बीते दिन मंगलवार को शाखा कार्यालय में प्रदान की है। जिसमें स्वर्गीय कांस्टेबल सुनील कुमार तिवारी की पत्नी सुनीता तिवारी को 75 लाख रुपए की चेक वही सतीश कुमार सिंह की नामिनी पत्नी नीतू सिंह को 50 लाख रुपए की चेक प्रधान की है। इस मौके पर कांस्टेबल की पत्नी एवं नायब सूबेदार की पत्नी में खुशी जाहिर करते हुए धन्यवाद दिया है।

उन्होंने कहा कि शाखा प्रबंधक एवं क्षेत्रीय शाखा प्रबंधक की कड़ी मेहनत की वजह से हम लोगों को आज धनराशि मिल सकी है।

# सांसद अशोक रावत की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

ककवन सांसद अशोक रावत की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई दिशा समिति की बैठक में जनपद के विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। सांसद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दीपावली से पूर्व सभी स्ट्रीट लाइटें पूरी तरह दुरुस्त की जाएं, ताकि नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर रोशनी व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।बैठक में जनहित के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त न करने की चेतावनी दी गई।

आगामी छठ पर्व को देखते हुए सांसद रावत ने तालाबों, नहरों और घाटों की सफाई अभियान को युद्धस्तर पर चलाने के निर्देश दिए।बैठक में सड़क, पुलिया, पेयजल, सिंचाई, स्वास्थ्य, आवास और विद्युत आपूर्ति जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। सांसद ने कहा कि- सभी विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सर्वोपरि रखी जाए, और जनप्रतिनिधियों के सुझावों को कार्ययोजना में प्राथमिकता दी जाए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय निकायों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## रसोइये की संदिग्ध हालात में मौत

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** स्थानीय शहर कोतवाली थाना क्षेत्र रसोइये की संदिग्ध परिस्थितयों के चलते मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को देदी गई है। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करनी शुरू कर दी है। शहर स्थित द्वितीय वाहिनी पीएसी में तैनात रसोइये संदीप कुमार (42) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। नाक से खून बह रहा था जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।शहर कोतवाल अनूप शुक्ला ने बताया कि संदीप पीएसी में रसोइया (फॉलोअर) थे। कुछ दिनों से वह काफी बीमार थे। सुबह उनकी पत्नी मरणासन्न हालत में उनको लेकर जिला अस्पताल पहुंची थीं। शरीर पर ऐसे चोट के कोई निशान नहीं थे जो दिखाई दे रहे हों। परिजनों ने फिलहाल किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। हालांकि सूत्रों के अनुसार सिर में गुम चोट लगने के कारण उनकी मौत होने की बात सामने आ रही है। हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

# नेत्र परीक्षक डॉ. उपदेश सिंह यादव ने सांसद डिंपल यादव से की मुलाकात

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को नेत्र परीक्षक डॉ. उपदेश सिंह यादव ने सैफई पहुंचकर सांसद डिंपल यादव से भेंट की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और जनहित में चल रहे अपने स्वास्थ्य अभियानों की जानकारी दी।डॉ. उपदेश सिंह यादव लंबे समय से गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के लिए निशुल्क नेत्र शिविरों का आयोजन कर रहे हैं। इन शिविरों में मोतियाबिंद, नासूर, नाखुना और सबलबाई जैसी नेत्र बीमारियों के मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन और उपचार किया जाता है। उन्होंने सांसद डिंपल यादव को बताया कि उनका लक्ष्य अंधकार से प्रकाश की ओर जनसेवा का मार्ग प्रशस्त करना है ताकि कोई भी व्यक्ति आंखों की बीमारी के कारण जीवनभर अंधता से न जूझे। सांसद डिंपल यादव ने डॉ. यादव के सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि समाज में ऐसे जनसेवक ही वास्तविक परिवर्तन के वाहक हैं। उन्होंने इस नेक कार्य को और व्यापक रूप देने के लिए पूर्ण सहयोग एवं हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# कानपुर में मजदूर को ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाई

### शिवराजपुर में युवक गंभीर रूप से झुलसा, पुलिस जांच में जुटी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**





शिवराजपुर। शिवराजपुर क्षेत्र के सदिकामऊ गांव में सोमवार रात दिल दहला देने वाली वारदात ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया। अज्ञात हमलावरों ने फैक्ट्री में काम करने वाले एक युवक पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।सदिकामऊ निवासी मलखान सिंह ने बताया कि उनका छोटा भाई रोहित सिंह कानपुर की एक होजरी फैक्ट्री में काम करता है। रविवार रात ड्यूटी खत्म कर लौटते वक्त कुछ अज्ञात लोगों ने उसे गांव के बाहर रोक लिया और उस पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी।

युवक की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह आग बुझाई।गंभीर रूप से झुलसे रोहित को पहले सीएचसी शिवराजपुर ले जाया गया, जहां से उसे उर्सला अस्पताल कानपुर रेफर किया गया। हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज लखनऊ भेज दिया। डॉक्टरों के मुताबिक युवक करीब 70 प्रतिशत तक झुलस चुका है। होश में आने पर रोहित ने पुलिस को बताया कि उसके साथ यह हमला रसूलपुर गांव निवासी आटो चालक जावेद और उसके साथियों ने किया है।

उसने घटना में शामिल वाहन का नंबर भी पुलिस को बताया है और कहा है कि सामने आने पर वह आरोपियों की पहचान कर सकता है।थाना प्रभारी वरुण शर्मा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस मोबाइल लोकेशन और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### एंटी रोमियो टीम ने छात्राओं को दी जागरूकता की सीख

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** महिलाओं की सुरक्षा और जागरूकता को लेकर अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम कपिल देव सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को बिल्हौर इंटर कॉलेज में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस दौरान एंटी रोमियो टीम द्वारा छात्राओं और महिला शिक्षिकाओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 1076, 112, 108, 1098, 1930 और 181 की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही यह बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति या असामाजिक व्यवहार की शिकायत इन नंबरों पर तुरंत दर्ज कराई जा सकती है। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाएं– जैसे पेंशन स्कीम, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना आदि के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और हर शिकायत का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।इस मौके पर छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और पुलिस टीम से सुरक्षा से जुड़े सवाल पूछे।

### कक्षा-12 की छात्रा बनीं जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** महिलाओं और बेटियों को सशक्त बनाने की दिशा में चल रहे मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत आज जनपद सीतापुर में कक्षा-12 की छात्रा दीक्षा विमल को एक दिन का प्रतीकात्मक जिलाधिकारी बनाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी कार्यालय में दीक्षा विमल का स्वागत किया गया और उन्हें जिलाधिकारी की कुर्सी पर बैठाकर विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। छात्रा ने अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रशासनिक कार्यों की जानकारी ली और महिलाओं की सुरक्षा व छात्राओं की शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार भी रखे।जिलाधिकारी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारियों का अनुभव कराना है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी छात्रा का उत्साहवर्धन किया।गौरतलब है कि मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत बेटियों को समाज में नेतृत्व और सशक्तिकरण का अनुभव दिलाने के लिए विभिन्न जिलों में ऐसी पहल की जा रही है।

### निषाद समाज का रहा है गौरवशाली इतिहास

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** खैराबाद स्थित भूमिजा मीटिंग हॉल में जागो मछुआरों जागो शीर्षक के अंतर्गत निषाद समाज जनजागरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में भारी जनसमूह की उपस्थिति रही। वक्ताओं ने समाज की एकता, शिक्षा, राजनीतिक सहभागिता और आर्थिक स्वावलंबन पर विशेष बल दिया।निषाद समाज के संघर्षों, योगदान और गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए यह संदेश दिया गया कि –संगठित मछुआरा समाज ही मजबूत राष्ट्र की नींव है।卐कार्यक्रम की सफलता ने यह सिद्ध कर दिया कि निषाद समाज अब जाग चुका है और अपने अधिकारों के लिए पूरी शक्ति से संगठित है। इस सफल आयोजन के लिए समस्त कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं समाजबंधुओं को हार्दिक बधाई। इस के उपरांत भूमिजा मीटिंग में कार्यशाला का भी पाठ पढ़ाया डॉक्टर संजय निषाद कैबिनेट मंत्री ने निषाद पार्टी के उत्पीड़न को लेकर दिया मार्गदर्शन, जिसमें उपस्थित निषाद पार्टी के प्रदेश सचिव राजेश कश्यप, जिलाध्यक्ष सुधीर कश्यप, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू कश्यप संगठन अध्यक्ष जिलाध्यक्ष रामचंद्र निषाद जिला आई टी संदीप कश्यप, द ग्रेट युवा वाहनी जिला अध्यक्ष राजाराम निषाद त्छम्क् जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष संगीता निषाद जिला जिला संरक्षक शिवलाल कश्यप जिला महासचिव आर. के. निषाद, जिला उपाध्यक्ष सुरेश निषाद, वेदनाथ निषाद, रामचरण निषाद, दुर्गेश कश्यप ,मोहित कश्यप, अतुल निषाद, नरेंद्र निषाद, सुरेंद्र निषाद ,ब्लॉक मछरेहटा रामसेवक निषाद, पत्रकार,राजेश निषाद, राजेन्द्र निषाद, गुडडू निषाद व अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### अधेड़ की संदिग्ध मौत

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर। बिसवा।** बिसवा कोतवाली इलाके में विद्यालय के एक कर्मचारी की संदिग्ध अजय (45) कृपा दयाल म्युनिसिपल इंटर कॉलेज में चतुर्थ श्रेणी के पद पर तैनात थे। रविवार रात वह घर से कहीं चले गए। परिजनों ने रातभर उन्हें तलाशा लेकिन कुछ पता नहीं चला। अजय का शव तालाब में उतराता मिला। प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि रविवार रात परिजनों ने लापता होने की सूचना दी थी। सोमवार को शव मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।सूत्रों के अनुसार स्थानीय लोगों ने रविवार रात अजय को शीतला माता मंदिर के पास बने तालाब की दिशा में जाते हुए देखा था। हालांकि शव मिलने के बाद किसी ने आधिकारिक रूप से इस बात को स्वीकार नहीं किया है।

# गोष्ठी में बालिकाओं को दी गई हेल्पलाइन नम्बर की जानकारी



**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

तंबौर। थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना प्रभारी के कुशल नेतृत्व पुलिस टीम उ0नि0 शैलेन्द्र सिंह आरक्षी कपिल दूबे, आरक्षी राहुल कुमार महिला आरक्षी पूजा राय द्वारा पुलिस अधीक्षक के जारी दिशा निर्देश में मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत श्री मुनि सौरभ सागर जूनियर हाईस्कूल चैकी दलपतपुर में बालिकाओं को एकत्रित कर गोष्ठी की गई। सरकार द्वारा चलाए जा रहे हेल्पलाइन नंबर 1090, 1076, 1098, 181, 108, 102, 112, 1930 आदि हेल्पलाइन नंबरों व ओ एस सी (वन स्टॉप सेन्टर) की जानकारी दी गई।

तथा प्रमुख योजनाओं के बारे में बताया गया। कन्या सुमंगला योजनानिराश्रित महिला पेंशन योजना प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आदि योजनाओं के बारे में भी बताया गया। उक्त अवसर पर प्रधानाध्यापक गुरदीप गुप्ता- अध्यापिका नीलम विश्वकर्मा अध्यापिका पूजा शुक्ला अध्यापिका पूजा मिश्रा अध्यापिका प्राची अवस्थी अध्यापिका सीता मिश्रा अध्यापिका माधुरी मिश्रा अध्यापिका लक्ष्मी अवस्थी आदि कर्मचारी गण व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# निरीक्षण के दौरान डीएम ने किसानों से वार्ता कर सुनी समस्याएं

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कृषि उत्पादन मण्डी समिति सीतापुर स्थित धान क्रय केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिये कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शुद्ध पेयजल, स्वच्छता, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने किसानों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के विषय में भी जानकारी ली तथा समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। मण्डी समिति गेट पर व मण्डी परिसर में यातायात व्यवस्था सुचारू रखने हेतु आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये।जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि किसानों से सम्पर्क कर अधिक से अधिक कृषक पंजीकरण करायें। क्रय केन्द्रों पर किसानों के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए। बोरों की उपलब्धता सिलाई मशीन इत्यादि भी केन्द्रों पर उपलब्ध रहे। केन्द्र प्रभारी निर्धारित समय तक अनिवार्य रूप से केन्द्र पर उपस्थित होकर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करायें।

जनपद की मंडियों में किसानों द्वारा लाए गये धान की नमी की जांच कर धान क्रय करना सुनिश्चित करें। यदि कृषक पंजीकरण सत्यापन में कहीं भी समस्या आ रही हो तो सम्बन्धित उपजिलाधिकारीध्जिला खाद्य विपणन अधिकारी सीतापुर से सम्पर्क कर निराकरण कराया जायें। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि सभी केन्द्र प्रभारियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि वह आस-पास के कृषकों से सम्पर्क स्थापित करते हुए, उन्हें अपना धान विक्रय करने हेतु प्रोत्साहित करें ताकि उन्हें मूल्य समर्थन योजना का लाभ मिल सकें। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, क्रय संस्था पी.पी.एफ., पी.सी.यू. एवं यू.पी.एस.एस. के धान खरीद की नियमित समीक्षा की जाएं तथा खरीद में अपेक्षित प्रगति लाएं। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप धान क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने सभी केन्द्रों के प्रभारियों को निर्देशित किया कि समस्त प्रकार के अभिलेख अद्यतन रखे जायें। क्रय केन्द्रों पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा आवश्यकतानुसार टोकन सुविधा का भी प्रबंध किया जाये। किसानों को समय से भुगतान सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये।

उन्होंने कहा कि मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान क्रय शासन की प्राथमिकता है तथा इसमें लापरवाही करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी उदय प्रताप सिंह सिसौदिया सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जरिगवां में वृद्धा आश्रम निर्माण कार्य का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

मिश्रिख। ज्योति स्वास्थ्य सेवा संस्थान द्वारा संचालित वृद्धा आश्रम के निर्माण कार्य का शुभारंभ मंगलवार को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। उल्लेखनीय है कि इस आश्रम की नींव पूजन 15 जनवरी 2025 को किया गया था, जिसके बाद अब इसका कार्य औपचारिक रूप से आरंभ हुआ। कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन एवं हवन के उपरांत निर्माण कार्य का आरंभ किया गया। यह आश्रम मिश्रिख तहसील के ग्राम जरिगवां में स्थापित किया जा रहा है, जो चैरासी कोसी परिक्रमा का आठवां पड़ाव भी है। आश्रम का उद्देश्य उन बुजुर्गों को आश्रय, सेवा और स्नेह देना है जो अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में अकेलापन या असहायता का अनुभव कर रहे हैं।

संस्थान के संस्थापक डॉ. अजय पाल ने कहा कि वृद्ध सेवा ही प्रभु सेवा है, और यह कार्य समाज के प्रत्येक व्यक्ति के सहयोग से ही सफल हो सकता है। इस अवसर पर प्रदेश प्रचारक एवं जिला अध्यक्ष सचिन यादव, जिला उपाध्यक्ष अतुल तिवारी, अमित अर्कवंशी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने वृद्ध सेवा के इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग देने का संकल्प लिया।

## एनसीबी टीम ने गिरफ्तार किये चार गांजा तस्कर

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर। सिधौली।** स्थानीय कस्बे में सांयकाल नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) लखनऊ टीम ने गांजा तस्करी में लिप्त चार आरोपियों को दबोच लिया। टीम का नेतृत्व खुफिया अधिकारी सुरेंद्र कुमार कर रहे थे। एनसीबी ने महमूदाबाद चैराहे के निकट छापेमारी कर बिहार के वेस्ट चंपारण जिले के रहने वाले शिवबालक यादव (36), ब्रजेश यादव (25) तथा दो महिलाओं कृ शारदा देवी (44) और निर्मला देवी (45) को गिरफ्तार किया। आरोपियों पर गांजा तस्करी में शामिल होने का आरोप है। गिरफ्तारी के बाद सभी को सीएचसी सिधौली ले जाकर डाक्टरी परीक्षण कराया गया

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# चीन का रोज रोज का झंझट खत्म करने की तैयारी में हैं मोदी

**हम आपको बता दें कि खनिज मंत्रालय ने अब तक पाँच चरणों में 55 रणनीतिक और महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की नीलामी की है, जिनमें से 34 सफलतापूर्वक आवंटित किए जा चुके हैं। छठा चरण हाल ही में आरंभ हुआ है। यह निरंतरता दर्शाती है कि भारत अब खनिज नीति को केवल संसाधन-शोधन तक सीमित नहीं रखना चाहता, बल्कि इसे राष्ट्रीय सुरक्षा और औद्योगिक नीति के साथ जोड़ रहा है। हम आपको बता दें कि रेयर अर्थ केवल 'भू-संसाधन' नहीं हैं बल्कि ये भारत के मेक इन इंडिया और ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन की आत्मा हैं।**

*वैश्विक रणनीति और औद्योगिक प्रतिस्पर्धा के इस युग में रेयर अर्थ एलिमेंट्स केवल वैज्ञानिक तत्व नहीं रहे बिल्क् ये अब भू-राजनीतिक शक्ति का स्रोत बन चुके हैं। चीन द्वारा रेयर अर्थ मैग्नेट के निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंधों ने न केवल अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं में हलचल मचा दी है, बल्कि भारत सहित विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को अपनी रणनीतियाँ पुनः परिभाषित करने पर मजबूर कर दिया है। इसी पृष्ठभूमि में भारत सरकार अब नेशनल क्रिटिकल मिनरल स्टॉकपाइल कार्यक्रम शुरू करने की तैयारी में है जो आने वाले वर्षों में भारत की तकनीकी और सामरिक आत्मनिर्भरता का आधार स्तंभ बन सकता है। हम आपको बता दें कि रेयर अर्थ तत्व कुल 17 विशिष्ट धात्विक तत्वों का समूह हैं, जिनमें नियोडिमियम, प्रसीओडिमियम, डिसप्रोसियम आदि शामिल हैं। इन तत्वों की खासियत यह है कि ये आधुनिक प्रौद्योगिकी की लगभग हर अहम मशीनरी में काम आते हैं– इलेक्ट्रिक वाहनों के मोटर, पवन चक्कियों के टर्बाइन, मोबाइल फोन, मिसाइलों के गाइडेंस सिस्टम और यहां तक कि उपग्रहों के इलेक्ट्रॉनिक सर्किट में भी। इनकी मांग तेजी से बढ़ रही है, लेकिन विश्व आपूर्ति का लगभग 85त्न हिस्सा अभी भी चीन नियंत्रित करता है। जब चीन निर्यात पर रोक लगाता है, तो वैश्विक उद्योगों की नींव डगमगा जाती है। ऐसे में भारत की यह पहल केवल औद्योगिक नीति नहीं, बल्कि सामरिक आवश्यकता भी है। हम आपको बता दें कि भारत सरकार अब दो महीने का रेयर अर्थ भंडार तैयार करने की योजना बना रही है, जिसमें निजी क्षेत्र की भागीदारी को भी प्रोत्साहन दिया जाएगा। यह कार्यक्रम नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन के अंतर्गत शुरू होगा, जिसके तहत पहले से ही 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस पहल का पहला लक्ष्य रेयर अर्थ तत्वों की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करना है, ताकि देश में रेयर अर्थ मैग्नेट उत्पादन को गति मिल सके। इसके लिए सरकार ने पहले ही 7,300 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन कार्यक्रम को मंजूरी दी है, जिसका उद्देश्य अगले पांच वर्षों में 6,000 टन उत्पादन हासिल करना है। सरकार का इरादा भविष्य में इस दायरे को अन्य महत्वपूर्ण खनिजों– जैसे लिथियम, कोबाल्ट, निकल और ग्रेफाइट तक विस्तारित करने का भी है। हम आपको बता दें कि भारत में रेयर अर्थ की उपलब्धता का अनुमान लगभग 7.23 मिलियन टन रेयर अर्थ ऑक्साइड का है, जो मुख्यतः 13.15 मिलियन टन मोनाजाइट अयस्क में पाया जाता है। ये अयस्क आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल, झारखंड, गुजरात और महाराष्ट्र के तटीय इलाकों में फैले हुए हैं। हालांकि, असली चुनौती इन तत्वों को निकालने और शुद्ध करने की तकनीकी क्षमता की है। वर्तमान में भारत अपने घरेलू भंडारों से इन तत्वों का सीमित उपयोग करता है और प्रोसेसिंग के लिए बड़े पैमाने पर चीन और अन्य देशों पर निर्भर है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत को यदि वास्तविक आत्मनिर्भरता हासिल करनी है, तो केवल भंडारण नहीं, बल्कि प्रसंस्करण और परिष्करण तकनीकों में निवेश करना होगा। देखा जाये तो चीन के कदम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि खनिज कूटनीति आने वाले दशकों में ऊर्जा और रक्षा नीति का नया मोर्चा बनेगी। अमेरिका ने भी इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी है और चीनी आयात पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की चेतावनी दी है। भारत के लिए यह अवसर और चुनौती दोनों है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**ऐसा अनुभव देना है जो यादों में बस जाए। यही दृष्टि राज्य के पर्यटन विकास का आधार बन गई है। पर्यटन अब मध्य प्रदेश में यात्रा नहीं, भावनाओं और आत्मीयता का अनुभव है। महेश्वर के घाटों से उठती आरती की लौ, खजुराहो के मंदिरों की नक्काशी, पचमढ़ी के जंगलों की नमी और भोपाल की झीलों में उत्साह से आती लहरें, इन सबमें वह भरोसा झलकता है जो किसी भी गंतव्य को जीवंत बनाता है। यही वह भरोसा है जिसने मध्यप्रदेश को भारत का नहीं, विश्व पर्यटन का भी हृदय बना दिया है। आज जब दुनिया के तमाम देश अपने पर्यटन मॉडल को स्थायी और समावेशी बनाने की दिशा में सोच रहे हैं, तब मध्यप्रदेश अपने अनुभव से एक नया उदाहरण पेश कर रहा है।**

# बड़ा मायने है पर्यटन में मध्य प्रदेश का वैश्विक रूप से हृदय जीत लेना



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**राजस्थान, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के साथ साझा पर्यटन परिपथ विकसित किए जा रहे हैं, कहीं हेरिटेज सर्किट, कहीं वाइल्डलाइफ या जनजातीय सर्किट। इससे यात्रियों को विविध अनुभव मिलेंगे और क्षेत्रीय पर्यटन को गति मिलेगी। यह सहयोगी दृष्टिकोण दिखाता है कि मध्यप्रदेश पर्यटन को स्थानीय या सीमित अर्थों में नहीं, व्यापक भारतीय परिप्रेक्ष्य में देख रहा है।**

मध्य प्रदेश ने पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह पर्यटन के क्षेत्र में अपनी सशक्त पहचान बनाई है, वह नीतियों और प्रचार अभियानों के साथ दृष्टि और निरंतरता का प्रतीक है। भारत के हृदय में स्थित यह प्रदेश आज देश-विदेश के यात्रियों के लिए भरोसे और अनुभव दोनों का केन्द्र बन गया है। महामारी के बाद जब वैश्विक पर्यटन उद्योग पुनर्जीवन की राह खोज रहा था, तब मध्यप्रदेश ने योजनाबद्ध ढंग से अपनी साख दोबारा कायम की। पर्यटन के हर आयाम में यहां नई हलचल दिख रही है। कभी विरासत और वन्यजीव के लिए पहचाने जाने वाला यह प्रदेश आज वेडिंग, एमआईसीई, फिल्म और ग्रामीण पर्यटन जैसे क्षेत्रों में देशव्यापी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। भोपाल में हुए एमआईसीई एवं वेडिंग टूरिज्म सम्मेलन में देशभर के विशेषज्ञों ने माना है कि मध्यप्रदेश आयोजनों का नया केन्द्र बनकर उभर रहा है। इसका एक बड़ा कारण यह है कि राज्य भौगोलिक रूप से देश के मध्य में है, जहां सड़क, रेल और हवाई मार्ग से सुगमता है, साथ ही यहां के शहर आधुनिक सुविधाओं और प्राकृतिक सौंदर्य का संगम हैं। खजुराहो, महेश्वर, मांडू, पचमढ़ी और भोपाल जैसे शहर अब विवाह समारोहों और कॉर्पोरेट इवेंट्स के लिए नई पसंद बन रहे हैं। पारंपरिक स्थापत्य, शांत परिवेश और उत्कृष्ट आतिथ्य ने इन्हें विशिष्ट पहचान दी है। इस उभार के पीछे प्रशासनिक दक्षता और निजी क्षेत्र के साथ सरकार की साझेदारी की नई सोच है। आज जो सामने से दिखाई दे रहा है, वह यह है कि मध्यप्रदेश की कोशिश अब केवल आयोजन करवाने तक सीमित नहीं, हर आयोजन को सांस्कृतिक अनुभव में बदलने की है। वेडिंग टूरिज्म ने जहां स्थानीय कारीगरों, संगीतज्ञों और सेवा क्षेत्र को नए अवसर दिए हैं, वहीं यह संस्कृति और परंपरा के जीवंत प्रदर्शन का मंच भी बना है। मांडू के ऐतिहासिक महलों में संगीत की ध्वनियाँ और महेश्वर के घाटों पर नर्मदा की लहरों के बीच विवाह समारोह, प्रदेश के सांस्कृतिक आत्मविश्वास के नए प्रतीक हैं। पर्यटन विभाग का मानना है कि हर विवाह आयोजन राज्य की जीवंत संस्कृति का दर्पण है। इसी तरह फिल्म पर्यटन भी मध्यप्रदेश की पहचान का मजबूत स्तंभ बन चुका है। भोपाल, महेश्वर, पचमढ़ी, जबलपुर और ग्वालियर जैसे शहर अब फिल्मकारों के प्रिय स्थल हैं। यहां की फिल्म नीति ने शूटिंग प्रक्रिया को सरल बनाया है और स्थानीय कलाकारों के लिए नए अवसर खोले हैं। फिल्मों और वेब सीरीज़ की शूटिंग से इन इलाकों में रोजगार बढ़ा है, साथ ही पर्यटन को नया जीवन मिला है। अपर मुख्य सचिव पर्यटन व संस्कृति एव प्रबंधन संचालक मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड शिवशेखर शुक्ला कहते भी है कि राज्य अब एक विविधतापूर्ण, बहुआयामी और ऑफबीट पर्यटन गंतव्य के रूप में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना रहा है। यहां विरासत, वन्यजीवन, रोमांच, संस्कृति, कला, हस्तशिल्प और पाक-परंपराओं का अनूठा संगम देखने को मिलता है। मध्यप्रदेश की सीमा से लगे अन्य राज्य जैसे छत्तीसगढ़ से राम वन पथ गमन सर्किट, महाराष्ट्र के साथ ज्योतिर्लिंग सर्किट जैसे संयुक्त कार्यों पर काम किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त टाइगर कॉरिडोर, फिल्म पर्यटन और ईको टूरिज्म के साझा विकास की संभावना भी तलाशी जा सकती है। ऐसे अनेक प्रयासों ने प्रदेश के टूरिज्म को आज एक नई गति दी है। यही कारण है कि राज्य ने अंतरराज्यीय सहयोग की दिशा में भी उल्लेखनीय पहल की है। राजस्थान, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के साथ साझा पर्यटन परिपथ विकसित किए जा रहे हैं, कहीं हेरिटेज सर्किट, कहीं वाइल्डलाइफ या जनजातीय सर्किट। इससे यात्रियों को विविध अनुभव मिलेंगे और क्षेत्रीय पर्यटन को गति मिलेगी। यह सहयोगी दृष्टिकोण दिखाता है कि मध्यप्रदेश पर्यटन को स्थानीय या सीमित अर्थों में नहीं, व्यापक भारतीय परिप्रेक्ष्य में देख रहा है। कहना होगा कि विरासत संरक्षण और आधुनिकता के बीच संतुलन बनाना इस यात्रा की सबसे बड़ी उपलब्धि है। राज्य में 498 राज्य संरक्षित, 290 एएसआई संरक्षित स्मारक और तीन यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल हैं। इन धरोहरों को संरक्षित रखते हुए आधुनिक पर्यटन सुविधाओं का समावेश किया गया है। भोपाल और ग्वालियर का यूनेस्को क्रिएटिव सिटी नेटवर्क में शामिल होना इस दिशा में ऐतिहासिक कदम है। भोपाल अपने संग्रहालयों, झीलों और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए अंतरराष्ट्रीय पहचान बना रहा है, जबकि ग्वालियर अपनी संगीत परंपरा और स्थापत्य वैभव के साथ नए सिरे से पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। राज्य की नीतियों में सतत पर्यटन प्रमुख तत्व के रूप में उभरा है। ग्रामीण और ईको-टूरिज्म पर ध्यान देकर मध्यप्रदेश ने पर्यटन को स्थानीय समुदायों से जोड़ा है। सतपुड़ा, कान्हा, बांधवगढ़ और पेंच जैसे वनक्षेत्रों में अब ईको-लॉज और कम्युनिटी-बेस्ड टूरिज्म के मॉडल फलफूल रहे हैं। गांवों में होम-स्टे की पहल से यात्रियों को स्थानीय जीवन, भोजन और संस्कृति का अनुभव मिलता है। यह पर्यटन का नया चेहरा है और आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की दिशा में बढ़ता कदम भी है। महामारी के बाद जब वैश्विक पर्यटक दोबारा यात्रा के लिए तैयार हो रहे थे, तब मध्यप्रदेश ने उन्हें भरोसे का कारण दिया। बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा, स्वच्छ गंतव्य और सहज नीतियों ने इसे पुनः विश्वसनीय बनाया। एफआईसीसीआई जैसे राष्ट्रीय निकायों के साथ साझेदारी, फिल्म और एमआईसीई टूरिज्म पर केंद्रित प्रयासों ने निवेशकों और आयोजकों का विश्वास जीता है। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने हाल में कहा कि हमारा लक्ष्य केवल पर्यटक संख्या बढ़ाना नहीं, ऐसा अनुभव देना है जो यादों में बस जाए। यही दृष्टि राज्य के पर्यटन विकास का आधार बन गई है। पर्यटन अब मध्य प्रदेश में यात्रा नहीं, भावनाओं और आत्मीयता का अनुभव है। महेश्वर के घाटों से उठती आरती की लौ, खजुराहो के मंदिरों की नक्काशी, पचमढ़ी के जंगलों की नमी और भोपाल की झीलों में उत्साह से आती लहरें, इन सबमें वह भरोसा झलकता है जो किसी भी गंतव्य को जीवंत बनाता है। यही वह भरोसा है जिसने मध्यप्रदेश को भारत का नहीं, विश्व पर्यटन का भी हृदय बना दिया है। आज जब दुनिया के तमाम देश अपने पर्यटन मॉडल को स्थायी और समावेशी बनाने की दिशा में सोच रहे हैं, तब मध्यप्रदेश अपने अनुभव से एक नया उदाहरण पेश कर रहा है, जहां विरासत जीवित है, आधुनिकता शामिल है और प्रकृति सुरक्षित है। यह विकास की कहानी है और उस संवेदनशील दृष्टि की मिसाल है जिसने पर्यटन को आर्थिक गतिविधि से आगे, विश्वास और आत्मगौरव की यात्रा बना दिया है।



**इस यात्रा की सबसे बड़ी उपलब्धि है। राज्य में 498 राज्य संरक्षित, 290 एएसआई संरक्षित स्मारक और तीन यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल हैं। इन धरोहरों को संरक्षित रखते हुए आधुनिक पर्यटन सुविधाओं का समावेश किया गया है।**

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | नवमी 10:36 तक |
| नक्षत्रः | पुष्य 11:59 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | बुधवार |
| योगः | साध्य, 26:50 तक |
| सूर्योदयः | 06:21 |
| सूर्यास्तः | 17:44 |
| चंद्रमाः | कर्क राशि में |
| राहुकालः | 12:03-13:28 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्तः | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### धीरे-धीरे अनदेखी !

*रोज नया ट्रंप ।*
*गा रहे हैं गाना ।।*
*धीरे-धीरे अनदेखी ।*
*कर रहा जमाना ।।*
*धुंधला दृष्टिकोण ।*
*फायदे की जंग ।।*
*शनैः शनैः उनका ।*
*कम होता उमंग ।।*
*अहं नहीं चल पाएगा अब ।*
*स्वतः लिए हैं जान ।।*
*इस कार्यकाल ने ।*
*कम किया सम्मान ।।*
*चुभ रहा अब टैरिफ ।*
*बात नहीं बन पाई ।।*
*इसी को तो कहते ।*
*बड़ी जगहंसाई ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# गलत तरीके से चेहरा धोने से तो नहीं निकल रहे पिंपल?

**हर** व्यक्ति के स्किन का टाइप दूसरे व्यक्ति से काफी अलग होता है। आजकल ऑयली स्किन की समस्या काफी ज्यादा बढ़ गई है। स्किन पर बहुत ज्यादा सीबम का उत्पादन होने से स्किन बहुत ज्यादा ऑयली हो जाती है, जो बाद में एक्ने और पिंपल्स का कारण बनती है। ऑयली स्किन वाले लोगों को त्वचा से जुड़ी कई समस्याएं होती हैं। अगर आपकी स्किन भी ऑयली है तो पिंपल्स, ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स जैसी स्किन से जुड़ी समस्याएं बढ़ जाती है। हालांकि, सही स्किन केयर रूटीन को फॉलो करने से ऑयली स्किन के कारण होने वाली समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है।



**फेस क्लीन करनाः** ऑयली स्किन को हेल्दी रखने के लिए सबसे जरूरी चेहरे की सफाई है। फेस क्लीनअप के लिए सबसे जरूरी चेहरे की सफाई है। ऑयली स्किन के लिए आपको ऐसा क्लींजर इस्तेमाल करना चाहिए, जो आपके चेहरे और गंदगी को हटा सके।

**चेहरे को स्क्रबिंग करनाः** ऑयली स्किन पर डेड स्किन और ब्लैकहेड्स जल्दी जम जाते हैं। इसलिए आप हफ्ते में 2 से 3 बार अपने चेहरे को स्क्रब जरूर करें। आप चाहे तो घर पर ही चावल के आटे और दही के मिश्रण से अपने चेहरे को स्क्रब कर सकते हैं। इन दोनों को मिलाकर चेहरे पर 5 मिनट तक सर्कुलर मोशन में मसाज करने से फेस स्क्रब होता है, जिससे डेड स्किन हटते हैं और स्किन सॉफ्ट होती है।

**फेस स्टीम लेनाः** ऑयली स्किन टाइप के लोगों के लिए फेस स्टीम लेना भी महत्वपूर्ण होता है। स्टीम लेने से चेहरे के पोर्स खुलते हैं और अंदर की गंदगी बाहर निकलती है। फेस स्टीम करने के लिए आप एक बर्तन में पानी गर्म करके रखें। इस पानी में नीम की पत्तियां या पुदीने की पत्तियां डालें और फिर तौलिए से सिर ढक कर 5 मिनट तक भाप लें। नीम और पुदीने के पानी से स्टीम लेने से ऑयली स्किन पर एक्ने की समस्या कम होती है।

**फेस पैक लगानाः** ऑयली स्किन पर नियमित रूप से फेस पैक लगाना भी जरूरी है। फेस पैक ऑयली स्किन की देखभाल के लिए जरूरी होता है, क्योंकि ये स्किन पर मौजूद एक्सट्रा ऑयल को हटाता है और स्किन को पोषण देता है। आप अपने चेहरे पर मुल्तानी मिट्टी का फेस पैक लगाएं, इससे स्किन पर मौजूद कम होता है और स्किन साफ होता है।

**टोनर का उपयोगः** ऑयली स्किन पर चेहरे के पोर्स को छोटे करने के लिए आप फेस टोनर का इस्तेमाल कर सकते हैं। टोनर का इस्तेमाल करने से चेहरे का तेल बैलेंस रहता है। आप घर पर गुलाब जल के टोनर का उपयोग कर सकते हैं। हमेशा फेस वॉश करने के बाद टोनर को अपने चेहरे पर स्प्रे करें, इससे चेहरे की ताजगी बनी रहती है और बैक्टीरिया को बचाता है।

**मॉइश्चराइजर का इस्तेमालः** ऑयली स्किन को भी मॉइश्चराइज करने की जरूरत होती है, लेकिन ऑयल फ्री मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए। आप एलोवेरा जेल जैसे नेचुरल मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल कर सकते हैं। हर फेस क्लीनअप के बाद आप इसे अपने चेहरे पर लगा सकते हैं। एलोवेरा मॉइस्चराइजर का उपयोग आपके चेहरे को हाइड्रेट रखने में मदद करता है।

**निष्कर्षः** ऑयली स्किन की सही देखभाल के लिए आप इस स्किन केयर टिप्स को फॉलो कर सकते हैं। घर पर ही नेचुरल चीजों के इस्तेमाल से फेस क्लीनअप करने से लेकर स्किन को ज्यादा ऑयली होने से बचाने के लिए एलोवेरा मॉइस्चराइजर का उपयोग कर सकते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# यह विषय केवल तकनीकी नहीं, बल्कि जन सुरक्षा से जुड़ा है



डी.पी. शुक्ल

**यही कारण है कि विशेषज्ञ एलईडी लाइट्स को रेगुलेट करने की आवश्यकता पर ज़ोर दे रहे हैं। यह एक महत्वपूर्ण और अनुत्तरित प्रश्न है। 1970-80 के दशक में जब वाहन कम थे और प्रकाश तकनीक सीमित थी, तब काली टेप का नियम सख्ती से लागू था।**

**हमें खुद यह समझना होगा कि तेज़ रोशनी दिखावा नहीं, बल्कि खतरा है। एलईडी को लो बीम पर रखें। शहर में या भीड़भाड़ वाले इलाकों में हाई बीम का प्रयोग न करें। वाहन की हेडलाइट को नियमित रूप से ठीक एंगल पर रखें। एक छोटी सी पट्टी, बड़ी सुरक्षा कभी साधारण सी दिखने वाली काली टेप आज फिर जरूरी लगने लगी है। यह न केवल सामने आने वाले की आंखों की सुरक्षा करती है।**

**एक** समय था, जब टू-व्हीलर और फोर-व्हीलर वाहनों की हेडलाइट्स पर काली टेप लगाना अनिवार्य होता था। यह नियम भले ही अब पुराना लगता हो, लेकिन इसके पीछे गहरा वैज्ञानिक और सामाजिक तर्क था। सड़क सुरक्षा के प्रारंभिक दौर में ट्रैफिक विभाग इस बात को गंभीरता से समझता था कि रात में अत्यधिक रोशनी सामने आने वाले वाहन चालक की आंखों पर सीधा असर डालती है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। उस दौर में अगर कोई चालक अपनी गाड़ी की हेडलाइट पर काली पट्टी नहीं लगाता था, तो उस पर चालान कटना सामान्य बात थी। यह नियम इसलिए था ताकि रोशनी केवल सड़क पर पड़े, न कि सामने आने वाले व्यक्ति या वाहन की आंखों पर। परंतु आज के तकनीकी युग में यह परंपरा धीरे-धीरे समाप्त हो गई है। तकनीकी प्रगति के साथ वाहनों में हैलोजन बल्बों की जगह एलईडी और एचआईडी लाइट्स का चलन तेजी से बढ़ा है। ये लाइटें ऊर्जा की दृष्टि से भले ही अधिक सक्षम हैं, लेकिन सड़क सुरक्षा की दृष्टि से एक नया संकट पैदा कर रही हैं। पिछले कुछ वर्षों में एलईडी लाइट्स की चमक इतनी बढ़ गई है कि रात्रि के समय हाईवे पर चलना कई बार असंभव सा लगता है। जब सामने से कोई वाहन आता है, तो उसकी सफेद और तीव्र रोशनी सीधे आंखों पर पड़ती है। इससे आंखें कुछ सेकंड के लिए ब्लाइंड यानी अंधी हो जाती हैं इसे ग्लेयर ब्लाइंडनेस कहा जाता है। नेत्र विशेषज्ञों का कहना है कि यह स्थिति उतनी ही खतरनाक है जितनी किसी चालक के शराब पीकर गाड़ी चलाने से होती है। एक सेकंड का यह अंधापन भी सड़क पर दुर्घटना का कारण बन सकता है। विशेषकर टू-व्हीलर चालकों, रिक्शा चालकों और पैदल चलने वालों के लिए यह और भी खतरनाक स्थिति है। ग्रामीण या अर्ध-शहरी सड़कों पर जहां स्ट्रीट लाइट्स की कमी होती है, वहां एलईडी लाइट्स की चकाचौंध सीधे जानलेवा बन सकती है। तकनीकी विकास का उद्देश्य हमेशा सुविधा बढ़ाना होता है, परंतु सुविधा जब संवेदना पर हावी हो जाए, तो खतरा बढ़ जाता है। वाहन निर्माता कंपनियां अपने उत्पादों को अधिक ÷प्रभावशाली÷ दिखाने के लिए तेज़ रोशनी वाली लाइटें लगा रही हैं। विज्ञापनों में यह दिखाया जाता है कि ÷हमारी लाइट दिन जैसी उजाला देती है। लेकिन सवाल यह है। सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में 60 प्रतिशत से अधिक रात की दुर्घटनाएँ दृश्यता की कमी या प्रकाश असंतुलन के कारण होती हैं। यही कारण है कि विशेषज्ञ एलईडी लाइट्स को रेगुलेट करने की आवश्यकता पर ज़ोर दे रहे हैं। यह एक महत्वपूर्ण और अनुत्तरित प्रश्न है। 1970-80 के दशक में जब वाहन कम थे और प्रकाश तकनीक सीमित थी, तब काली टेप का नियम सख्ती से लागू था। लेकिन 2000 के बाद, जब वाहन कंपनियों ने एंगल्ड हेडलाइट्स और फोकस्ड बीम तकनीकें विकसित कीं, तब यह मान लिया गया कि अब काली पट्टी की जरूरत नहीं है। हालांकि, नए वाहनों में बीम एंगलिंग का सही परीक्षण नहीं होता। परिणामस्वरूप, रोशनी सीधे सामने की आंखों पर पड़ती है। ट्रैफिक पुलिस अब शायद ही कभी किसी वाहन की हेडलाइट की जांच करती है। यहां तक कि आरटीओ में वाहन फिटनेस चेक में भी हेडलाइट की तीव्रता को नापने का कोई अनिवार्य प्रावधान नहीं है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, भारत में हर साल लगभग 1.5 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। इनमें से लगभग 45 प्रतिशत दुर्घटनाएँ रात के समय होती हैं। इनमें से 30 प्रतिशत तक दुर्घटनाएँ कम दृश्यता या अत्यधिक चकाचौंध के कारण होती हैं। इसका अर्थ है कि अगर रोशनी के नियंत्रण पर उचित कदम उठाए जाएं, तो हजारों जिंदगियाँ हर साल बचाई जा सकती हैं। भारत सरकार के मोटर वाहन अधिनियम में सड़क सुरक्षा से जुड़े कई प्रावधान हैं, परंतु हेडलाइट तीव्रता को लेकर कोई विशिष्ट नियम नहीं है। सड़क सुरक्षा केवल सरकार की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। हमें खुद यह समझना होगा कि तेज़ रोशनी दिखावा नहीं, बल्कि खतरा है। एलईडी को लो बीम पर रखें। शहर में या भीड़भाड़ वाले इलाकों में हाई बीम का प्रयोग न करें। वाहन की हेडलाइट को नियमित रूप से ठीक एंगल पर रखें। एक छोटी सी पट्टी, बड़ी सुरक्षा कभी साधारण सी दिखने वाली काली टेप आज फिर जरूरी लगने लगी है। यह न केवल सामने आने वाले की आंखों की सुरक्षा करती है, बल्कि चालक को भी एक नियंत्रित दृश्य देती है। अगर सरकार चाहे, तो इस नियम को फिर से लागू कर सकती है।

# पीलीभीत कचहरी में अधिवक्ता पर धारदार हथियार से हमला

## कोर्ट परिसर में सनसनी, दरोगा भी घायल, दोनों हमलावर गिरफ्तार





**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित कचहरी परिसर में उस समय हड़कंप मच गया जब हत्यारोपी अधिवक्ता ओमपाल पर मुकदमे की सुनवाई के दौरान दो अज्ञात युवकों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में उन्हें बचाने पहुंचे कोर्ट परिसर के दरोगा अरविंद त्यागी भी घायल हो गए। घटना के बाद पूरे परिसर में अफरा-तफरी मच गई और पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया।

### हत्यारोपी अधिवक्ता पर ताबड़तोड़ हमला

जानकारी के अनुसार, ग्राम खरदाई थाना दियोरिया निवासी अधिवक्ता ओमपाल हत्या के एक मुकदमे में आरोपी हैं। मंगलवार को वे कोर्ट में अपने मामले की सुनवाई के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान मुकदमे के विरोधी पक्ष के दो युवक अचानक कचहरी परिसर में दाखिल हुए और अपने कपड़ों में छिपाए बांके से ओमपाल पर हमला कर दिया।हमले के समय कोर्ट परिसर में मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने हस्तक्षेप किया। इस दौरान दरोगा अरविंद त्यागी ने अधिवक्ता को बचाने का प्रयास किया, लेकिन हमलावरों के बांके के प्रहार से वे भी गंभीर रूप से घायल हो गए।

### घायलों को अस्पताल में भर्ती कर इलाज

हमले के तुरंत बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक पीलीभीत अभिषेक यादव भी अस्पताल पहुंचे और घायलों से घटना की जानकारी ली।

एसपी ने चिकित्सकों को घायलों को उचित और प्राथमिक उपचार तुरंत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई और सुरक्षा कड़ी

पुलिस ने बताया कि दोनों हमलावर कचहरी के पीछे खुले रास्ते से परिसर में दाखिल हुए थे और बांका अपने कपड़ों में छिपा रखा था। पुलिस ने मौके से दोनों को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त किया गया है।

### अधिवक्ता समाज में आक्रोश और सुरक्षा की मांग

कचहरी परिसर में हुए इस हमले से अधिवक्ता समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है।

अधिवक्ताओं ने प्रशासन से न्यायालय परिसर में सुरक्षा को सुदृढ़ करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अदालतों और अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## पराली के नीचे पड़ा मिला वृद्धा का शव, कंपाइन मशीन से मौत की आशंका



**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

कोतवाली क्षेत्र के जटपुरा गांव में मंगलवार को खेतों में काम कर रही वृद्धा दानवती 60 वर्ष का शव पराली के नीचे पड़ा मिला, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, दानवती सुबह घर से धान की बाली बीनने के लिए निकली थीं, लेकिन काफी समय तक घर नहीं लौटीं। उनके परिजनों और ग्रामीणों ने खैरपुर की ओर खेतों में उनकी तलाश की और पराली के नीचे उनका शव पाया। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को सुरक्षित बाहर निकाला और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में मृतका के शरीर पर चोट के निशान पाए गए, जिससे आशंका जताई जा रही है कि उनकी मौत कंपाइन मशीन से दबने के कारण हुई। कोतवाल पवन पांडेय ने बताया कि मृतका के दो विवाहित पुत्र और एक अविवाहित पुत्री हैं। परिवारिक सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## लिटिल एंजेल्स स्कूल ने जीता तीसरी बार सीमा अग्रवाल मेमोरियल इंटर स्कूल कबड्डी टूर्नामेंट का खिताब

- रोमांचक फाइनल में गोस्वामी मॉम्स प्राइड को दी मात, खिलाड़ियों को मिले विशेष पुरस्कार

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

शहर के प्रतिष्ठित लिटिल एंजेल्स स्कूल में आयोजित दो दिवसीय सीमा अग्रवाल मेमोरियल इंटर स्कूल कबड्डी टूर्नामेंट तीसरा संस्करण मंगलवार को रोमांचक मुकाबले के साथ संपन्न हुआ। फाइनल मुकाबले में लिटिल एंजेल्स स्कूल ने अपने जबरदस्त प्रदर्शन के दम पर गोस्वामी मॉम्स प्राइड स्कूल को पराजित कर तीसरी बार विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

### फाइनल मुकाबला और खेल का रोमांच

फाइनल मुकाबले से पहले विद्यालय प्रबंधक डॉ. संजीव अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन.सी. पाठक, कार्यकारी निदेशक उज्जवल अग्रवाल, उप प्रधानाचार्या अंजू सक्सेना, हेड मिस्ट्रेस नीना मेहरोत्रा, अकाउंटेंट राजेश गंगवार, जिला फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल देव, इफ्सा के को-फाउंडर अभिजीत आनंद, खेलप्रेमी हर्ष कंचन और आनंद मौर्य सहित अनेक अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया।टॉस के बाद शुरू हुए फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। खेल के अंतिम क्षणों तक दर्शकों की उत्तेजना चरम पर रही। लिटिल एंजेल्स स्कूल की टीम ने आखिरी समय में बढ़त बनाए रखी और गोस्वामी मॉम्स प्राइड स्कूल को पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली।




### सेमीफाइनल में हुई जोरदार भिड़त

टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में गोस्वामी मॉम्स प्राइड स्कूल ने शानदार खेल दिखाते हुए स्प्रिंगडेल कॉलेज को हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में लिटिल एंजेल्स स्कूल ने बेनहर गुरुकुल को मात देते हुए फाइनल में प्रवेश किया। दोनों सेमीफाइनल मुकाबले दर्शकों के लिए बेहद रोमांचक और उत्साहवर्धक साबित हुए।



### सम्मान समारोह और पुरस्कार वितरण

मैच के बाद विद्यालय के खेल शिक्षक प्रदीप राघव ने सभी अतिथियों, प्रबंध समिति एवं समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया। इसके उपरांत अतिथियों और विद्यालय प्रबंधन द्वारा विजेता, उपविजेता टीमों तथा अन्य प्रतिभागियों को ट्रॉफी एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए गए

- **बेस्ट रेडर**– गर्वित गंगवार लिटिल एंजेल्स स्कूल
- **बेस्ट डिफेंडर**– हर्षित कौशिक लिटिल एंजेल्स स्कूल
- **ऑलराउंडर अवार्ड**– मयंक पटेल गोस्वामी मॉम्स प्राइड स्कूल कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय परिसर तालियों की गूंज से गूंज उठा। खिलाड़ियों के जज्बे, अनुशासन और खेल भावना की सभी अतिथियों ने सराहना की। विद्यालय प्रबंधन को भविष्य में भी ऐसे आयोजन आयोजित करने की शुभकामनाएं दी गईं।

# बोलेरो की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की संदिग्ध मौत, पति–ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज

**कोतवाली दियोरिया में छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट, तीन गिरफ्तार**



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

दियोरिया। कोतवाली दियोरिया क्षेत्र के गांव पकड़िया बिंदुआ में लगभग छह महीने पहले शादी हुई विवाहिता ज्योति अवस्थी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के पिता रामबाबू (वर्ष हरिश्चंद्र) निवासी ग्राम पनवाड़ी, थाना सिधौली, जनपद शाहजहांपुर की तहरीर पर पुलिस ने पति निखिल शुक्ला, सास रेनू शुक्ला, ससुर अनिल शुक्ला, देवर आदर्श उर्फ अटल शुक्ला, आशीष शुक्ला और ननद डाली शुक्ला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

पुलिस के मुताबिक, लगभग छह महीने पहले रामबाबू ने अपनी बेटी की शादी निखिल शुक्ला के साथ हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार की थी। शादी में लगभग 12 लाख रुपए खर्च हुए थे, लेकिन दहेज में दिए गए सामान से ससुराल पक्ष संतुष्ट नहीं था। शादी के बाद दामाद निखिल शुक्ला बोलेरो गाड़ी की लगातार मांग करने लगे। गाड़ी न देने पर विवाहिता के साथ मारपीट की जाती थी।

पिता रामबाबू ने बताया कि उन्होंने अपनी छह बीघा जमीन बेचकर पैसों की व्यवस्था कर गाड़ी खरीदने की योजना बनाई थी। इसी बीच, रविवार रात को उनके पुत्र शोभित अवस्थी को फोन आया कि ज्योति ने फांसी लगा ली है। परिजन सोमवार सुबह मौके पर पहुंचे और विवाहिता को मृत अवस्था में पाया। कोतवाली प्रभारी दिगंबर सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर के आधार पर पति निखिल शुक्ला, सास रेनू शुक्ला और ससुर अनिल शुक्ला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अन्य तीन आरोपियों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## कोतवाली दियोरिया में साइबर क्राइम जागरूकता अभियान का आयोजन

- महिलाओं और बेटियों को साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई

**जन एक्सप्रेस। दियोरिया**



मिशन शक्ति 5.0 के तहत कोतवाली दियोरिया में साइबर क्राइम जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य लोगों को डिजिटल साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग कॉल, फेक वेबसाइट और सोशल मीडिया ठगी से बचने के उपायों के बारे में जानकारी देना था। इस अभियान में क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधानों, सभ्रांत लोगों, महिलाओं और बेटियों को मीटिंग में बुलाकर साइबर सुरक्षा की जानकारी साझा की गई। अभियान के अंतर्गत कोतवाली में उपनिरीक्षक अमित कुमार शर्मा, उपनिरीक्षक अभिषेक यादव और महिला कांस्टेबल पारुल वालियान की टीम बनाई गई है। लोगों को सलाह दी गई कि किसी भी अज्ञात लिंक, कॉल या संदेश के माध्यम से अपनी व्यक्तिगत अथवा बैंकिंग जानकारी साझा न करें। यदि कोई साइबर अपराध घटित होता है, तो तत्काल राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल या नंबर 1930 पर संपर्क करें।मिशन शक्ति 5.0 उत्तर प्रदेश सरकार की पहल है, जिसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के साथ सशक्त बनाना है। इस अभियान में ड्राइविंग माय ड्रीम् जैसे कार्यक्रम भी शामिल हैं, जो बालिकाओं को मुफ्त ड्राइविंग प्रशिक्षण और लाइसेंस प्रदान करते हैं। साथ ही, पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

अभियान के माध्यम से महिलाओं की आवाज को मंच देने और विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों से समस्याओं का समाधान करने पर जोर दिया गया।

# अवध की सुरमई संध्या में गूंजे लोकसंस्कारों के स्वर, परंपरा और संस्कृति ने सजाया मेला मंच

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

प्राचीन ऐतिहासिक दशहरा मेला के दशम दिवस पर मेला मंच पर जब अवध संध्या का परचम लहराया तो मानो लखीमपुर की धरती पर लोक संस्कृति की सौंधी खुशबू बिखर गई। भारतीय अवधी समाज के संयोजन में आयोजित यह सांस्कृतिक संध्या अवध की परंपराओं, लोकसंगीत और मर्यादा की भावना को समर्पित रही। दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा एवं संस्थाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने की, जबकि मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने समाजसेवियों और कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अवध की माटी में सुर, श्रृंगार और संस्कार की त्रिवेणी बहती है। कार्यक्रम के प्रारंभ में पालिका द्वारा समाजसेवी सम्मान समारोह के अंतर्गत श्री चित्रगुप्त कायस्थ सभा लखीमपुर के संरक्षक राजीव रतन खरे, शशिकांत श्रीवास्तव, अध्यक्ष डॉ.ओ.पी. श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष प्रदीप सक्सेना व मुकेश, तथा यूपी पेंशनर्स कल्याण संस्था के महामंत्री नरेश चंद्र वर्मा जैसे समर्पित समाजसेवियों को विशेष सम्मान से अलंकृत किया गया। इसके उपरांत भारतीय अवधी समाज के महासचिव डॉ. प्रदीप कुमार गुप्ता के संयोजन में मंच पर उतरे प्रसिद्ध लोकगायक दिवाकर द्विवेदी, जिन्होंने मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम की आराधना से संध्या का प्रारंभ कर सुरों की ऐसी सरिता प्रवाहित की कि पूरा मेला पांडाल भक्ति, आनंद और गर्व के रंगों से भर उठा। अवधी कलाकारों की एक के बाद एक प्रस्तुति पर तालियों की गड़गड़ाहट देर रात तक गूंजती रही जैसे अवध की आत्मा स्वयं झूम उठी हो। इस दौरान जब मंत्री सुरेश राही को स्वर्गीय पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रद्धेय रामलाल राही का हस्तनिर्मित चित्र भेंट किया गया, तो क्षणभर के लिए भावनाओं का सागर उमड़ पड़ा मंत्री की आंखों की नमी ने मानो रिश्तों की जड़ों में बसे स्नेह का परिचय दिया। इस दौरान अवधी साधक एवं आराधक डॉ. पी के गुप्ता ने कारागार मंत्री, पालिकाध्यक्षा एवं पूर्व विधायक का अंग वस्त्र पहनाकर सम्मान किया साथ ही अवध की सोंधी संस्कृति का उल्लेख भी किया। उद्घाटन सत्र के मंच संचालन की गरिमा को अपनी ओजस्वी वाणी से सजाया समाजसेवी, साहित्यकार राममोहन गुप्त ने। आभार ज्ञापन अधिशासी अधिकारी संजय कुमार ने किया। उधर मेला परिसर दूधिया रोशनी से नहाया हुआ, झूलों पर झूमते बच्चे, चाट-पकौड़ी की खुशबू में घुला लोक उत्सव सब मिलकर उस दृश्य को स्वर्णिम बना रहे थे। हर कोना लोकल फॉर वोकल के भाव से दमकता दिखा जैसे तराई और अवध की मिट्टी एकसाथ गुनगुना रही हो, जहां गीतों में गंगाजल, और सुरों में संस्कार बसता है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक महेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख दिव्या सिंह, मेलाधिकारी समरा सईद, मेलाध्यक्ष कौशल तिवारी, जेलर, मधुलिका त्रिपाठी, हरिप्रकाश त्रिपाठी, डॉ. वी बी धुरिया, डॉ नमिता विश्वास, श्वेता शर्मा, इंजी. दुर्गेश वर्मा सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमा प्रदान की।

## एक्सप्रेस खबरें...

### सीडीओ ने वाहन को दिखाई हरी झंडी

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इको–फ्रेंडली दीपोत्सव के संकल्प को साकार करने में लखीमपुर की माटी ने अपनी खुशबू भी मिलाई और करामात भी दिखा दी। सीडीओ अभिषेक कुमार की पहल और बीडीओ धौरहरा संदीप कुमार के नेतृत्व में आकांक्षी ब्लॉक धौरहरा की ग्रामीण व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने गोबर से 25 हजार दीपक तैयार कर एक अनोखी मिसाल कायम की है। मंगलवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने प्रशिक्षु आईएएस मनीषधारवे के साथ विकास भवन परिसर से इन इको–फ्रेंडली दीयों से भरे वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये दीपक अब अयोध्या के भव्य दीपोत्सव में राम की पैरी (अयोध्या धाम) को रौशन करेंगे।सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि अयोध्या का दीपोत्सव केवल रोशनी का नहीं, बल्कि जनसहभागिता और स्वावलंबन का उत्सव है। लखीमपुर की महिलाओं ने इस अभियान में जो योगदान दिया है, वह गर्व का विषय है। बीडीओ संदीप कुमार ने बताया कि महिलाओं ने कुछ ही दिनों में गोबर से इतने सुंदर व पर्यावरण हितैषी दीए तैयार किए हैं, जिनसे न केवल आय सृजन हुआ बल्कि आत्मनिर्भरता का दीप भी जला। ग्रामीण महिलाओं की मेहनत और सृजनशीलता से तैयार ये दीए अब अयोध्या की पवित्र भूमि पर जलकर उस संदेश को फैलाएँगे  गोबर का हर दीया, आत्मनिर्भर भारत की ज्योति है।

### जिला जज ने किया जिला जेल का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** जिला जज शिव कुमार सिंह ने जिले में पदभार ग्रहण करने के बाद मंगलवार को पहली बार जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एडीजे वीरेंद्र नाथ पांडेय और सीजेएम प्रमोद यादव भी मौजूद रहे। जिला जज ने सबसे पहले महिला बैरक का निरीक्षण किया। यहां निरुद्ध 37 महिला बंदियों से उनके मुकदमों की जानकारी ली और सरकारी वकील की सुविधा के बारे में पूछा। महिला बंदियों के साथ रह रहे तीन बच्चों को बिस्कुट वितरित किए, जिससे बच्चों के चेहरे खिल उठे। इसके बाद जिला जज जेल में बनी गौशाला पहुंचे, जहां उन्होंने गोवंश को फल खिलाकर दुलार किया। जेल अस्पताल में उन्होंने निरुद्ध 11 बंदियों के इलाज के संबंध में जानकारी ली और जेल चिकित्सक डॉ. दीपान्तर रावत से उपचार व्यवस्था की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिला जज ने जेल पाकशाला में बंदियों के लिए तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की। उन्होंने बच्चा बैरक में निरुद्ध बंदियों से उनकी आयु और मुकदमों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सजायाफ्ता बंदियों की अपील समय से तैयार कर जेल अधीक्षक के माध्यम से उच्च न्यायालय भेजने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि किसी भी बंदी को विधिक सहायता से वंचित न रखा जाए। इस मौके पर जेल अधिवक्ता मोहम्मद सईद खान, जेल अधीक्षक पी.डी. स्लैनिया, जेलर डी.के. वर्मा, डिप्टी जेलर डीपीएस राठौर और डॉ. दीपान्तर रावत मौजूद रहे।

### एक ही दिन दो लूट की घटनाओं से पुलिस के लिए बनी चुनौती

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** त्यौहारी सीजन में कोतवाली क्षेत्र में एक ही दिन दो लूट की घटनाओं ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। पुलिस ने उचक्कों तक पहुँचने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले, लेकिन मंगलवार को भी दोनों घटनाओं का खुलासा नहीं हो सका। जानकारी के अनुसार, गांव सुखदासुपर की रहने वाली लक्ष्मीदेवी पत्नी सुमेर सोमवार को पोती को छोड़कर घर लौट रही थीं। इसी दौरान दो अज्ञात बाइक सवारों ने उनके कान से कुंडल छीन लिए। इस छीना–झपटी में लक्ष्मी देवी गिरकर घायल हो गईं। दूसरी घटना मैगलगंज हाइवे पर हुई, जिसमें अभयपुर–माधोपुर की मंजीत कौर पत्नी जोगेद्र सिंह के कान से भी उचक्कों ने कुंडल नोच लिया। एक ही दिन में दो ऐसी वारदातों से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने दोनों घटनाओं की जांच शुरू की, माधोटांडा रोड और मैगलगंज हाइवे के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। कैमरों में बाइक सवार दिखे, लेकिन उनके चेहरे की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में संदिग्धों की तलाश तेज कर दी है।

# बिना पंजीकरण कोचिंग संस्थाओं पर रोक की मांग, ज्ञापन सौंपा

## अखिल भारत हिन्दू महासभा ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

मंगलवार को अखिल भारत हिन्दू महासभा ने जिले में बिना पंजीकरण और शासकीय अनुमति के संचालित हो रही कोचिंग संस्थाओं पर रोक लगाने की मांग को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने की अगुवाई युवा नगर अध्यक्ष नितिन मिश्रा ने की।



### अव्यवस्थित भवनों में चल रही संस्थाओं से चिंता

संगठन ने ज्ञापन में बताया कि शहरों, कस्बों और ग्रामीण इलाकों में बड़ी संख्या में कोचिंग संस्थान शिक्षा के नाम पर संचालित हो रहे हैं, जिनमें से अधिकांश बिना पंजीकरण के हैं। इन संस्थानों में शिक्षण का स्तर संतोषजनक नहीं है और योग्य शिक्षक भी नहीं नियुक्त किए गए हैं। कई संस्थान छोटे कमरों, बेसमेंट और अव्यवस्थित भवनों में चल रहे हैं, जहाँ पर्याप्त प्रकाश, हवा, बैठने की व्यवस्था और सुरक्षा मानक मौजूद नहीं हैं।

### विद्यार्थियों के लिए खतरा, अग्निशमन और रिकॉर्डिंग की व्यवस्था नहीं

ज्ञापन में कहा गया कि इन संस्थानों में न तो अग्निशमन के साधन उपलब्ध हैं और न ही विद्यार्थियों की उपस्थिति का सही रिकॉर्ड रखा जाता है। इस तरह की स्थिति बच्चों के मानसिक, शैक्षणिक और शारीरिक विकास के लिए अत्यंत हानिकारक है और उनका भविष्य दांव पर लग रहा है।

### व्यापक जांच और कानूनी कार्रवाई की मांग

अखिल भारत हिन्दू महासभा ने प्रशासन से मांग की है कि जिले के सभी कोचिंग संस्थानों की व्यापक जांच कराई जाए। जिन संस्थाओं के पास पंजीकरण या अनुमति नहीं है, उन्हें तत्काल बंद किया जाए और संचालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में किसी भी संस्थान को अनुमति देने से पहले भवन, शिक्षक और सुरक्षा मानकों की गहन जांच की जाए।

### संगठन ने चेतावनी दी, जनआंदोलन की संभावना

संगठन ने कहा कि यह समस्या विद्यार्थियों और अभिभावकों के माध्यम से उनके संज्ञान में आई है, जिसे अब प्रशासन तक पहुंचाया गया है। ज्ञापन सौंपने वालों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन इस मुद्दे पर व्यापक जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, युवा जिला उपाध्यक्ष कृष्णा साहनी, राहुल राठौर, युवा नगर अध्यक्ष नितिन मिश्रा, युवा नगर महामंत्री आयुष अवस्थी, युवा जिला मंत्री लवी सिंह, भगवानदास वर्मा, युवा नगर उपाध्यक्ष वरुण, निशांत, संजय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल में मरीजों को खाने में परोसा जा रहा कीड़े

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** मोहम्मदी तहसील क्षेत्र के ग्राम सहदेवा में स्थित श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल मरीज एवं स्टाफ के खाने की थाली में कीड़े निकालने की बात सामने आई जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। आपत्ति के बाद खाने को बदल गया ।दिल्ली प्रबंधन से ट्विटर अकाउंट के माध्यम से की गई शिकायत। अस्पताल में सैकड़ो भर्ती मरीजों को प्रत्येक दिन खाने में भोजन वितरण किया जाता था ।अचानक कई मरीज एवं स्टाफ के द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों को घटिया खाने का विरोध किया गया ।लेकिन कोई भी सुधार नहीं हुआ एक दिन तो सारी हदें पार हो गई ।कई थालियों में कीड़े दिखाई पड़े जिसको लेकर वीडियो बनाया गया ।सोशल मीडिया पर वायरल हो गया ।इस दौरान मरीज के परिजनों ने जमकर विरोध किया। वहीं प्रबंधन ने मामले की जांच करने की बात कही खास बात तो यह है। इससे पहले कई बार मामले सामने आए प्रमुख प्रबंधन इस मामले में संलिप्त होने के कारण अब तक कोई भी कार्रवाई सुनिश्चित नहीं हो सकी।

# मैलानी–नानपारा रेल ट्रैक के संचालन को प्राइवेट मेडिकल प्रेक्टिस्नर एसो.

## वकील संघ तथा व्यापार मंडल ने धरना को दिया समर्थन



**जन एक्सप्रेस। पलिया कलां खीरी**

मैलानी-नानपारा रेल खंड के पलिया स्टेशन पर बंद मीटर गेज रेल लाइन चलाने और ब्रॉड गेज के लिए क्षेत्र के दर्जनों संगठन पिछले एक सप्ताह से पलिया स्टेशन पर क्रमिक धरना दे रहे हैं मंगलवार को एक सप्ताह बीत जाने के बाद नौवें दिन धरना चलता रहां, सभी संगठनों ने मांग की पलिया, तिकुनिया, बेलरायां क्षेत्र की अनदेखी न की जाए इसे ब्रॉड गेज लाइन से अवश्य जोड़ा जाए जिससे मैलानी से लकर नानपारा तक 171 किलोमीटर के मध्य बने एक दर्जन से अधिक रेलवे स्टेशन तथा रेल संपत्तियों का रखरखाव और 25 लाख से अधिक जनसंख्या को लाभ दिया जा सके। वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ऐ के अवस्थी ने कहा कि जब बनारस में 600 करोड़ रुपए लगाकर रोपवे बनाया जा सकता है तो पीलीभीत के ट्रांस शारदा क्षेत्र सहित पलिया निघासन विधानसभा की 25 लाख से अधिक जनसंख्या के लिए रेल ट्रैक बनाने में सरकार को क्यो परेशानी है।रेल विश्व में दुनिया का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क कहे जाने वाली रेल जहां भारत मे विकास के रास्ते बनाती है वहीं लखनऊ मंडल रेल विभाग के अफसर जो पूरी तरह मैलानी नानपारा रेल खंड पर रेल बंद करने को तुले, काले अंग्रेज सिद्ध हो रहे हैं वह इसे उखाड़ने और लाइन को पलिया से हटाने के लिए प्रयास रत है। वही मंगलवार नौवें दिन की धरना में व्यापार मंडल (कंछल गुट)अध्यक्ष गौरव गुप्ता के नेतृत्व में व्यापार मंडल का प्रतिनिधि मंडल धरना पर बैठे लोगों का करते हुए तन, मन, धन से समर्थन की घोषणा की इस दौरान तहसील महामंत्री राजेश गुप्ता मास्टर, नगर महामंत्री जसवीर फ्लोरा, नारायण दास जिंदल, केडी सिंगल, फिरोज भाई, युवा मंडल अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, महामंत्री आदित्य मौर्य, समाजसेवी लल्ल गौड, अरुण झा, अमरीक सिंह, रामदयाल वर्मा, कामरेड रामकिशन, जसवंत चौहान, राजकपूर, सुरेश चंद्र वर्मा, आसीन गुप्ता ने धरना सफल बनाया। इस दौरान चीनी मिल सभासद निर्भय नारायण सिंह, पूर्व सभासद आदि मौजूद रहे। धरना स्थल पर बालरोग विशेषज्ञ डॉक्टर ऐ की अवस्थी, और प्राइवेट मेडिकल वेलफेयर एसोसिएशन के महामंत्री डॉ प्रियंक गुप्ता, संयोजक डॉक्टर अंशुल शुक्ला, कामरेड आरती राय, कामरेड रामकिशन, आदि ने सबोधित किया।

### शासन की मंशा के अनुरूप हो धान खरीद, एडीएम ने दी कड़ी चेतावनी

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** धान खरीद में पारदर्शिता और किसान हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। यही सख्त संदेश सोमवार को एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कृषि उत्पादन मंडी समिति, राजापुर के औचक निरीक्षण के दौरान दिया। उन्होंने मौके पर विभिन्न क्रय केंद्रों की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और प्रभारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप निष्पक्ष, समयबद्ध और पारदर्शी खरीद प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए ।एडीएम ने धान तौल प्रक्रिया, भुगतान रजिस्टर, भंडारण व्यवस्था और किसानों के सत्यापन की स्थिति का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र प्रभारी से धान की गुणवत्ता और खरीद की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। केंद्र प्रभारी ने बताया कि जिन किसानों का धान नमीयुक्त है, उनका धान मंडी परिसर में सुखाकर खरीदा जा रहा है। किसानों से लगातार अपील की जा रही है कि वे सूखाकर धान लेकर ही मंडी आएं, ताकि तौल और भुगतान की प्रक्रिया में कोई विलंब न हो ।एडीएम ने निर्देश दिए कि आने वाले किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर धान की बिक्री के लिए प्रेरित किया जाए, जिससे उन्हें उनके उपज का पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि खरीद प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही, गड़बड़ी या देरी पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय करते हुए तत्काल कार्रवाई की जाएगी ।एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि किसानों का सम्मान हमारी जिम्मेदारी है। धान खरीद में ईमानदारी और पारदर्शिता से ही शासन की मंशा पूरी होगी।

# डीएम के निर्देश पर पकड़ा गया नकली खाद बनाने का कारखाना

जन एक्सप्रेस । उरई

कृषि अधिकारी की सक्रियता से एट थाना क्षेत्र के ग्राम पिरौना में नकली खाद बनाने की अवैध खाद फैक्ट्री का भंडाफोड़ होते ही किसानों के बीच चर्चाओं का बाजार गर्मा गया तो वहीं नकली खाद के अवैध कारोबार से जुड़े सात लोगों के विरुद्ध एट थाना में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर बरामद नकली खाद को जब्त कर लिया गया।

गौरतलब हो कि जनपद के किसानों को खाद सुगमता से मिल सके इसके लिये जिलाधिकारी ने सतत निगरानी व्यवस्था को सक्रिय कर दिया था और किसी भी कीमत पर नकली खाद किसानों तक न पहुंचने पाये इसके लिये भी दिशा निर्देश जारी किये गये थे। इसके बाद से ही कृषि अधिकारी गौरव यादव निरंतर अपने विश्वसनीय सूत्रों से समूचे जिले से जानकारी प्राप्त करने में जुट गये थे। जैसे ही बीती देर रात्रि कृषि अधिकारी गौरव यादव को सूचना मिली कि एट थाना क्षेत्र के



ग्राम पिरौना में हाइवे किनारे एक स्थान से इफको की नकली खाद का अवैध कारोबार संचालित हो रहा है तो उन्होंने अपने साथ विभागीय अधिकारियों को लेकर छापामार कार्यवाही को अंजाम दिया और जिस स्थान पर नकली खाद रखी गयी थी उसको सीज कर दिया इसके बाद उन्होंने जिलाधिकारी को सारे मामले से अवगत कराकर अग्रिम कार्यवाही के बारे में दिशा निर्देश दिये। मंगलवार को कृषि अधिकारी पुनः उसी स्थान पर पहुंचे जहां पर उन्होंने नकली खाद को बरामद किया था तो वहां का ताला खोलकर नकली खाद की बोरियों की गिनती करायी गयी जिसमें 102 बोरी नकली खाद बरामद की गयी जबकि 58 बोरी खाली, कच्चा माल, 6 नई खाली बोरी, 288 खाली बोरियां, सिलाई मशीन, जेनरेटर आदि बरामद किया। इसके बाद उन्होंने एट थाना पहुंचकर नकली खाद कारोबार से जुड़े हरिपाल पुत्र स्व. बाबूराम, विधाता यादव, दाता यादव पुत्रगण स्व. रामपाल सिंह, इंदल सिंह, जालिम सिंह पुत्रगण जमुनादास निवासीगण ग्राम पिरौना जनपद जालौन, छोटू उर्फ शुभ रिछारिया निवासी ग्राम सेसा थाना पूंछ जनपद झांसी, कृष्ण कुमार यादव निवासी ग्राम ढेरी के विरुद्ध जिलाधिकारी के अनुमोदन उपरांत उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 (10) की धारा 3/7 में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

## किशोरी ने सूने घर में फांसी लगाकर दी जान

**उरई।** कोतवाली क्षेत्र के सरसौखी में किन्हीं कारणों के चलते किशोरी ने सूने घर में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम पडौरी निवासी भटलू परिवार सहित शहर ग्राम सरसौखी में किराए के मकान में रह रहा था। बताया गया कि वह उरई में गुमटी लगाकर परिवार का भरण-पोषण करता है। सोमवार को पूरा परिवार किसी रिश्तेदार के यहां त्रयोदशी में शामिल होने गया था। जबकि पुत्र चरणजीत काम पर गया था और घर में 15 वर्षिय पुत्री कीर्ति अकेली थी। देर शाम जब भाई घर लौटा तो उसे दरवाजा बंद मिला। उसने दरवाजा से झांककर देखा तो बहन कीर्ति फांसी के फंदे पर लटक रही थी। यह दृश्य देखकर उसके होश उड़ गए, और उसने तुरंत आसपास के लोगों को बुलाकर पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों का कहना है कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच पड़ताल की जा रही है।

## राजस्व वसूली में ढिलाई पर डीएम की सख्ती, लक्ष्य पूर्ण न करने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । उरई




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की बैठक कर विभिन्न विभागों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। उन्होंने आबकारी, स्टाम्प, परिवहन, विधुत विभाग, खनिज व व्यापार कर विभाग की लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली कम होने पर प्रतिकूल प्रविष्टि के निर्देश संबंधित अधिकारियों को तीन दिवस में सुधारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मंडी परिषद भी अपनी राजस्व वसूली में तेजी लाए। उन्होंने चेतावनी दी कि लक्ष्यों की प्राप्ति में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों को निर्देशित किया कि तीन वर्ष से अधिक पुराने राजस्व वादों का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने कहा कि धारा 34 व 116 के अंतर्गत लंबित वादों को जल्द से जल्द समाप्त किया जाए ताकि आम जनता को समय पर न्याय मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि सरकारी भूमि, तालाब, चारागाह व अन्य सार्वजनिक संपत्तियों पर अवैध अतिक्रमणों के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर कब्जे की शिकायत मिलने पर तत्काल राजस्व व पुलिस टीम संयुक्त रूप से कार्रवाई करे। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के विकास कार्यों को गति देने और शासन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सभी विभाग पारदर्शिता, तत्परता और उत्तरदायित्व की भावना से कार्य करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी फील्ड में रहकर समस्याओं का समाधान करें और जनहित के कार्यों में कोई लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) योगेंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) प्रेमचंद मौर्य, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल सहित सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जालौन की तान्या और औरैया की प्रिया ने अंडर-19 विमेंस स्टेट टीम की फाइनल सूची में ठोकी दावेदारी

जन एक्सप्रेस । उरई



जालौन और औरैया जिलों के लिए गर्व का क्षण में जालौन की तान्या और औरैया जिले की प्रिया ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर अंडर-19 विमेंस स्टेट टीम की फाइनल सूची में जगह बनाने की प्रबल दावेदारी ठोकी है। तान्या पुलिस लाइन क्रिकेट अकादमी, उरई से प्रशिक्षण ले रही हैं, जहाँ कोच रिकी सिंह के मार्गदर्शन में उन्होंने अपने खेल को निखारा है। वहीं, प्रिया ने भी अपने लगातार बेहतर प्रदर्शन से चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया है। तान्या और प्रिया ने बताया कि यह उनके लिए एक बड़ा अवसर है और वे राज्य टीम में स्थान पक्का करने के लिए पूरी मेहनत कर रही हैं। कोच रिकी सिंह ने कहा कि दोनों खिलाड़ी शुरुआत से ही अनुशासित, मेहनती और खेल के प्रति समर्पित रही हैं। उनका प्रदर्शन निस्संदेह जिले और प्रदेश के लिए गौरव की बात है। इस उपलब्धि पर जालौन और औरैया जिलों में खुशी और उत्साह का माहौल है। खेल प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों ने दोनों बेटियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## केशव परिहार जैसे दलालों से सावधान रहकर ना आएं किसी के झांसे में : गौरव गुप्ता

### एसडीओ के सीयूजी नंबर पर मिली धमकी, रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । उरई

चेकिंग दौरान कई स्थानों पर लगे मीटरों में छेड़छाड़ में किसी केशव परिहार नामक व्यक्ति की संलिप्तता के बारे में जानकारी मिलने पर जहां विभागीय अधिकारी सकते में आ गये, तो वहीं दुष्यंत नामक व्यक्ति ने अपने मोबाइल पर एसडीओ के सीयूजी नंबर पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर मानहानि में उपखंड अधिकारी की तहरीर पर आरोपी पर संबंधित धाराओं में सदर कोतवाली में एफआईआर दर्ज करायी गयी। मिली जानकारी के अनुसार उपखंड अधिकारी टाउन द्वितीय गौरव गुप्ता 13 अक्टूबर को अवर अभियंता 33/11 केवी कोंच नाका विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। तभी झांसी रोड के आसपास के कई परिसरों में मीटर आदि में छेड़छाड़ करने में किसी केशव परिहार की संलिप्तता पायी गयी। उसी मोहल्ले में एक उपभोक्ता के बताने पर केशव परिहार के परिसर पर पहुंचने पर केशव परिहार द्वारा उनकी संलिप्तता से इंकार किया गया। तभी दुष्यंत कुमार नाम व्यक्ति द्वारा मोबाइल नंबर 6393028508 से उपखंड अधिकारी द्वितीय के सीयूजी नंबर 9415090599 पर फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर मानहानि की गयी एवं कहा गया कि यदि उरई में नौकरी करनी है तो केशव परिहार को न छेड़ा जाये एवं कल 11 बजे तक न मिलने पर लाईव चलाकर मानहानि करने की भी धमकी दी।उक्त तहरीर जैसे ही सदर कोतवाली पुलिस को मिली तो उसने तत्काल दुष्यंत कुमार निवासी झांसी रोड उरई के विरुद्ध धारा 352, 351 (2) में मुकदमा दर्जकर लिया। इस मामले में उपखण्ड अधिकारी गौरव गुप्ता का कहना है कि उपभोक्ता केशव परिहार जैसे दलालो से सावधान रहें और लालच में आकर किसी के भी झाँसे में ना आएँ। अपना बकाया बिल ऑफिस में जाकर स्वयं ही अपना बिल जमा करें। इसके अलावा उपखण्ड अधिकारी का कथन है कि इस तरह अभियान चलाकर पूरे क्षेत्र में इस तरह के प्रकरणों की जानकारी लगने पर संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही हैं।

## खाद्य विभाग की टीम ने कार्रवाही करते हुए नकली खोया,पनीर,दूध किया नष्ट

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

दीपावली पर्व पर जनमानस को सुरक्षित एवं शुद्ध दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सघन निरीक्षण एवं प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में मंगलवार को खाद्य सचल दल ने सहायक आयुक्त खाद्य अजय कुमार जायसवाल के नेतृत्व में मंगलवार सुबह का छेरत रोड स्थित एफएम टावर के पास खोये से भरी एक पिकअप गाड़ी को पकड़ा।गाड़ी में लगभग 15 कुंतल खोया लदा हुआ पाया गया,जो अस्वच्छ एवं अस्वस्थकर परिस्थितियों में परिवहन किया जा रहा था। खोये से दुर्गंध आने एवं प्रारंभिक जांच में मिलावट की आशंका पाए जाने पर मौके से तीन नमूने संग्रहित किए गए। शेष खोया कुल 15 कुंतल,अनुमानित मूल्य 3,75,000 रुपया को नष्ट कराया गया,क्योंकि यह मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाया गया। नमूनों को जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है।रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत संबंधित के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की जाएगी।इसी क्रम में सहायक आयुक्त एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने प्रेमपुर खैर स्थित रोहित पनीर डेयरी का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान प्रथम दृष्ट्या मिलावट की आशंका एवं स्वच्छता मानकों के उल्लंघन की पुष्टि पर टीम ने नोटिस जारी करते हुए कुल 8 खाद्य नमूने पनीर,दूध,सोयाबीन,पामोलीन तेल व मिल्क पाउडर सग्रहीत किए।

## सड़क सुरक्षा को लेकर डीएम की सख्ती तीन दिन में गड्ढा मुक्त होंगे मार्ग, रॉन्ग साइड ड्राइविंग पर होगी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एनएच-27 मार्ग पर कालपी से आटा तक बने गड्ढों को तीन दिनों के भीतर ठीक करने के निर्देश दिए। साथ ही, ब्लाइंड स्पॉट क्षेत्रों में साईनेज केटआई, रंबल स्ट्रिप, थर्मोप्लास्टिक मार्किंग, ब्लींकर लाइट आदि लगाने पर बल दिया, ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने एसडीएम व एआरटीओ को निर्देशित किया कि रॉन्ग साइड ड्राइविंग, ओवर स्पीड, ड्रिंक एंड ड्राइविंग, बिना हेलमेट या सीट बेल्ट, तथा मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने सीएमओ, एआरटीओ, जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालयों में सड़क सुरक्षा जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। समाजसेवियों के सहयोग से छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी देने हेतु कार्यशालाएं आयोजित की जाएं। साथ ही, स्कूल बसों की नियमित फिटनेस जांच, चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण, कैमरे की स्थापना एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी निर्माणाधीन सड़कों को गड्ढामुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए।राठ-कालपी-मदारीपुर मार्ग पर बने गड्ढों को तुरंत ठीक कराने और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में संकेतक बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़कों के दोनों ओर उगी झाड़ियों की छटाई, अतिक्रमण हटाने, तथा दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान रखने जैसी प्रवृत्तियों पर रोक लगाई जाए। साथ ही चौराहों पर रेडी-पटरी वाले अपने सामान पीछे रखें, यह सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, सीओ सिटी अर्चना सिंह, अधिशासी अभियंता अमित सक्सेना, अधिशासी अभियंता सीडी प्रथम सुनील कुमार, एआरटीओ राजेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## युवक का शव खेत में मिलने से मचा हड़कंप

**अलीगढ़।** थाना पिसावा क्षेत्र के गांव जलालपुर के खेतों में मंगलवार को एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया ।मृतक की पहचान जलालपुर निवासी दिनेश कुमार उर्फ बिट्टू पुत्र रामकिशन के रूप में हुई है ।दिनेश कुमार 6 अक्टूबर से अपने घर से लापता था ।उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट 9 अक्टूबर को पिसावा थाने में दर्ज कराई गई थी। ग्रामीणों की सूचना पर पिसावा थाना प्रभारी रवि चंद्रवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फील्ड यूनिट की टीम, सीओ खैर वरुण सिंह और इंस्पेक्टर रवि चंद्रवाल ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। परिजनों ने भी शव की शिनाख्त की ।इंस्पेक्टर रवि चंद्रवाल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी ।उधर गांव में भी चर्चा का विषय बना हुआ है कि एक सप्ताह से लापता हुए व्यक्ति का अचानक शव खेत में मिलता है ।पुलिस ने मृतक के शव को लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## डॉ. मोहम्मद शुएब को आईईईई का सीनियर सदस्य बनाया गया

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जाकिर हुसैन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद शुएब को विश्व की प्रतिष्ठित संस्था इंस्टिट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स (आईईईई) का सीनियर मेंबर बनाया गया है। आईईईई का सीनियर मेंबर ग्रेड एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, यह उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने तकनीकी और पेशेवर क्षेत्रों में असाधारण योगदान दिया हो। यह गौरव केवल आईईईई के कुल चार लाख से अधिक सदस्यों में से लगभग दस प्रतिशत लोगों को ही प्राप्त होता है।

## दो अनाथ बच्चों के लिए वरदान बने कुठौन्द थाना प्रभारी

जन एक्सप्रेस । उरई




पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा के कुशल नेतृत्व में जनपद जालौन पुलिस निरंतर महिला सुरक्षा, जागरूकता और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। इसीक्रम में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत एक संवेदनशील और प्रेरक घटना सामने आई है, जिसने पुलिस की मानवीय छवि को और अधिक मजबूत किया है। थाना कुठौन्द की मिशन शक्ति/एण्टीरोमियो टीम द्वारा आदर्श विद्यापीठ इंटर कॉलेज, कस्बा कुठौन्द में छात्राओं को जागरूक करने हेतु एक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था।कार्यक्रम के दौरान टीम को जानकारी मिली कि विद्यालय में पढ़ने वाले दो बच्चे अर्पित और अभी, पुत्र स्वर्गीय रामलखन सविता, मूल निवासी ग्राम भरसैन, थाना औरैया, वर्तमान में अपने नाना रामनरेश पुत्र रामभरोसे, निवासी ग्राम सलेमपुर कालपी थाना कुठौन्द के साथ रह रहे हैं। दोनों बच्चे अनाथ हैं उनके माता-पिता का निधन हो चुका है और नाना की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे अपनी पढ़ाई के लिए किताबें खरीदने व फीस जमा करने में असमर्थ थे। इस स्थिति की जानकारी मिशन शक्ति टीम ने थाना प्रभारी अरुण कुमार राय को दी।घटना की जानकारी मिलते ही निरीक्षक अरुण कुमार राय ने अत्यंत संवेदनशीलता के साथ तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने दोनों बच्चों को थाना बुलवाया और उन्हें आवश्यक पुस्तकें अध्ययन सामग्री प्रदान की। साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य से संपर्क कर दोनों बच्चों ÷अर्पित और अभी÷ की एक वर्ष की फीस स्वयं अपने निजी खर्च से जमा कराई। थाना प्रभारी का यह मानवीय कदम न केवल बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लेकर आया बल्कि समाज में यह संदेश भी दिया कि पुलिस केवल कानून-व्यवस्था की रक्षक नहीं बल्कि मानवता की प्रहरी भी है। इस कार्य की जानकारी जब क्षेत्रीय लोगों को हुई तो आमजनमानस ने कुठौन्द थाना प्रभारी अरुण कुमार राय का हृदय से धन्यवाद दिया। मिशन शक्ति टीम की तत्परता और संवेदनशीलता ने यह सिद्ध कर दिया कि अभियान केवल कागज़ों तक सीमित नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर समाज को बदलने का माध्यम बन रहा है। जनपद जालौन पुलिस द्वारा किए जा रहे ऐसे मानवीय और सामाजिक कार्य आज पुलिस प्रशासन की छवि को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। थाना प्रभारी अरुण कुमार राय का यह प्रयास उन असहाय बच्चों के लिए न केवल वरदान साबित हुआ बल्कि पूरे समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण भी बन गया है।

## स्कूटी सवार युवक पर कार सवारों ने की फायरिंग, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

थाना क्वार्सी चौराहे पर तीन दिन पहले स्कूटी सवार युवक पर कार सवारों ने हमला करते हुए फायर किया था।हमले का आरोप शहर के प्रमुख बिल्डर बसपा से विधानसभा प्रत्याशी रहे धर्मेंद्र चौधरी के बेटे व उसके साथियों पर लगा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।कटारा कॉलोनी क्वार्सी के विशाल दुबे ने बताया कि 10 अक्तूबर की देर रात वह किसी काम से स्कूटी से क्वार्सी चौराहा पर गया था। वह वहां दुकान के पास खड़ा था। तभी एक स्कॉर्पियो व एक क्रेटा में नामजद विनय यादव,रोनित व वैभव चौधरी आदि आए। उन्होंने आते ही विशाल से हाथापाई शुरू कर दी। इस बीच वैभव चौधरी ने तमंचा निकालकर उसके सीने की ओर फायर किया, लेकिन वह बाल-बाल बच गया। इसके बाद आरोपी धमकाते हुए भाग गए।उन्होंने आते ही विशाल से हाथापाई शुरू कर दी। इस बीच वैभव चौधरी ने तमंचा निकालकर उसके सीने की ओर फायर किया, लेकिन वह बाल-बाल बच गया। इसके बाद आरोपी धमकाते हुए भाग गए।खबर पर पुलिस ने पहुंच जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है।सीओ तृतीय सर्वम सिंह के अनुसार नामजदों की पहचान की गई है।इनमें एक बिल्डर का बेटा वैभव है। सभी आरोपियों की तलाश की जा रही है।युवकों में आपसी रंगबाजी के झगड़े में इस घटना को अंजाम दिया गया है।विशाल सभी को पहले से जानता है।

## 25 हजार रूपये के इनामी गैंगस्टर से पुलिस की मुठभेड़, गोली लगने से घायल

जन एक्सप्रेस । उरई



जालौन में पुलिस और 25 हजार रुपए के इनामी गैंगस्टर के बीच मुठभेड़ हो गई। फायरिंग के दौरान 25 हजार रुपये का इनामी गैंगस्टर रामजी पटेल गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे पकड़कर अस्पताल में भर्ती कराया है।

जालौन के आटा थाना क्षेत्र के उकासा जाने वाली मोड़ के आगे पुलिस को सूचना मिली थी कि कुख्यात गैंगस्टर रामजी पटेल निवासी ग्राम संधी थाना आटा, किसी वारदात की योजना बनाकर गोविंदम होटल की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही जालौन कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी और थाना आटा प्रभारी अजय कुमार ने संयुक्त रूप से घेराबंदी की। जैसे ही पुलिस ने रामजी पटेल को रोकने का प्रयास किया, उसने पुलिस टीम पर तीन राउंड फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में लगी, जिसके बाद वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने उसे तत्काल हिरासत में लेकर अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ करीब दो दर्जन चोरी और लूट के मुकदमे दर्ज हैं। उस पर दो गैंगस्टर एक्ट के मामले भी चल रहे हैं। उसकी गिरफ्तारी पर 25,000 रुपए का इनाम घोषित था। एसपी ने बताया कि रामजी पटेल लगातार सक्रिय था और हाल में भी अपराध की साजिश में शामिल होने की सूचना मिल रही थी। फिलहाल घायल बदमाश से पूछताछ की जा रही है ताकि उसके अन्य साथियों और हालिया अपराधों का खुलासा किया जा सके।

## तनिष्क का नया 'मृगांक'- फेस्टिव कलेक्शन जो आपको दिव्य दुनिया की सफर करवाता है

जन एक्सप्रेस । आगरा

भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा समूह का एक हिस्सा, तनिष्क ने त्योहारों के सीज़न के लिए, प्रस्तुत किया है आकर्षक कलेक्शन मृगांक, जो पौराणिक और कल्पनाशील दुनिया से प्रेरित है, जहाँ तैरते महल, दिव्य उद्यान और अलौकिक जीव सोने में साकार होते हैं। कहानी कहने की कला और सुंदरता बढ़ाने के लिए प्रतीकों का उपयोग भारत में सदियों से मशहूर है, मृगांक का हर आभूषण उन्ही से प्रेरित होकर त्यौहार की भावना को सम्मानित करता है। साहसी, कल्पनाशील और आश्चर्यजनक रूप से अलौकिक - मृगांक की इस भावना को मूर्त रूप देने के लिए तनिष्क ने पूर्व मिस वर्ल्ड और एक्टर मानुषी छिल्लर को चुना है। तनिष्क का विचार एक ऐसी दृश्य दुनिया बनाने का था, जो ट्रेंड्स से परे हो, जहाँ हर तत्व, चाहे वह एक रहस्यमयी थ्रीडी पक्षी हो या एक शानदार महल, आश्चर्य और उपस्थिति का एहसास जगाएगा। पौराणिक जीवों और काल्पनिक फूलों से प्रेरित, मृगांक को कल्पना की तरह शानदार और सपनों की तरह भव्य बनाया गया है। स्टोन-ऑन-स्टोन जड़ाऊ, बेडरूम, चांडक, रस रवा और जटिल जाली परतों जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग करके तैयार किए गए इस कलेक्शन में रंगीन कुंदन, मीनाकारी और थ्रीडी मोटिफ का खूबसूरत मिलाप है। हर आभूषण एक द्वार है, जो पहनने वाले को मृगांक की काल्पनिक दुनिया में ले जाता है, जहां मिथक और कलात्मकता एक दूसरे से जुड़े हुए हैं।

# महराजगंज महोत्सव में प्रतिभा का जलवा, अंतरविद्यालयी सांस्कृतिक कार्यक्रम की स्क्रीनिंग संपन्न

## 700 से अधिक छात्र-छात्राओं ने दिखाई अपनी कला, चयनित प्रतिभागी देंगे मुख्य मंच पर प्रस्तुति

जन एक्सप्रेस | महराजगंज



आगामी महराजगंज महोत्सव के अंतर्गत आयोजित होने वाले अंतरविद्यालयी सांस्कृतिक कार्यक्रम की स्क्रीनिंग प्रक्रिया आज जवाहरलाल नेहरू पीजी कॉलेज, महराजगंज में संपन्न हुई। उपरोक्त कार्यक्रम के लिए जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने अपनी-अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर निर्णायक मंडल और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

जूनियर वर्ग में कुल 32 विद्यालयों तथा सीनियर वर्ग में 14 विद्यालयों के लगभग 700 बच्चों ने भाग लिया। मंच पर प्रस्तुत नृत्य, नाटक, गीत और लोककला कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। निर्णायक मंडल ने प्रस्तुतियों का मूल्यांकन मंच प्रभाव, समन्वय, परिधान और प्रस्तुति कौशल के आधार पर किया। चयनित प्रतिभागियों को आगामी महराजगंज महोत्सव के मुख्य मंच पर अपनी प्रस्तुति देने का अवसर प्राप्त होगा। कार्यक्रम का संचालन पंकज मौर्या द्वारा किया गया।

जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार महराजगंज महोत्सव को सफल बनाने और स्थानीय छात्र-छात्राओं की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए स्क्रीनिंग प्रक्रिया 16 अक्टूबर तक जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य जनपद की लोकसंस्कृति, परंपरा और नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। श्री मणि ने कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से बच्चों में सांस्कृतिक चेतना और आत्मविश्वास का विकास करना प्रशासन की प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने सभी विद्यालयों से अपील की कि वे अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को ऐसी गतिविधियों में शामिल करें, जिससे जनपद की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊर्जा मिले।

कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार, एसडीएम विजय यादव, बेसिक शिक्षा अधिकारी सुश्री ऋद्धि पांडेय, जिला पंचायतराज अधिकारी श्रेया पांडेय सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। स्क्रीनिंग उत्साहपूर्ण और अनुशासित वातावरण में संपन्न हुई।

# पत्नी को भगा ले गया युवक तो पति ने उसकी नानी को किया अगवा

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

कसया थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर तीन की रहने वाली एक बुजुर्ग महिला का रविवार की शाम स्कार्पियो सवार युवक ने अपने साले और सास की मदद से अपहरण कर लिया। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया था। सोमवार को पुलिस ने हाईवे पर पकवाइनार के पास से अपहृत महिला को बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, इसमें शामिल स्कार्पियो को भी पुलिस जब्त कर लिया।

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि जिस महिला को उन्होंने अगवा किया था उसका नाती गुजरात के अहमदाबाद में पड़ोस में रहता था। आरोपी ने युवक की पत्नी को दो बच्चों संग प्रेमजाल में फंसाकर भगा ले गया।

पत्नी को पाने के लिए युवक ने उसकी नानी को अगवा किया था।

पुलिस की जांच में पता चला कि घटना के पीछे प्रेम प्रसंग का मामला है। बस्ती जिले का रहने वाला अपहरणकर्ता की पत्नी का कसया थाना क्षेत्र में अपने ननिहाल में रहने वाले युवक से अवैध संबंध था।

# असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है रावण दहन



जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है रावण का पुतला दहन। यह परंपरा मेरे पूर्वजों ने 97 वर्ष पहले शुरुआत की थी। तब से अब तक निरंतर रामलीला का सजीव मंचन, रावण दहन व कुश्ती का आयोजन होता आ रहा है। ये बातें सांसद विजय कुमार दूबे ने कही। वह अपने गांव मठिया में सोमवार को रामलीला मंचन, रावण वध व रावण के पुतला दहन के दौरान कही।ये बातें सांसद विजय कुमार दूबे ने कही। वह अपने गांव मठिया में सोमवार को रामलीला मंचन, रावण वध व रावण के पुतला दहन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मंगलवार को कुश्ती का आयोजन किया जाएगा। पुतला दहन के दौरान जय श्रीराम व जय हनुमान के जयघोष से गूंज उठा। इस मौके पर आनंद दूबे, ब्लॉक प्रमुख शशांक दूबे, संतोष मणि त्रिपाठी सहित श्रद्धालु मौजूद थे।

# प्राचार्य ने खामियों को दुरुस्त करने के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस | देवरिया



महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रजनी पटेल ने सोमवार को एमसीएच विंग का निरीक्षण किया। वह हर फ्लोर पर गईं। खामियों को देखा और सुधार के निर्देश दिए।

प्राचार्य सबसे पहले ओपीडी पहुंची। यहां मरीजों व चिकित्सकों से बात कर हाला जाना। उन्होंने डॉक्टरों को प्रिसक्रिप्शन को ऑनलाइन कम्प्यूटर पर लिखने के निर्देश दिए। इसके लिए तत्काल जरुरी तार वगैरह का इंतजाम किया गया। इसके बाद प्राचार्य प्रथम तल पर पहुंची। उन्होंने लेबर रूप से लेकर वार्ड तक हर जगह निरीक्षण किया। वहां भर्ती मरीजों से बात कर सुविधाओं की जानकारी ली।

तीमारदार मरीज का खाना लेकर जा रहीं थीं, उससे भोजन की गुणवत्ता की जानकारी लीं। इसके बाद वह द्वितीय तल पर पहुंचीं। स्टाफ नर्स आदि से बात कर हाल जाना। वहां से निकलकर वह ओटी में पहुंचीं।

# पंजाब से बिहार जा रही बस में पकड़ी गई शराब

जन एक्सप्रेस | देवरिया

लार के मेहरौना में सोमवार को पंजाब से बिहार जा रही एक सवारियों भरी बस में चेकिंग के दौरान एक पेटी अवैध शराब पकड़ी गई। पुलिस बस और दो चालकों को लेकर थाने चली गई, मगर एक भी यात्री यह बताने को तैयार नहीं हुआ की शराब किसकी थी। जानकारी के अनुसार, बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बिहार सीमा स्थित पुलिस चेकपोस्ट पर चेकिंग अभियान तेज कर दी गई है। इससे पूर्व भी मेहरौना पार होते ही कई अवैध शराब की गाड़ियां पकड़ी जा चुकी हैं। सोमवार को जब पुलिस ने जांच अभियान चलाया तो मेहरौना चेक पोस्ट पर एक बस में एक पेटी शराब पकड़ी गई। पकड़े गए चालक सतगुर सिंह पावर कॉलोनी, थाना पाटडा जिला पटियाला, जसविंदर सिंह निवासी गुरुनानक कालोनी निकट आईटीआई ,मनेर कोटला थाना अमरगढ़ जिला मनेर कोटला को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार, दो चालकों पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करता है आरएसएस

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर



अपने गठन के बाद से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र निर्माण का विराट उद्देश्य लेकर चला। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए संघ ने व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का रास्ता चुना और इस चलने के लिए जो कार्यपद्धति चुनी वो थी नित्य-नियमित चलने वाली शाखाएं।

संघ शाखा का मैदान, एक ऐसी प्रेरणा भूमि है, जहां से स्वयंसेवक की अहम से वयं की यात्रा शुरू होती है। संघ की शाखाएं व्यक्ति निर्माण की यज्ञवेदी हैं।

ये बातें राज्य सभा सांसद आरपीएन सिंह ने कही। वे सोमवार की शाम शहर के जूनियर हाईस्कूल परिसर से आरएसएस की तरफ से निकली पथ संचलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण का महान उद्देश्य, व्यक्ति निर्माण का स्पष्ट पथ और शाखा जैसी सरल, जीवंत कार्यपद्धति यही संघ की सौ वर्षों की यात्रा का आधार बने। इन्हीं स्तंभों पर खड़े होकर संघ ने लाखों स्वयंसेवकों को गढ़ा, जो विभिन्न क्षेत्रों में देश को आगे बढ़ा रहे हैं।

इस दौरान नीरज सिंह बिट्टू, रवि कीर्ति, ऋतिक सिंह गौतम, रामाश्रय गौतम आदि मौजूद रहे। तुर्कपट्टी प्रतिनिधि के अनुसार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तरफ से सोमवार को बाजार में पथ संचलन निकाली गई।

# पार्टी की नीतियों को आमजन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर



समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कस्बे के एक मैरिज हाल में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें संगठन को मजबूत बनाने और आगामी चुनावी तैयारी को लेकर चर्चा की गई।

जिलाध्यक्ष रामअवध यादव ने कहा कि पार्टी हमेशा आमजन, किसानों, नौजवानों और गरीबों की आवाज उठाने का काम करती है। सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने को लेकर कार्य करें। सभी कार्यकर्ता पूरे मनोयोग और एकजुटता के साथ समाजवादी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में जुट जाएं। सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव राजन शुक्ला ने कहा कि प्रदेश की जनता आज महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से त्रस्त है, ऐसे में समाजवादी विचारधारा ही जनता को राहत दे सकती है।

पूर्व जिलाध्यक्ष इलियास अंसारी ने कहा कि पीडीए के साथ विकास के मुद्दे और कार्यकर्ताओं के दम पर सपा 2027 में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। इस मौके पर वरिष्ठ सपा नेता डाक्टर राजेश्वर सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लखीचंद यादव, संतोष तिवारी, पूर्व प्रमुख संजय गुप्ता, हसमुद्दीन अंसारी आदि मौजूद रहे।

# स्टेशन पर उतरा खोया-क्विंटल में पकड़ा गया

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

त्योहार में मिलावटी खाद्य सामग्री पर रोक लगाने के लिए मुख्यमंत्री ने विशेष निर्देश दे रखे हैं। इसके लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने तीन टीमें गठित कर मिठाई की दुकान, कारखाना और अन्य दुकानों के गोदामों की जांच शुरू कराई है। दिवाली से पहले बाजार मिलावटी खाद्य सामग्रियों से पट गया है। धंधेबाज मोटे मुनाफे के चक्कर में लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग के अभियान में सोमवार को कानपुर से मंगाया गया 14 क्विंटल मिलावटी खोआ अलग-अलग जगहों से पकड़ा गया। हमसफर एक्सप्रेस से मंगाया गया चार क्विंटल खोआ रेलवे स्टेशन के पास और 10 क्विंटल खोआ नौसड़ के प्राइवेट बस अड्डे से पकड़ा गया। वहीं गोरखनाथ इलाके की एक नमकीन फैक्टरी की जांच के दौरान करीब 100 लीटर खराब तेल को नष्ट कराया गया।

# मीठे जहर से रहें होशियार...बाजार में मिलावटी मिठाइयों की भरमार

जन एक्सप्रेस | देवरिया



दीपावली त्योहार करीब है। ऐसे में धंधेबाज मिलावटी मिठाई बाजार में उतारने की फिराक में हैं। उन्हें लोगों की सेहत से कोई हमदर्दी नहीं है। हालांकि, खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम लगातार छापा मार रही है।

बावजूद इसके धंधेबाज अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे हैं। त्योहार नजदीक आते ही जिले की दुकानों पर सिंथेटिक रंग, मिलावटी सामग्री से बनी मिठाइयां पहुंचाई जा रही है। त्योहार के मौके पर बाजार में मिठाइयों की मांग कई गुना बढ़ जाती है। धंधेबाज इसी का फायदा उठाने की हर तरकीब अपना रहे हैं।

बर्फी, लड्डू, पेड़ा और छेना से बनी मिठाइयों में सर्वाधिक मिलावट की आशंका रहती है। इधर, जिले में कई जगह धंधेबाजों ने शहर से बाहर मिठाई का कारखाना बना लिया है। यहां बनी मिठाई दुकानों पर भेज दी जाती है।

धंधेबाज मौके का फायदा उठाने के लिए हर तरकीब अपना रहे हैं, ताकि ग्राहकों को अपने जाल में फंसा सकें। मिलावटी घी में तैयार मिठाई को असली घी में बना बताकर बेच रहे हैं।

ग्राहक भी इनकी बातों पर विश्वास कर मिठाई खरीद ले रहे हैं, जबकि इन मिठाइयों के सेवन से गैस्ट्रो एंट्राइटिस, फूड पॉइजनिंग का खतरा रहता है। लिवर और किडनी पर भी असर हो सकता है, इसलिए सावधानी बरतने की जरूरत है।

# भाभी के साथ शौच करने जा रही युवती से यौन शोषण की कोशिश

जन एक्सप्रेस | देवरिया

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती दो दिन पहले भाभी के साथ शौच करने गांव के बाहर जा रही थी।

आरोप है कि गांव के मनबढ़ किस्म के दो युवकों ने युवती के साथ छेड़खानी करते हुए यौन शोषण की कोशिश की। इसकी शिकायत जब पीड़िता ने कोतवाली पुलिस से की तो मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया।

सोमवार को कोतवाली में डीआईजी शिव शिंमी चन्नप्पा के आने की सूचना पर पीड़िता बहन के साथ कोतवाली पहुंची और और आपबीती बताया। युवती की बात सुन डीआईजी ने कोतवाल को फटकार लगाते हुए तत्काल जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि रविवार की सुबह वह भाभी के साथ शौच करने जा रही थी। आरोप है कि गांव दो युवक उसके साथ छेड़खानी करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने उसे सड़क पर गिरा दिया और यौन शोषण करने करने की कोशिश करने लगे। शोर मचाने आरोपी भाग गए।कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि रविवार की सुबह वह भाभी के साथ शौच करने जा रही थी। आरोप है कि गांव दो युवक उसके साथ छेड़खानी करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने उसे सड़क पर गिरा दिया और यौन शोषण करने करने की कोशिश करने लगे। शोर मचाने आरोपी भाग गए। इसी बीच पीड़ित को कोतवाली में डीआईजी के आने की जानकारी मिली तो वह बहन के साथ कोतवाली पहुंचकर अपनी पीड़ा सुनाई।

मामले को गंभीरता से लेते हुए डीआईजी ने कोतवाल सुनील कुमार पटेल को बुलाकर तत्काल मामले की जांच कर कार्रवाई की बात कही। नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सीओ मनोज कुमार ने बताया कि डीआईजी के निर्देश पर मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# एम्स के छात्रों ने एएफएमसी पुणे में किया पहला छात्र विनिमय कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

एम्स के छात्रों ने सशस्त्र सेना चिकित्सा महाविद्यालय जाना सैन्य चिकित्सा का आधुनिक स्वरूप गोरखपुर। एम्स के छह मेधावी विद्यार्थियों और एक संकाय सदस्य ने अक्तूबर तक सशस्त्र सेना चिकित्सा महाविद्यालय, पुणे में 12 दिवसीय छात्र विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत अध्ययन भ्रमण किया। एम्स गोरखपुर के पहले छात्र विनिमय कार्यक्रम का समापन सोमवार को हुआ। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने सशस्त्र सेना चिकित्सा महाविद्यालय के विभिन्न विभागों जैसे एनाटॉमी, माइक्रोबायोलॉजी, बायोकैमिस्ट्री, आईएचबीटी, साइंटिफिक सोसाइटी और सशस्त्र सेना चिकित्सा महाविद्यालय का गहन अवलोकन किया।

# बच्चों में बढ़ीं सांस की दिक्कत, पीआईसीयू फुल

जन एक्सप्रेस | देवरिया



मौसम में लगातार हो रहे परिवर्तन से बच्चों से लेकर बड़े तक बीमार हो रहे हैं। सर्दी, खांसी-जुकाम और सांस की दिक्कत वाले मरीज बढ़ रहे हैं। खासकर बच्चों में बुखार व सांस की दिक्कत वाले मरीज बढ़ गए हैं। इसके चलते मेडिकल कॉलेज के बालरोग विभाग में कई बार बेड की क्षमता से दोगुने मरीज भर्ती हो रहे हैं। महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में सोमवार को पीआईसीयू और चिल्ड्रेन वार्ड तक मरीज फुल हो गए हैं। सुबह पीआईसीयू और चिल्ड्रेन वार्ड के 35 बेड के सापेक्ष 79 बच्चे भर्ती रहे। चिकित्सकों ने इलाज के बाद 27 बच्चों को छुट्टी दे दी। वहीं चार नए बच्चे भर्ती हो गए। दोपहर में कुल 56 बच्चे भर्ती थे। इसमें 15 बेड के पीआईसीयू में 22 बच्चे भर्ती रहे। 30 बेड के चिल्ड्रेन वार्ड में 34 बच्चे भर्ती किए गए थे।

इस हिसाब से सुबह करीब दोगुने बच्चे भर्ती किए गए थे। दोपहर में डिस्चार्ज के बाद भी डेढ़ गुनी संख्या रह गई। भर्ती बच्चों में करीब 70 प्रतिशत बच्चे सर्दी, जुकाम, बुखार से पीड़ित हैं। इनका इलाज डॉक्टर कर रहे हैं। खुखुंदू की दो वर्षीय शिवानी बुखार से पीड़ित है। सांस लेने में दिक्कत हो रही है। गौरीबाजार के पांच वर्षीय हसन को बुखार के चलते मेडिकल कॉलेज में दिखाया, जहां चिकित्सकों ने भर्ती कर लिया। सलेमपुर से आए 15 माह के आदर्श को परिजन ने पांच दिन पहले भर्ती कराया है।

इन्हें भी बुखार इसके चलते सर्दी और सांस में दिक्कत है। इलाज के बाद बच्चे को आराम है। बरियारपुर की आराध्या तीन माह, फीवर से पीड़ित होकर भर्ती थी। इलाज के बाद हालात में सुधार है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आरके श्रीवास्तव ने बताया कि मौसम में परिवर्तन से बच्चे अधिक बीमार हो रहे हैं।

अभिभावकों को अपने बच्चों का इस मौसम में विशेष ध्यान रखना चाहिए। पूरे कपड़े पहनाकर रखें। सूर्यास्त से पूर्व और बाद में घर से बाहर नहीं निकलने दें।

# बेइली में बना हाईटेक सचिवालय सांसद-विधायक ने किया लोकार्पण

■ आधुनिक सभागार व डिजिटल लाइब्रेरी जिले के लिए बना रोल मॉडल

जन एक्सप्रेस। बस्ती




विकास क्षेत्र बहादुरपुर के ग्राम पंचायत बेइली में ग्राम सचिवालय में आधुनिक सभागार, डिजिटल लाइब्रेरी व डॉ. अम्बेडकर बौद्ध विहार का मंगलवार को सांसद राम प्रसाद चौधरी व विधायक दूधराम ने फीता काटकर लोकार्पण किया। सांसद राम प्रसाद चौधरी ने कहा कि मॉडल ग्राम सचिवालय अब गांव की प्रशासनिक व्यवस्था का केंद्र बनेगा। ग्राम प्रधान की दूरदर्शी सोच का परिणाम है कि अब यहां से सरकारी योजनाओं के साथ ही गांव के छात्र छात्राओं को डिजिटल लाइब्रेरी का भी लाभ मिलेगा। यह पहल शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में गांव को नई दिशा देगी। ग्राम प्रधान शेर मोहम्मद के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत बेइली का सचिवालय जिले के मॉडल सचिवालय के रूप में उदाहरण पेश करेगा।

विधायक दूधराम ने कहा कि प्रधान ने मुख्यमंत्री से सम्मानित होने के बाद प्रोत्साहन के रूप में मिले धनराशि से सही मायने में ग्राम पंचायत के लिए अति आवश्यक आधुनिक सुबिधाओं से लैस सचिवालय का निर्माण कराया गया। यह कार्य प्रधान व सचिव के दूरदर्शी सोच का परिणाम है। आज ग्रामीणांचल में निचले पायदान पर बैठे लोगों को इसका सीधे लाभ मिलेगा।

ग्राम प्रधान शेर मोहम्मद ने बताया कि दो वर्ष पूर्व सोशल मीडिया मके माध्यम से आजमगढ़ में एक मॉडल सचिवालय को देखा था तभी से अपने ग्राम पंचायत को आधुनिक सुविधाओं से लैस और हर योजनाओं को यही से लोगों तक पहुंचाने का प्रयास था। ओडीएफ पल्स के तहत ग्राम पंचायत में अच्छा कार्य करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पंचायती राज दिवस पर 24 अप्रैल 2025 को प्रशस्ति प्रत्र के साथ ही विकास हेतु तीस लाख रूपये ग्राम पंचायत को दिया गया। उस पैसे का उपयोग करने के लिए ग्राम पंचायत सदस्यों, ग्रामीणों के साथ संवाद करने के बाद आधुनिक ग्राम सचिवालय, लाइब्रेरी व डॉ. अम्बेडकर बौद्ध विहार का निर्माण करने पर सहमति बनी। सचिवालय को आधुनिक सुविधाओं से लैश बनाने हेतु सचिव राघवेन्द्र सिंह के साथ उच्चाधिकारियों से चर्चा हुई तो उन्होने सहति प्रदान कर दिया। पांच माह में आधुनिक सुविधाओं से लैस सचिवालय, लाइब्रेरी व बौद्ध विहार बनकर तैयार हो गया। सचिवालय में बैठक कक्ष, सीसीटीवी कैमरे, वाई-फाई सुविधा, ई-रिकॉर्ड सिस्टम और डिजिटल सूचना बोर्ड की व्यवस्था की गई है।

लोकार्पण अवसर बीडीओ घीसम प्रसाद, जिला पंचायत राजेश पटेल, अनिल भारती, प्रधान संघ अध्यक्ष सचिन दूबे, अनिल चौधरी, विनोद चौधरी, वीरेन्द्र यादव, निसार अहमद, चंदन सिंह, एडीओ समाज कल्याण सुरेन्द्र नाथ चौधरी, पंचायत अवधेश कुमार, सचिव राजेन्द्र प्रसाद, फिरोज खान, कुमार सत्यम, शिवशंकर चौधरी, ज्ञानेद्रधर द्विवेदी, दयानंद वर्मा, सर्वेश यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# आत्मविश्वास परखने का अवसर है गणित ओलंपियाड परीक्षा : संजय शुक्ल

जन एक्सप्रेस। बस्ती



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में मंगलवार को जनपद स्तरीय गणित ओलम्पियाड एवं स्पेलदूबी प्रतियोगिता का आयोजन डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल के निर्देशन में किया गया। गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता में पूरे जनपद से टॉप 5 बच्चों का चयन किया गया। जबकि स्पेल- बी प्रतियोगिता के अन्तर्गत पूरे जनपद से कक्षा तीन स्तर के 3, कक्षा 5 स्तर के 3 तथा कक्षा 8 स्तर के 3 बच्चों का चयन किया गया। चयनित बच्चों को डायट प्राचार्य ने प्रमाण पत्र, मेडल, शील्ड, बैग, स्टेशनरी आदि देकर तथा शेष सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर उनका हौंसला बढ़ाया। बच्चों को सम्मानित करते हुए डायट प्राचार्य ने कहा कि गणित ओलंपियाड सिर्फ एक परीक्षा नहीं है, बल्कि यह छात्रों की तार्किक सोच, सृजनात्मकता और आत्मविश्वास को परखने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। कहा कि यह परीक्षा छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाती है और उन्हें शैक्षणिक रूप से उत्कृष्टता प्राप्त करने में मदद करती है। यह स्कूली पाठ्यक्रम से परे एक व्यापक गणितीय समझ प्रदान करती है। गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता के प्रभारी एवं नोडल प्रवक्ता अलीउद्दीन खान ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चो में गणित विषय के प्रति रुचि, महत्व और उसकी उपयोगिता के प्रति जागरूक करना है। बताया कि प्रत्येक ब्लॉक से चयनित 10 छात्रों में प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। जनपद स्तरीय परीक्षा में लगभग 140 बच्चे शामिल रहे। टॉप 5 छात्रदृछात्राओं में कुदरहा ब्लॉक की कमल नयन, दुबौलिया ब्लॉक के अमर प्रताप, कप्तानगंज ब्लॉक के शिवेन्द्र और परशुरामपुर ब्लॉक के लक्ष्मी एवं अभिमन्यु अपना स्थान बनाने में कामयाब रहे। उन्होंने बताया कि परीक्षा कराने, कॉपियों का मूल्यांकन करने और प्रतियोगिता सकुशल संपन्न कराने में जनपद के सभी ब्लॉकों के गणित विषय के एआरपी ने सहयोग किया। स्पेलदूबी प्रतियोगिता प्रभारी एवं नोडल प्रवक्ता कुलदीप चौधरी ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चो में शब्दों का सही उच्चारण, अर्थ एवं सही स्पेलिंग के प्रति रुचि, महत्व तथा उपयोगिता के प्रति जागरूक करना है। प्रतियोगिता में कक्षा 8 से कप्तानगंज ब्लॉक के आदर्श, रुधौली ब्लॉक की ऐजल मौर्या तथा कप्तानगंज ब्लॉक के अनीश कुमार क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 05 से कुदरहा ब्लॉक की अर्पिता, कप्तानगंज ब्लॉक के अनुराग और कप्तानगंज ब्लॉक की अनामिका ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 03 से रुधौली ब्लॉक के युवराज, परशुरामपुर ब्लॉक की किरन और दुबौलिया ब्लॉक के विवेक चौरसिया क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।

इस अवसर पर डायट प्रवक्ता डॉ गोविन्द प्रसाद, मो इमरान, डॉ रविनाथ, डॉ ऋचा शुक्ला, वंदना चौधरी, वर्षा पटेल, अमन सेन, कल्याण पाण्डेय, सरिता चौधरी, शशि दर्शन त्रिपाठी, नवनीत कुमार, अनिल चौधरी, रमाकांत, विनोद, रामपाल, वीरेन्द्र, शिवम् , संदीप, नागेश, अमित, ज्ञानेन्द्, अजय, सहित अन्य लोग उपस्थित होकर अपना योगदान दिया।

# जिलाधिकारी ने ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में किया आकस्मिक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने मंगलवार को विकासखंड बदलापुर में आयोजित ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति (बीएलबीसी) की द्वितीय तिमाही बैठक में आकस्मिक रूप से प्रतिभाग किया।

बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी बैंक अधिकारियों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, एवं सीसी लिंकेज खातों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण का आदेश दिया।

उन्होंने कहा कि आगामी बदलापुर महोत्सव में सभी बैंक अपनी-अपनी सरकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाएं ताकि आमजन तक योजनाओं की जानकारी और लाभ पहुंच सके। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना पर विस्तृत चर्चा करते हुए अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं से अच्छादित करने के निर्देश दिए।

इसी क्रम में जिलाधिकारी ने मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली बैंक सखियों बिंदु कनौजिया और मंजू चौधरी को अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया तथा सभी को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने बदलापुर महोत्सव की तैयारियों की भी जानकारी ली और एनआरएलएम, बैंक सखी एवं बैंक अधिकारियों से संवाद कर समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा।

बैठक में उपजिलाधिकारी बदलापुर, अग्रणी जिला प्रबंधक, वित्तीय सलाहकार, आजीविका मिशन प्रतिनिधि, बैंक जिला समन्वयक, शाखा प्रबंधकगण सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्य चिकित्साधिकारी ने संचारी दस्तक अभियान का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह ने मंगलवार को विकासखंड सिरकोनी के ग्राम सुल्तानपुर में दस्तक एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान की गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव, सहायक मलेरिया अधिकारी संजीव कुमार मिश्रा, बीसीपीएम सचेंद्र चौहान, संगिनी मीना यादव, एएनएम विनीता देवी और आशा गुंजन देवी मौजूद रहीं। मुख्य चिकित्साधिकारी ने ग्रामीणों से संवाद कर संचारी रोगों से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने आशा, संगिनी व बीसीपीएम को निर्देश दिया कि कोई भी घर अभियान से वंचित न रहे। सभी घरों में फीवर सर्वे, संभावित मरीजों की जांच तथा लोगों को हाथ धोने, मच्छरदानी का प्रयोग करने, जल जमाव न होने देने और साफ-सफाई रखने के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की मॉनिटरिंग हर स्तर पर सुनिश्चित की जाए ताकि संचारी रोग नियंत्रण में अपेक्षित परिणाम मिल सकें। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत जनपद में 1483 रैलियां शिक्षा विभाग द्वारा निकाली गईं, 691 स्थानों पर नालियों की सफाई और 690 स्थानों पर झाड़ियों की कटाई की गई। 388 हैंडपंपों की मरम्मत तथा 363 शौचालयों का निर्माण भी हुआ। नगर निकायों द्वारा 5383 नालियों की सफाई व 252 स्थानों पर फॉगिंग कराई गई। आशा कार्यकर्ताओं ने अब तक 78,879 घरों का सर्वेक्षण किया, जिसमें 146 बुखार के मरीज, 106 खांसी-जुकाम वाले, 3 टीबी लक्षण वाले और 8 अति कुपोषित बच्चे मिले, जिनका उपचार कराया जा रहा है।

जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि अब तक डेंगू के 65 और मलेरिया के 8 मरीज रिपोर्ट हुए हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि घरों व आसपास सफाई रखें, जल जमाव न होने दें और बुखार की स्थिति में तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराएं।

# स्वदेशी अपनाओ, देश बढ़ाओ, कृपाशंकर सिंह ने स्वदेशी मेले में की खरीदारी, लोगों से की अपील





जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर दीपावली पर्व नजदीक आते ही शहर के बाजारों में रौनक लौट आई है। बीआरपी कॉलेज परिसर में आयोजित स्वदेशी मेला इन दिनों लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मेले में पहुंचे महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह ने विभिन्न स्टालों का भ्रमण किया और स्वदेशी उत्पादों की जमकर सराहना की।

मेले में पहुँचकर श्री सिंह ने स्वयं भी कई स्वदेशी वस्तुएँ खरीदीं और लोगों से अपील की कि वे देश के विकास में योगदान के लिए स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि ÷जब हम स्वदेशी सामान खरीदते हैं, तो न केवल अपने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं, बल्कि देश के कारीगरों, मजदूरों और लघु उद्योगों को भी प्रोत्साहन देते हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। मेले में खादी वस्त्र, मिट्टी के दीपक, कुल्हड़, दरी, आचार, हस्तनिर्मित सजावटी सामग्री और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा बनाए गए आकर्षक दीयों ने लोगों का ध्यान खींचा। कृपाशंकर सिंह ने कहा कि यह पहल न केवल परंपरा को सहेजने का माध्यम है, बल्कि स्थानीय उद्यमियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का भी एक सशक्त कदम है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### 23 से 25 अक्टूबर तक होगा पूर्वांचल युवा महोत्सव

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। पूर्वांचल की संस्कृति और प्रतिभा को नई पहचान दिलाने वाला प्रसिद्ध पूर्वांचल युवा महोत्सव इस वर्ष 23, 24 एवं 25 अक्टूबर 2025 को बीआरपी इंटर कॉलेज के मैदान में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम प्रतिदिन दोपहर 1ः00 बजे से रात्रि 9ः30 बजे तक चलेगा। पूर्व में यह आयोजन नवदुर्गा मंदिर, विसर्जन घाट पर प्रस्तावित था, किंतु कलाकारों के अनुरोध और आगामी छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए आयोजन स्थल को बीआरपी इंटर कॉलेज परिसर में स्थानांतरित किया गया है। पूर्वांचल युवा महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार तिवारी ने बताया कि इस बार महोत्सव में न सिर्फ पूर्वांचल बल्कि पूरे प्रदेश से कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि गायन, वादन, नृत्य, फाइन आर्ट, मॉडलिंग और कवि सम्मेलन जैसे विभिन्न मंचों पर उत्कृष्ट प्रतिभाओं को अवसर मिलेगा। डॉ. तिवारी ने बताया कि दूर-दूर से कलाकारों के अनुरोध लगातार मिल रहे हैं और समिति का प्रयास है कि पूर्वांचल के युवा कलाकारों को ऐसा मंच मिले, जिससे वे देश-विदेश में अपनी पहचान बना सकें।

### किशोरी के ऊपर गरम दाल फेंका, किशोरी झुलसी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जफराबाद क्षेत्र के सुंगुलपुर गांव में सोमवार को जमीनी विवाद के चलते एक किशोरी पर गरम दाल फेकने से वह झुलस गयी है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है। सुंगुलपुर गांव निवासी श्यामनारायन ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनके पड़ोसी गुड्डू से उनका जमीनी विवाद चल रहा है। घटना सोमवार के सुबह की है, गुड्डू और उनके परिवार की आरती और गीता देवी श्यामनारायन के दरवाजे पर आये। आरोप है कि आरती और गीता देवी ने उनकी 14 वर्षीय पुत्री मानवीय का हाथ पकड़ लिया तथा गुड्डू ने उस पर गरम दाल गिरा दिया। जिससे कि वह झुलस गयी।पुलिस ने गुड्डू सहित तीन पर केस दर्ज कर आगे की विधिक कार्यवाई में जुट गयी है।

### आठ वारंटी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। क्षेत्र के अलग अलग गांवों से पुलिस ने सोमवार की रात दबिश देकर एनबीडब्ल्यू के आठ आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक लिखापढ़ी के बाद उन्हें चलान न्यायालय भेज दिया गया। क्षेत्र के शेरपुर गांव निवासी राम स्वारथ व इनकी पत्नी मुद्रिका। उसरौली गांव के जितेंद्र मिश्रा। खुटहन गांव के दुधई और इनका पुत्र रिंकू। ख्वाजापुर रियाज अहमद। भिखारीपुर गांव के दिनेश सिंह व मरहट गांव के विजय गौतम हाजिर न्यायालय नहीं हो रहे थे। इनके खिलाफ एनबीडब्ल्यू की नोटिस जारी की गई थी। जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।



### पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जताई संवेदना

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने क्षेत्र के उसरौली शहाबुदीनपुर गांव निवासी सपा के ब्लाक अध्यक्ष देवमणि यादव के पिता पूर्व प्रधान रामलुटावन यादव के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त किया है। उन्होंने अपने निजी ट्विटर अकाउंट पर दिवंगत आत्मा के शांति की प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया है। ज्ञात रहे कि स्व.रामलुटावन यादव गांव के प्रधान पद के साथ साथ दसकों पूर्व से सपा के सक्रिय सदस्य के रूप में रहे। उनके निधन पर तमाम सपा नेता व संभ्रांत जन घर पहुंच स्वजनों से मिल उन्हें सांत्वना प्रदान किये।

### महिला से मारपीट का वीडियो वायरल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जौनपुर के मीरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामगढ़ गोगवाल ग्राम सभा में। जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान एक पक्ष की ओर से महिला रीता दुबे को घसीटते हुए पिटाई करने का वीडियो वायरल सोशल मीडिया पर तेजी से हो रहा है। वीडियो में महिला के साथ हो रही मारपीट के दृश्य बेहद संवेदनशील और अमानवीय बताए जा रहे है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

# सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत पहुंची डीएम दरबार





जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर ग्रामसभा की भीटा, तालाब खाते की भूमि से अवैध निर्माण/अतिक्रमण हटवाये जाने को लेकर जिलाधिकारी से लिखित रूप से शिकायत की गयी। शिकायत के अनुसार ग्राम कमालपुर देहाती, परगना मुंगरा, तहसील मछलीशहर की ग्रामसभा की तालाब की जमीन पर हकीम पुत्र हामीम, नूर मुहम्मद पुत्र पीर मुहम्मद सहित उदयराज पासी पुत्र रामनाथ निवासी कमालपुर द्वारा दबंगई के बल पर अवैध निर्माण/अतिक्रमण कर लिया गया है। ग्रामवासियों द्वारा मना किये जाने पर अतिक्रमणकर्ता मारपीट करने पर आमादा रहते हैं जिससे व्यापक रोष है। ग्रामसभा की बेशकीमती आराजी प्रयागराज से मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित है। उक्त अतिक्रमण के चलते ग्रामसभा की सरकारी सम्पत्ति की क्षति हो रही है जबकि शासन–प्रशासन व न्यायालय का स्पष्ट आदेश है कि ग्रामसभा की भूमि पर किसी भी प्रकार का कोई अतिक्रमण न हो। ऐसी दशा में उपरोक्त भूमि से अतिक्रमणकर्ताओं को हटाना अति आवश्यक है। शिकायतकर्ता के अनुसार उक्त परिप्रेक्ष्य में पूर्व में कई पटल पर प्रार्थना पत्र दिया गया था परन्तु किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हो सकी। उक्त प्रकरण की शिकायत उपजिलाधिकारी मछलीशहर को 4 जुलाई 2015 एवं 24 नवम्बर 2015 को दिया गया था जिस पर उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये आदेश का भी उल्लंघन किया गया। इसके बाद समाधान दिवस मछलीशहर एवं थाना मुंगराबादशाहपुर को सूचना देने के पश्चात भी किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई। उक्त प्रकरण के परिप्रेक्ष्य में उक्त अतिक्रमणकर्ताओं के अवैध निर्माण/अतिक्रमण को ध्वस्त कराते हुये ग्रामसभा की भूमि को सुरक्षित किये जाने के अलावा ग्राम समाज और तालाब की भूमि को खाली कराने का आदेश होना चाहिये। शिकायत करने वाले बनवारी लाल पुत्र राम हरख निवासी कमालपुर देहाती थाना मुंगराबादशाहपुर हैं।

### मंडलीय टीएलएम प्रतियोगिता में हिंदी में डॉ. गीता प्रथम

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर। समग्र शिक्षा (माध्यमिक) के तहत पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज में मंगलवार को मंडल स्तरीय टीएलएम (शिक्षक अधिगम सामग्री) प्रदर्शनी-2025 का आयोजन किया गया। इसमें हिंदी में सोनभद्र की डॉ. गीता प्रथम रहीं। दूसरे स्थान पर संदीप कुमार यादव रहे। अंग्रेजी विषय में अभिषेक कुमार साह प्रथम व शबाना द्वितीय स्थान पर रहीं। गणित में शिवकुमार सिंह प्रथम व दीपक कुमार मौर्य द्वितीय रहे। सामाजिक विज्ञान में उर्वशी जायसवाल प्रथम, तूलिका सिंह द्वितीय व संतोष कुमार मिश्र तृतीय रहे। रसायन विज्ञान में राकेश कुमार सोनभद्र प्रथम, जीव विज्ञान में शिखा वर्मा प्रथम व भौतिक विज्ञान में राजाराम मौर्य प्रथम पर रहे। विनीता सिंह द्वितीय रही। मंडलीय प्रदर्शनी का शुभारंभ उप प्रधानाचार्य जय सिंह व निर्णायक मंडल के सदस्यों किया। निर्णायक सदस्यों में असिस्टेंट प्रोफेसर सत्यविजय कुमार, असि. प्रो. संदीप कुमार पटेल, असि. प्रोफेसर डॉ.

# पूर्व प्रधान पर नकाबपोश हमलावरों का जानलेवा हमला, हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जौनपुर रामपुर थाना क्षेत्र के विजयगिरी पोखरा गांव में सोमवार शाम करीब छह बजे नकाबपोश बदमाशों ने पूर्व प्रधान विभूति नारायण उपाध्याय 50 वर्ष पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में पूर्व प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गए। सिर में गंभीर चोटें आने के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विभूति नारायण उपाध्याय अपनी सीमेंट की दुकान पर बैठे थे, तभी दो बाइकों पर सवार पांच बदमाश पहुंचे। तीन बदमाश बाइक से उतरकर अचानक डंडों से ताबड़तोड़ हमला करने लगे, जबकि दो साथी बाइक चालू हालत में मौके पर ही खड़े रहे।

चीख-पुकार सुनकर पूर्व प्रधान के चाचा और आसपास के लोग मौके पर दौड़े, जिसके बाद हमलावर गोरा पट्टी की दिशा में फरार हो गए।

सूचना पर पीआरवी 112 की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहाँ से डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

घटना से क्षेत्र में दहशत और सनसनी फैल गई है। फिलहाल हमले के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि, घटना की तहरीर प्राप्त होते ही मामला दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और हमलावरों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# जूनियर में खुशी व किरन तो सीनियर में अनुराग का माडल प्रथम

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

महुवरिया स्थित पीएमश्री राजकीय इंटर कालेज में मंगलवार को मंडल स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जूनियर वर्ग में खुशी मिश्रा व किरन सरोज का माडल प्रथम तो सीनियर वर्ग में अनुराग सिंह का माडल प्रथम रहा। जूनियर संवर्ग में खुशी मिश्रा व किरन सरोज राजकीय हाईस्कूल सरई मिश्रानी ज्ञानपुर भदोही प्रथम स्थान,राहुल कुमार व अवनीश सिंह संत जोसेफ स्कूल शक्तिनगर सोनभद्र द्वितीय स्थान व तृतीय स्थान पर सिद्धि उपाध्याय व ललिता बाबा राम अभिलाष राजकीय बालिका इंटर कॉलेज डोमनपुर मिर्जापुर का मॉडल चयनित हुआ। सीनियर संवर्ग में अनुराग सिंह संत जोसेफ स्कूल शक्तिनगर सोनभद्र प्रथम स्थान, साधना सिंह व अभिनव कुमार आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रेनूसागर सोनभद्र द्वितीय स्थान व रवि शंकर यादव व अभयदीप तिवारी पीएमश्री विभूति नारायण राजकीय इण्टर कॉलेज ज्ञानपुर भदोही के मॉडल तृतीय स्थान पर रहे। चयनित सभी प्रतिभागियों को पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज के उप प्रधानाचार्य जय सिंह ने मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रदर्शनी का संचालन शिक्षक रमाशंकर ने किया। प्रदर्शनी में सुशील कुमार पांडेय, कमलेश कुमार कश्यप,अर्चना शाह का सहयोग रहा। प्रदर्शनी में रविन्द्र कुमार सिंह, नीरजाकांत पांडेय व विद्यालय के शिक्षक व शिक्षणेत्तर कार्मिक तथा विन्ध्याचल मंडल के तीनों जनपद मिर्जापुर, सोनभद्र व भदोही के गाईड शिक्षक- शिक्षिकाएं व छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

# जौनपुर में अवैध आतिशबाजी पर सख्ती, 20 कुंतल आतिशबाजी सीज 04 अभियोग पंजीकृत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जौनपुर दीपावली पर्व के दृष्टिगत जनपद में पुलिस प्रशासन द्वारा अवैध रूप से रखी गई आतिशबाजी पर कड़ी निगरानी रखते हुए प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। बिना अनुमति के रिहायशी क्षेत्रों में आतिशबाजी रखने के मामलों में अब तक कुल 04 अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। कार्रवाई के दौरान लगभग 20 कुंतल अवैध आतिशबाजी बरामद कर सीज की गई है। फायर विभाग की टीम द्वारा आतिशबाजी रखे जाने वाले स्थलों का परीक्षण कराया जा रहा है, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना को रोका जा सके। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौश्तुभ ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 लाइसेंसधारकों द्वारा लाइसेंस के नियमों का उल्लंघन पाया गया है, जिनके लाइसेंस निलंबन हेतु आवश्यक पत्राचार किया जा चुका है। सुरक्षा उपायों के तहत फायर ब्रिगेड द्वारा स्कूलों व सार्वजनिक स्थलों पर रासायनिक आग (केमिकल फायर) से संबंधित जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है, ताकि आमजन में सुरक्षा के प्रति सजगता बढ़ाई जा सके। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौश्तुंभ ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे केवल लाइसेंसधारी दुकानों से ही आतिशबाजी खरीदें और नियमों का पालन करें, ताकि पर्व खुशियों के साथ सुरक्षित भी रहे।

# मिशन शक्ति : सांकेतिक जिलाधीश निधि राजपूत ने दिखाया दम

■ डिजिटल लायब्रेरी के लिए चयनित की पांच पुस्तकें, कमांड सेंटर देखा, फरियादियो को दी न्याय की गारंटी

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अंतर्गत मेधावी छात्रा निधि राजपूत को एक दिन के लिए सांकेतिक जिलाधिकारी बनाया गया। जिलाधिकारी (छात्रा) द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित कमाण्ड सेंटर (कन्ट्रोल रूम) का निरीक्षण किया गया

सांकेतिक जिलाधिकारी द्वारा फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिये गए।

मेधावी छात्रा निधि ने फरियादियों की। समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी के पद एवं दायित्वों के निर्वहन की सीख ली।

मिशन शक्ति अभियान फेज-5 बालिकाओं को प्रोत्साहित करने के लिए जनपद की मेधावी छात्रा निधि राजपूत को एक दिन जिलाधिकारी बनाया गया। एक दिन की ''जिलाधिकारी'' को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बुके व उपहार देकर सम्मानित किया।

एक दिन की जिलाधिकारी निधि राजपूत ने जनसुनवाई में आए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर समाधान किया। जनसुनवाई में फरियादी हरीशंकर चतुर्वेदी निवासी मिरूअन मड़हा, अमर सिंह सीताराम, सीमा पाल निवासी रामाश्रम तथा शकुतंला निवासी छिबरामऊ ने अपनी समस्याये रखी, जिस पर निधि राजपूत ने उनकी समस्या का समधान करने हेतु सम्बंधित अधिकाारियों को लिखित निर्देश जारी किए। निधि राजपूत द्वारा रामवीर कठेरिया को हैसियत प्रमाण-पत्र दिया गया तथा हरिओम को चरित्र प्रमाण-पत्र दिया गया। इस दौरान निधि राजपूत ने कलेक्ट्रेट स्थित कमाण्ड सेंटर कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 आशीष कुमार सिंह ने कमाण्ड सेंटर की गतिविधियों को साझा किया। निधि राजपूत ने शिकायत पंजिकाओं का अवलोकन किया कर लम्बित प्रकरणों पर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी ने ग्राम पंचायतों में डिजीटल लाइब्रेरी हेतु पुस्तकों के चयन में मार्गदर्शन मांगा जिस पर जिलाधिकारी निधि राजपूत ने बाल सहित्य हिन्दी की अमर ज्योति, मेडम राइट्स दी बस, गौरब बुद्ध, द कलरफुल वर्ड आफ फलेग, महाभारत पुस्तकों को चयन करने हेतु निर्देशित किया। मीडिया से बात करते हुए सांकेतिक जिलाधिकारी निधि राजपूत ने अपनी पढ़ाई और सफलता का श्रेय माता पिता और अध्यापकों को दिया है। उन्होनें सरकार के मिशन शक्ति कार्यक्रम की खूब सराहना की और बताया कि इसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को प्रोत्साहित करने तथा मजबूत बनाने का लक्ष्य है, आज की महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषो से पीछे नहीं है। कहा कि महिलाएं अपने को कमजोर न समझें खुद को सशक्त बनते हुए समाज में अपनी अहम भूमिका निभाएं। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने निधि राजपूत को सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। कहा कि सरकार की मंशा है कि महिलाएं सशक्त हो और समाज की मुख्य धारा से जुड़े। बताया कि मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत सरस्वती विद्या मन्दिर, तिर्वा, कन्नौज की 11वीं की छात्रा निधि राजपूत जिन्होनें वर्ष 2025 में हाईस्कूल परीक्षा में जनपद में द्वितीय स्थान प्राप्त किया उनको आज जिलाधिकारी बनाया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज, विद्या मंदिर तिर्वा के प्राचार्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी महेन्द्र प्रताप सिंह, सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। कन्नौज




जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में जिला उद्योग बंधु की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में उपस्थित उद्यमियों ने सुझाव दिया कि विद्युत बिल हिन्दी भाषा में जारी किए जाएं, जिससे बिल की जानकारी समझने में सुविधा हो सके। उद्यमियों ने यह भी अवगत कराया कि विद्युत विभाग द्वारा बिल संशोधन, मीटर की त्रुटियों तथा विद्युत चोरी की रोकथाम में अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा है। साथ ही विभाग के संविदा कर्मियों द्वारा अवैध वसूली की शिकायतें भी प्राप्त हुई हैं।

इन शिकायतों पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्युत विभाग अपने कार्य आचरण में सुधार लाए और जिस क्षेत्र से शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, वहाँ के संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। जिलाधिकारी ने स्मार्ट मीटर परिवर्तन कार्य में गति लाने के भी निर्देश दिए।श्री अग्निहोत्री ने कहा कि उद्यमियों की शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की प्रगति में तेजी लाने पर बल दिया तथा निर्देश दिए कि इत्र पार्क में जलापूर्ति हेतु पानी की टंकी का संचालन तीन दिवस के भीतर प्रारम्भ किया जाए। बैठक में अवर अभियंता विनियमित क्षेत्र की अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराज़गी व्यक्त की और निर्देश दिए कि विनियमित क्षेत्र के जेई जनता के प्रति मित्रवत व्यवहार रखें। किसी भी प्रकार का शोषण पाए जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार दीपावली पर्व के दृष्टिगत कोई भी टाउन, गली या मोहल्ला अंधेरे में न रहे, इस हेतु स्ट्रीट लाइटों की स्थापना कार्य तीव्र गति से कराया जा रहा है। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग धनन्जय सिंह, पवन त्रिवेदी सहित संबंधित अधिकारीगण एवं उद्यमी बंधु उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने नष्ट कराया भारी मात्रा में सिंथेटिक छेना

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



गुरसहायगंज कस्बे में आर्टीफिशियल सिंथेटिक मैटीरियल से बड़ी मात्रा में छेना बनाने का कारोबार चल रहा था। सारी मिठाई दीपावली पर खपाने की तैयारी थी।जिसके इस्तेमाल से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता। मामले की जानकारी होने पर एसडीएम छिबरामऊ ने खाद्य सुरक्षा टीम के साथ कारखाने पर छापेमारी की। यहां बने हुए छेने और रा-मैटीरियल जब्त कर सैम्पल भरा और फिर मिठाई नष्ट करवा दी।

मामला गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के तिर्वा रोड स्थित राम कृष्ण नगर मोहल्ले का है। यहां रिशु प्रजापति का मिठाई का कारखाना है। जहां बड़ी तादात में आर्टिफिशियल मैटिरियल से छेना व अन्य मिठाई तैयार की जा रही थी। काफी तादात में छेना तैयार हो चुका था, जिसे दीपावली पर मार्केट में खपाने की तैयारी थी। ऐसे में किसी ने एसडीएम छिबरामऊ ज्ञानेंद्र द्विवेदी को मामले की सूचना दे दी।

मंगलवार दोपहर एसडीएम ज्ञानेंद्र द्विवेदी और मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार टीम के साथ रिशु प्रजापति के कारखाने पर पहुंच गए। यहां उन्होंने छापामार कर बड़ी तादात में छेने जब्त कर लिए। कारखाने में छेना बनाने में इस्तेमाल किया जा रहा आर्टिफिशियल सिंथेटिक मैटिरियल भी बरामद किया। जिसका टीम ने सैम्पल भरा। बाकी की मिठाई जब्त कर पास में ही जेसीबी मशीन से गड्ढा खुदवाकर उसमें उड़ेल दी। ऊपर से मिट्टी डाल कर नष्ट कर दी गई। मामले को लेकर एसडीएम ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सैम्पल को टेस्टिंग के लिए भेजा जा रहा है। मौके से बड़ी मात्रा में रा-मैटीरियल भी बरामद हुआ।

इससे ऐसी मिठाई बनाई जा रही थी, जोकि मानव शरीर के लिए नुकसान दायक है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सन्तोष राठौर ने बताया कि कारखाने में मिल्क पाउडर, साइट्रिक एसिड, आरारोट और रिफाइन आदि का इस्तेमाल कर छेना बनाने का काम चल रहा था। जिसे बन्द करवा दिया गया। सैम्पल फेल होने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# एफएसडीए ने फिर भरे 7 नमूने, बड़ी मात्रा में खाद्य पदार्थ सीज़

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जनपद में दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैया दूज पर्व पर खोया, पनीर, दूध, घी, मिठाईयां, नमकीन, ड्राई फ्रूट, खाद्य तेल, वनस्पति, रंगीन मीठे खिलौने एवं अन्य खाद्य तथा पेय पदार्थों में मिलावट की रोकथाम तथा मिलावटी खाद्य व पेय पदार्थों के निर्माण, वितरण व बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी उप जिलाधिकारी छिबरामऊ एवं उमेश प्रताप सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-2, कन्नौज के दिशा निर्देशन में, आज मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों अनिल कुमार राठौर, सर्वेश कुमार एवं अरविंद कुमार साहू के छापामार दल द्वारा छिबरामऊ तहसील क्षेत्र में, रामकृष्ण नगर सीता इंटर कॉलेज के पास गुरसहायगंज कन्नौज स्थित रिशु प्रजापति पुत्र राजेंद्र सिंह प्रजापति के एक बड़े मिठाई निर्माण एवं विक्रय प्रतिष्ठान पर छापा मारकर प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए, रसगुल्ले का 01 नमूना, मिल्क केक का 01 नमूना, सूजी का 01 नमूना, स्किम्ड मिल्क पाउडर का 01 नमूना, रिफाइंड पामोलिन आयल का 01 नमूना, डोडा बर्फी 01 एक नमूना एवं चीनी का एक नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया। मौके पर निर्माण के लिए प्रयोग में ले जा रहे खाद्य पदार्थ सूजी 446 किलोग्राम जिसका अनुमानित बाजारी मूल्य रुपए 16938/- रुपए है स्कीम्ड मिल्क पाउडर 34 किग्रा0 जिसका अनुमानित बाजारी मूल्य रुपए 9860/- रुपए है तथा रिफाइंड पामोलिन ऑयल 210 लीटर जिसका अनुमानित बाजारी मूल्य रुपए 36680/- रुपए है सीज कर खाद्य कारोबार कर्ता की सुरक्षित अभिरक्षा में दे दिया गया। मिठाई निर्माण एवं विक्रय प्रतिष्ठान में अस्वच्छकर दशाओं में, अन्य प्रकार के पदार्थो से विक्रय हेतु निर्मित की जा रही विभिन्न प्रकार की उक्त दूषित मिठइयां खाद्य कारोबार कर्ता ने अपनी सहमति से विनिष्ट कराई, जिसका अनुमानित वजन लगभग 18 कुंतल एवं अनुमानित बाजारी मूल्य लगभग रुपए 2,28,000/- होगा। आज संग्रहित उपरोक्त सभी 07 नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत तद्नुसार अग्रिम कठोर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव द्वारा इस अभियान के दौरान खाद्य कारोबार कर्ताओं सहित आम जन को रंगीन, मिलावटी तथा दूषित खाद पदार्थ में मिलावट के संबंध में स्थलीय परीक्षण की विधियों की जानकारी देते हुए।

# राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के लिए बैंकर्स उन्मुखीकरण कार्यशाला सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। कन्नौज




राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एन.आर.एल.एम.) योजनान्तर्गत जनपद के समस्त शाखा प्रबन्धकों के लिए एक दिवसीय बैंकर्स उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन आज हर्षवर्धन विकास भवन सभागार, कन्नौज में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी श्री राम कृपाल चौधरी की अध्यक्षता में हुआ।

कार्यक्रम में उपायुक्त (स्वतः रोजगार) राजकुमार लोधी, अग्रणी जिला प्रबन्धक अमरेन्द्र कुमार, क्षेत्रीय प्रबन्धक (उ0प्र0 ग्रामीण बैंक) सतीश कुमार, उपायुक्त (श्रम रोजगार) दिनेश चन्द्र यादव, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान, हैदराबाद के प्रशिक्षक धरनीघर मिश्रा एवं राजेन्द्र कुमार झा, सहित सभी बैंकों के जिला समन्वयक, शाखा प्रबन्धक, जिला मिशन प्रबन्धक, सहायक विकास अधिकारी (आई0एस0वी0), ब्लॉक मिशन प्रबन्धक एवं बैंक सखियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन जिला मिशन प्रबन्धक जितेन्द्र सिंह द्वारा किया गया।

कार्यशाला में उपायुक्त (स्वतः रोजगार) द्वारा एन0आर0एल0एम0 योजना के उद्देश्यों, समूहों के आर्थिक सशक्तीकरण तथा बैंक सहयोग की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि बैंकर्स स्वयं सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाएँ तथा पात्र समूहों के खाते खोलने एवं क्रेडिट लिंकेज को प्राथमिकता दें।

अग्रणी जिला प्रबन्धक, बैंक ऑफ इण्डिया ने शाखा प्रबन्धकों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप खाता खोलने, समूहों को ऋण उपलब्ध कराने एवं सदस्यों को व्यक्तिगत लोन सुविधा प्रदान करने हेतु प्रोत्साहित किया।

क्षेत्रीय प्रबन्धक, उ0प्र0 ग्रामीण बैंक ने शाखा प्रबन्धकों को समूहों से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता देने और लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कार्यशाला में एन0आई0आर0डी0, हैदराबाद के विशेषज्ञ धरनीघर मिश्रा एवं राजेन्द्र कुमार झा ने भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी नवीनतम निर्देशों, समूहों के खाता संचालन, सी0सी0एल0 प्रक्रिया, दस्तावेजीकरण, सी0बी0आर0एम0 कमेटी गठन, डिजिटल फाइनेंस, वित्त सखी की भूमिका एवं अन्य वित्तीय सशक्तिकरण पहलों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की।

उन्होंने बैंकर्स को प्रेरित किया कि स्वयं सहायता समूहों की आर्थिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें समयबद्ध एवं पर्याप्त वित्तीय सहायता प्रदान की जाए। साथ ही, एन.आर.एल.एम. स्टाफ एवं शाखा प्रबन्धकों के बीच संवाद स्थापित कर व्यवहारिक समस्याओं का समाधान भी किया गया।

कार्यक्रम का समापन उपायुक्त (स्वतः रोजगार) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# क्षेत्र के छह मंगल दल समितियों को मिली खेलकूद सामग्री



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नवाबगंज। खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और ग्रामीण क्षेत्रों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशभर से आए ग्राम सभा स्तर पर संचालित युवक और महिला मंगल दल समितियों को खेलकूद किट वितरित कीं। इन किटों में बैडमिंटन सेट, वॉलीबॉल, नेट, फुटबॉल और अन्य खेल सामग्रियां शामिल थीं।

क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी शिवा तिवारी ने बताया कि इस कार्यक्रम में नवाबगंज विकासखंड की चार ग्राम सभाओं से कुल छह मंगल दल समितियों का चयन हुआ। इनमें कुंजपुर गांव के दो, पाली गांव के दो, कुसुंभी और मकूर गांव के एक-एक मंगल दल शामिल रहे। चयनित दलों के प्रतिनिधि के रूप में कुंजपुर गांव से लक्ष्मी और निर्मल, पाली गांव से अजीत और संतोषी, मकूर गांव से नीरज कुमार तथा कुसुंभी गांव से लक्ष्मी लखनऊ पहुंचे और खेलकूद किट प्राप्त कीं। क्षेत्र के चयनित मंगल दल प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रदेश सरकार की इस पहल से ग्रामीण स्तर पर खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी और युवाओं को मंच मिलेगा। किट मिलना उनके लिए सम्मान और जिम्मेदारी दोनों है।

# हसेरन तहसील के विरोधी वकीलों का प्रदर्शन जारी

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

तिर्वा में वकीलों ने हसेरन तहसील गठन के विरोध में रजिस्ट्री कार्यालय का बहिष्कार कर दिया है। पिछले चार दिनों से काम बंद होने के कारण बैनामा कराने आ रहे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वकीलों का यह विरोध प्रदर्शन पिछले 11 दिनों से जारी है। वकील हसेरन तहसील के गठन पर रोक लगाने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि तहसील गठन पर रोक नहीं लगाई जाती है, तो उनका प्रदर्शन और उग्र होगा। वकीलों के अनुसार, हसेरन तहसील बनने से तिर्वा तहसील का क्षेत्रफल बहुत कम हो जाएगा। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि एक तहसील में कम से कम तीन ब्लॉक होने चाहिए, जो न तो तिर्वा में हैं और न ही प्रस्तावित हसेरन में। वकीलों की मांग है कि यदि हसेरन तहसील का गठन होता है, तो तिर्वा तहसील का क्षेत्रफल बढ़ाया जाए। ऐसा न होने पर वकीलों ने उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

# पशु आरोग्य मेले में पशुओं का हुआ निशुल्क उपचा

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



नवाबगंज। विकासखंड के चमरौली गांव में मंगलवार को पंडित दीनदयाल पशु आरोग्य मेला आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मोहान विधायक बृजेश रावत ने किया। जिनका स्वागत ग्राम प्रधान समर बहादुर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।

विधायक बृजेश रावत ने पशुपालकों को सरकार की पशु कल्याण योजनाओं की जानकारी दी।

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि सिंह ने पशुपालकों व कृषकों से इन योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। मेले में कुल 969 पशुओं का उपचार किया गया, जिनमें 539 बड़े और 430 छोटे पशु शामिल रहे। इस दौरान पशुओं को सामान्य चिकित्सा, कृमिनाशक दवा, बांझपन उपचार, बधियाकरण, गर्भ जांच समेत अन्य चिकित्सा सेवाएं दी गईं।

मेले में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश मौर्या, डॉ. सईद अहमद, डॉ. अनूप सिंह, डॉ. अंकुर सिंह, सुजाता, संजीव कुमार, राकेश कुमार, अनिल श्रीवास्तव आदि कर्मियों समेत राकेश दीक्षित, प्रेम सिंह, सुनीता मौर्या, शालू, जानकी, शांति, अंजलि व अन्य लोग मौजूद रहे।

# शौचालय का करे प्रयोग,मिटे गंदगी भागे रोग ग्राम प्रधान तारावती पाल

**मोहान विधायक ब्रजेश कुमार रावत ने हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रैली को रवाना किया**

जन एक्सप्रेस। उन्नाव




जन एक्सप्रेस उन्नाव जनपद के विकास खण्ड हसनगंज की ग्राम पंचायत सिंघनापुर के राजस्व ग्राम करसेमऊ में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन के निर्देश पर जन जागरूकता रैली का आयोजन ग्राम प्रधान तारावती पाल द्वारा किया गया जिसे बतौर मुख्य अतिथि पधारे मोहान विधायक ब्रजेश कुमार रावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रैली प्राइमरी स्कूल करसेमऊ के सामने से निकल कर गांव की विभिन्न गलियों से गुजरती हुई अंत में बरम देव मंदिर पर समाप्त हुई रैली में लोग नारे लगा रहे थे हम सभी ने ठाना है संचारी रोग भगाना है, घर घर हम जाएँगे लोगो को जगायेंगे,खाने से पहले शौच के बाद,हाथ करे साबुन से साफ़ शौचालय का करे प्रयोग, मिटे गंदगी भागे रोग आदि नारों से लिखी पट्टिकाएं लोग अपने हाथों में लेकर चल रहे थे जो लोगों को मूक संदेश देकर जागरूक कर रही थी

रैली रवाना करने के पूर्व रैली को संबोधित करते हुए विधायक ब्रजेश रावत ने कहा कि ग्राम प्रधान के पुत्र पुत्तन लाल पाल का यह कार्य कि हमारे गांव के लोग जागरूक हो जिसके लिए लगातार प्रयास करते रहते है उन्होंने पुत्तन लाल पाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज की यह रैली उसी जन जागरण का हिस्सा है इसके बाद ग्राम पंचायत के तीनों गाँवों भिखारी खेड़ा सिंघनापुर और करसेमऊ में डेंगू चिकनगुनिया मस्तिष्क ज्वर आदि रोगों से रोकथाम के लिए एंटी लार्वा दवा के छिड़काव को ट्रैक्टर टैंकर द्वारा कराने हेतु प्रेशर मशीन से नालियों में दवा का छिड़काव का शुभारम्भ नालियों में दवा स्वयं छिड़क कर क्षेत्रीय विधायक ने अपने कर कमलों द्वारा किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार रूपा रज्जन लाल लाल बहादुर अमर लाल अनीत राकेश कुमार अमरनाथ दीपांशु यादव ग्राम विकास अधिकारी आंगनवानी कार्यकर्ती सहायिका आशा बहू नीलम और रीना रावत कैलाशा कलावती राजाराम रामासरे सहित तीनों ग्रामों से लगभग दो सैकड़ा लोग इस जन जागरण रैली के साक्षी बने अंत में रैली में शामिल सभी सहभागियों के प्रति पुत्तन लाल पाल ने आभार प्रकट किया।

## डिलेवरी के दौरान नर्सों की लापरवाही से नवजात की मौत, प्रसूता की हालत नाजुक

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। टिकैतनगर।** टिकैतनगर क्षेत्र के कूढ़ा सुखीपुर निवासी रामू कुमार ने अपनी पत्नी की डिलेवरी के दौरान अस्पताल कर्मियों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि पीएम हॉस्पिटल सराय बरई में नर्सों ने गलत तरीके से प्रसव कराने की कोशिश की, जिसके चलते नवजात की मौत हो गई, जबकि प्रसूता की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए अस्पताल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। रामू कुमार ने बताया कि रविवार की सुबह करीब 10 बजे वह अपनी गर्भवती पत्नी को प्रसव पीड़ा होने पर पीएम हॉस्पिटल सराय बरई लेकर पहुंचे थे। जांच के दौरान डॉक्टरों ने बताया कि मरीज की प्लेटलेट्स काफी कम हैं, जिससे डिलेवरी में खतरा है। इसके बावजूद अस्पताल में तैनात नर्सों ने नार्मल डिलेवरी कराने पर अड़ गईं। आरोप है कि डिलेवरी के दौरान नर्सों ने जबरदस्ती पेट पर चढ़कर और प्राइवेट पार्ट में हाथ डालकर प्रसव कराने की कोशिश की। इसी बीच प्रसूता की हालत बिगड़ गई और नवजात ने जन्म के कुछ ही क्षण बाद दम तोड़ दिया। पीड़ित का कहना है कि बच्चे की मौत के बाद डॉक्टरों ने सर्जरी की बात कहकर 50 हजार रुपये मांगे। उसने किसी तरह पैसे की व्यवस्था कर दी, जिसके बाद ऑपरेशन किया गया। लेकिन ऑपरेशन के बाद भी पत्नी की हालत गंभीर होती चली गई। परिजन ने आरोप लगाया कि अस्पताल में किसी योग्य डॉक्टर की मौजूदगी नहीं थी, पूरा अस्पताल नर्सों और स्टाफ के भरोसे चलाया जा रहा है।

# एक्सप्रेस खबरें...

## बैजनाथ ने किया मेडिकल स्टोर का उद्घाटन


**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** जैदपुर। कस्बे के मोहल्ला छोटा इमामबाड़ा के निकट मंगलवार को एक मेडिकल स्टोर का उद्घाटन किया गया। एससी एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ. रिजवान अली और सभासद ताहिर अंसारी ने फूल-माला पहनाकर बैजनाथ रावत का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अलीम अंसारी, एडवोकेट वीरेंद्र प्रताप, पूर्व प्रधान सरफुद्दीन, शाहे आलम कुरैशी, सभासद सायंम रिजवी, कलीम अंसारी, अबसार, रजा हसन, उस्मान अतीक अहमद, डॉ. शाबान अली, सगीर नेता, मास्टर इसराईल कुरैशी और अंकित जैशवाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## पराली प्रबंधन जागरूकता वाहन को एसडीएम ने दिखाई हरी झंडी

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** रामनगर। मंगलवार को रामनगर उपजिलाधिकारी गुंजिता अग्रवाल की अध्यक्षता में तहसील रामनगर सभागार में पराली, फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर बैठक हुई। जिसमें ब्लाक रामनगर के सभी ग्राम प्रधान भी उपस्थित रहे। इस बैठक में पराली प्रबंधन के साथ आगामी त्योहारों, महादेवा महोत्सव जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। उपजिलाधिकारी महोदय ने खरीफ की फसल के बाद बची पराली न जलाने की सख्त हिदायत दी तथा फसल अवशेष प्रबंधन के संबंध में लोगों को जागरुक किया।बैठक के उपरांत एस डी एम गुंजिता अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर फसल अवशेष प्रबंधन के संबंध में जागरूकता प्रचार वाहन को भी रवाना किया, जो क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर किसानों को पराली न जलाने के लिए जागरुक करेगा।

## पुलिस का प्रयास, दो दम्पत्ति हुए एक

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में वैवाहिक विवादों का त्वरित निस्तारण करने हेतु थानों द्वारा प्रयास किया जा रहा है जिसके क्रम में मंगलवार को पति-पत्नी के परिवारिक विवाद सम्बन्धी मामले में दोनों पक्षों के लोग उपस्थित आये। थाना कोठी पुलिस द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनते हुए 01 प्रार्थना पत्रों में दोनों पक्षों को समझाया कर आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया। परिजनों द्वारा पुलिस की भूरी-भूरी प्रशंसा की गयी। वहीं रामनगर पुलिस ने पति-पत्नी के परिवारिक विवाद सम्बन्धी मामले में दोनों पक्षों के लोग उपस्थित आये। थाना रामनगर पुलिस द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनते हुए 01 प्रार्थना पत्रों में दोनों पक्षों को समझाया कर आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया। परिजनों द्वारा पुलिस की भूरी-भूरी प्रशंसा की गयी।




## पुलिस ने लापता महिला को परिजनों को सौंपा

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** थाना कोठी अन्तर्गत बीती 1 अक्टूबर की दोपहर को एक महिला घर से नाराज होकर चली गयी थी जिसका मुकदमा उसके पति ने थाना कोठी में दर्ज कराया था। मंगलवार को मिशन शक्ति केन्द्र टीम उ.नि. विजय प्रकाश यादव, महिला आरक्षी अंतिमा यादव द्वारा गुमशुदा रिंकी देवी उपरोक्त को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया एवं परिजनों को सुपुर्द किया गया।

# पीएम मोदी-मंगोलिया के राष्ट्रपति के बीच वार्ता, कई एमओयू पर हस्ताक्षर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

मंगोलियाई राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना चार दिवसीय यात्रा पर दिल्ली में हैं। इस दौरान मंगलवार (14 अक्तूबर) हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री मोदी और मंगोलिया के राष्ट्रपति के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई, जहां दोनों देशों के बीच समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान हुआ। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि मंगोलियाई राष्ट्रपति और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत करते हुए मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। 6 वर्ष के बाद मंगोलिया के राष्ट्रपति का भारत आना अपने आप में एक विशेष अवसर है।



### भारत- मंगोलिया स्प्रिचुअल सिबलिंग-पीएम मोदी

संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पीएम मोदी में कहा, दोनों देश मुक्त, खुला, समावेशी और नियम आधारित इंडो-पैसिफिक का समर्थन करते हैं। ग्लोबल साउथ की आवाज को सशक्त करने के लिए भी हम मिलकर काम करते हैं। मंगोलिया और भारत के बीच आत्मीय और आध्यात्मिक बंधन है। सदियों से दोनों देश बुद्धिज्म के सूत्र में बंधे हैं, जिसके कारण हमें स्प्रिचुअल सिबलिंग भी कहा जाता है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि ऐतिहासिक संबंधों को नई मजबूती देने के लिए हमने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अगले वर्ष, भगवान गौतम बुद्ध के दो महान शिष्यों, सारिपुत्र और मौद्गल्यायन के अवशेष भारत से मंगोलिया भेजे जाएंगे। संयुक्त प्रेस वार्ता में पीएम मोदी ने कहा, ऽलद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद और मंगोलिया के अरखांगई प्रांत के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन हमारे सांस्कृतिक संबंधों में नई ऊर्जा का संचार करेंगे। हालांकि हमारी सीमाएं साझा नहीं हैं, फिर भी भारत ने हमेशा मंगोलिया को एक पड़ोसी के रूप में देखा है और हम लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देते रहेंगे। हमने मंगोलियाई नागरिकों को नि:शुल्क ई-वीजा प्रदान करने का निर्णय लिया है। भारत मंगोलिया के युवा सांस्कृतिक राजदूतों की भारत की वार्षिक यात्रा को प्रायोजित करेगा।

### और मजबूत होंगे दोनों के बीच रिश्ते: कुमारन

विदेश मंत्रालय में पूर्वी मामलों के सचिव पी कुमरन ने बताया कि यह दौरा दोनों देशों के गहरे राजनीतिक रिश्तों को दिखाता है। राष्ट्रपति खुरेलसुख एक बड़े प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत आए हैं। यह यात्रा भारत और मंगोलिया के बीच प्राचीन सभ्यताओं की साझी विरासत, बौद्ध संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित मजबूत संबंधों को और गहरा करने का संकेत है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों की यह साझेदारी केवल राजनयिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों पर भी आधारित है। राष्ट्रपति के इस दौरे से भारत और मंगोलिया के बीच दोस्ती को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### भारत एक संस्कृत शिक्षक को एक वर्ष के लिए कंधन मठ में भेजेगा

कुमारन ने बताया कि भारत ने घोषणा की कि मंगोलिया के नागरिकों को अब ई-वीजा नि:शुल्क आधार पर मिलेगा, जिससे लोगों के बीच संपर्क और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारत ने 2026 में पवित्र बौद्ध अवशेषों अरहंत मोगल यैना और अरहंत सारिपुत्त को मंगोलिया भेजने की घोषणा की है, जिसे एक आध्यात्मिक सौगात माना जा रहा है। साथ ही, भारत एक संस्कृत शिक्षक को एक वर्ष के लिए कंधन मठ में भेजेगा, ताकि वहां के भिक्षु संस्कृत सीख सकें।

### नया कैपिसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम होगा शुरू

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा, मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना की भारत यात्रा तब हो रही है, जब भारत और मंगोलिया अपने राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष और सामरिक संबंधों के 10 साल पूरे कर रहा है। हमारा रक्षा और सुरक्षा सहयोग लगातार मजबूत हो रहा है। मंगोलिया के सीमा सुरक्षा बलों के लिए भारत नए कैपिसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम भी शुरू करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि इस अवसर पर हमने एक संयुक्त पोस्टल स्टैम्प जारी किया है, जो हमारी साझा विरासत, विविधता और गहरे सभ्यतागत संबंधों का प्रतीक है।

### पीएम मोदी ने की फ्री ई-वीजा देने का घोषणा

इस दौरान पीएम मोदी ने बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि हमारी सीमाएं भले ही आपस में जुड़ी न हों, लेकिन भारत ने हमेशा मंगोलिया को अपना एक प्रमुख पड़ोसी माना है। हम लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देना जारी रखेंगे। हमने मंगोलिया के नागरिकों को नि:शुल्क ई-वीजा देने का निर्णय लिया है।

### तेल रिफाइनरी परियोजना करेगी ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत

पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत मंगोलिया के विकास में एक दृढ़ और विश्वसनीय भागीदार रहा है। भारत की 1.7 बिलियन डॉलर की ऋण सहायता से निर्मित की जा रही तेल रिफाइनरी परियोजना मंगोलिया की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगी। यह दुनिया में भारत की सबसे बड़ी विकास साझेदारी परियोजना है और 2,500 से अधिक भारतीय इस परियोजना को लागू करने के लिए अपने मंगोलियाई समकक्षों के साथ काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने बताया कि हमने कौशल विकास में भी अपने सहयोग का विस्तार किया है। अटल बिहारी वाजपेयी आईटी उत्कृष्टता केंद्र और भारत-मंगोलिया मैत्री विद्यालय के माध्यम से, मंगोलिया के युवाओं के सपने उड़ान भर रहे हैं। ये सभी परियोजनाएं हमारी गहरी मित्रता की मिसाल हैं। हम आज कई परियोजनाओं की घोषणा कर रहे हैं जो इससे आम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा।

### अमृतसर और नई दिल्ली के लिए चार्टर उड़ान की तैयारी

वहीं प्रधानमंत्री मोदी के साथ संयुक्त वक्तव्य के दौरान मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना ने कहा, एक मंगोलियाई एयर कैरियर इस वर्ष के अंत में अमृतसर और नई दिल्ली के लिए चार्टर उड़ानें संचालित करने की तैयारी कर रहा है, जो पर्यटन और व्यापार क्षेत्रों सहित हमारे द्विपक्षीय संबंधों और सहयोग के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

### रक्षा साझेदारी को बढ़ावा

पी कुमारन ने इस साझेदारी को अहम बताते हुए कहा कि भारत ने मंगोलिया की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए उलानबातार में एक रेजिडेंट डिफेंस अताशे (स्थायी रक्षा अधिकारी) की नियुक्ति की घोषणा की। यह दोनों देशों के बीच सुरक्षा और रक्षा सहयोग को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि मंगोलिया ने इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस के ढांचे को मंजूरी दी, जिससे बाघों और अन्य बड़ी बिल्लियों के संरक्षण के क्षेत्र में दोनों देशों का सहयोग और मजबूत होगा।

# दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-1 लागू

## बढ़ते प्रदूषण को लेकर उठाया गया कदम, 211 दर्ज किया गया एक्यूआई



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राजधानी में वायु प्रदूषण बढ़ने के साथ ही ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) का पहला चरण मंगलवार से लागू कर दिया गया है। दिल्ली का एक्यूआई 211 (खराब श्रेणी) में दर्ज किया गया। इसके अलावा, आईएमडी के पूर्वानुमान में भी आने वाले दिनों में एक्यूआई के खराब श्रेणी में बने रहने की भविष्यवाणी की गई है। आमतौर पर ग्रैप-1 तब लागू किया जाता है, जब शहर का एक्यूआई 200 के पार पहुंच जाता है। मंगलवार को दिल्ली का एक्यूआई 211 दर्ज किया गया। ग्रैप-1 लागू होने के बाद होटलों और रेस्तरां में कोयले और लकड़ी के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा पेट्रोल के पुराने और डीजल वाहनों (बीएस-III पेट्रोल और बीएस-IV डीजल) के संचालन पर सख्त निगरानी रखी जाएगी। साथ ही निर्माण और विध्वंस (सीएंडडी) गतिविधियों में धूल शमन उपायों और सीएंडडी कचरे के ठोस पर्यावरण प्रबंधन पर निर्देशों का उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। इसमें 500 वर्ग मीटर के बराबर या उससे अधिक के भूखंड आकार वाली ऐसी परियोजनाओं के संबंध में सीएंडडी गतिविधियों की अनुमति नहीं दी जाएगी, जो संबंधित के वेबपोर्टल पर पंजीकृत नहीं हैं। डंप स्थलों से नगर पालिका ठोस अपशिष्ट (एमएसडब्ल्यू), निर्माण और विध्वंस (सीएंडडी) अपशिष्ट और खतरनाक कचरे का नियमित उठाव सुनिश्चित करना होगा। कोई भी कचरा अवैध रूप से खुले क्षेत्रों में डंप नहीं किया जाएगा। वहीं, सड़कों पर समय-समय पर मशीन से सफाई और पानी का छिड़काव करना होगा। सीएंडडी सामग्री और अपशिष्ट को परिसर में उचित रूप से कवर किया जाएगा। वाहनों के लिए पीयूसी मानदंडों की कड़ी निगरानी करनी होगी। डीजल जनरेटर सेट का उपयोग बिजली आपूर्ति के नियमित स्रोत के रूप में नहीं किया जा सकता है।

### इन चीजों का रखें ध्यान

- वाहनों के इंजन को ठीक से ट्यून करके रखें।
- वाहनों के टायर का उचित दबाव बनाए रखें।
- वाहन का पीयूसी प्रमाणपत्र साथ रखें।
- लाल बत्ती पर इंजन बंद कर दें।
- वाहन के प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए हाइब्रिड वाहनों या ईवी को प्राथमिकता दें।
- खुले स्थानों पर कूड़ा-कचरा न फैलाएं व निस्तारित न करें।
- 311 एप, ग्रीन दिल्ली एप, समीर एप आदि के माध्यम से वायु प्रदूषणकारी गतिविधियों की रिपोर्ट करें।
- अधिक से अधिक पौधे लगाएं।
- त्योहारों को पर्यावरण अनुकूल तरीके से मनाएं व पटाखों से बचें।
- 10-15 वर्ष पुराने डीजल व पेट्रोल वाहन न चलाएं।



## इंडिया पोस्ट आज से अमेरिका के लिए फिर शुरू करेगा सभी श्रेणियों की डाक सेवाएं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

इंडिया पोस्ट 15 अक्तूबर यानी आज से अमेरिका के लिए सभी श्रेणियों की डाक सेवाएं फिर से शुरू करेगा। इस संबंध में एक आधिकारिक बयान में जानकारी दी गई है। बयान में कहा गया कि 15 अक्तूबर 2025 से अमेरिका के लिए पत्र, दस्तावेज, पार्सल और अन्य सभी प्रकार की डाक सेवाएं सामान्य रूप से बहाल कर दी जाएंगी। हाल ही में कुछ कारणों से इन सेवाओं में अस्थायी बाधा आई थी, जिसे अब पूरी तरह से खत्म कर दिया गया है। हालांकि, अमेरिका के सीमा शुल्क और सुरक्षा विभाग के नए नियमों के मुताबिक, भारत से भेजे गए डाक पार्सल पर अब घोषित मूल्य का 50त्न सीमा शुल्क देना होगी। यह शुल्क सभी प्रकार की डाक सेवाओं पर लागू होगा। इसलिए अब अमेरिका को कोई भी डाक भेजने से पहले लोगों को यह ध्यान रखना होगा कि भेजे गए सामान पर भारी सीमा शुल्क लग सकता है।

# ओपी सिंह ने संभाला हरियाणा के डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चंडीगढ़

एडीजीपी वाई पूरण कुमार की आत्महत्या मामले में हरियाणा सरकार ने सोमवार देर रात डीजीपी शत्रुजीत कपूर को लंबी छुट्टी पर भेज दिया। मंगलवार को आईपीएस अधिकारी ओमप्रकाश सिंह को नया कार्यकारी डीजीपी नियुक्त किया गया। उन्होंने अपना कार्यभार संभाल लिया है। हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन, पंचकूला के प्रबंध निदेशक, एफएसएल मधुबन के निदेशक और एचएसबीएनसीबी (मुख्यालय) के महानिदेशक ओम प्रकाश सिंह को डीजीपी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। ओमप्रकाश दिवंगत अदाकार सुशांत सिंह राजपूत के जीजा हैं। हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक ओपी सिंह ने मंगलवार दोपहर पुलिस मुख्यालय पंचकूला में हरियाणा पुलिस के पुलिस महानिदेशक (एचओपीएफ) पद का अतिरिक्त कार्यभार संभाल लिया है। इस अवसर पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। पुलिस मुख्यालय पहुंचने के बाद ओपी सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने विभागीय कार्यप्रणाली, कानून-व्यवस्था की स्थिति और राज्य में पुलिसिंग की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के उपायों पर चर्चा की। ओपी सिंह वर्तमान में हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन (एचपीएचसी) के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। उनके नेतृत्व में निगम ने हाल के वर्षों में राज्यभर में पुलिस आवासीय और प्रशासनिक भवनों के निर्माण में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।

# महाराष्ट्र के मुख्य चुनाव अधिकारी से मिले विपक्ष के नेता, चुनाव में गड़बड़ियों का उठाया मुद्दा



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र में विपक्षी नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी से मुलाकात करने पहुंचा। इस डेलिगेशन में शिवसेना (उद्धव-बालासाहेब ठाकरे) के प्रमुख उद्धव ठाकरे और महराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे शामिल रहे। इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस और वाम दलों के नेता भी जुड़े। इन सभी ने मंत्रालय में मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) एस चोकालिंगम के साथ बैठक की। बताया गया है कि प्रतिनिधिमंडल शाम तक एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का भी आयोजन कर सकता है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में इस साल के अंत में स्थानीय चुनाव कराए जाने हैं। ऐसे में विपक्षी नेताओं की बैठक को अहमियत दी जा रही है।

# सेना कमांडर का एलान: ऑपरेशन सिंदूर 2.0 होगा ज्यादा घातक, पहलगाम जैसी हरकत दोहराई तो अंजाम होंगे भयावह

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



जम्मू पश्चिमी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर 2.0 पहले से अधिक घातक और शक्तिशाली होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान भारत से युद्ध लड़ने की स्थिति में नहीं है, लेकिन वह पहलगाम जैसी कायराना हरकतों की फिर कोशिश कर सकता है। पत्रकारों से बात करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल कटियार ने कहा, इस बार जो कार्रवाई होगी वह पहले से कहीं ज्यादा घातक होगी। इसमें कोई संदेह नहीं है। पाकिस्तान की हजार घावों से भारत को कमजोर करने की नीति अब भी जारी है, और भारतीय सेना इसके खिलाफ पूरी तरह तैयार है। जनरल कटियार के अनुसार, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने पाकिस्तान के कई पोस्ट और एयरबेस तबाह कर दिए थे। लेकिन वह फिर से कोई साजिश कर सकता है। हमें सतर्क रहना होगा और हम पूरी तरह तैयार हैं। पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, पाकिस्तान फिर से पहले जैसी हरकत करने की कोशिश कर सकता है, लेकिन उसमें हमारे सामने खुलकर लड़ने की हिम्मत नहीं है। भारतीय सेना पूरी तरह सतर्क है और किसी भी हमले को नाकाम करने के लिए तैयार है। इसके लिए हमें खासकर पूर्व सैनिकों और जनता के सहयोग की जरूरत है। उन्होंने दोहराया कि जब तक पाकिस्तान की सोच नहीं बदलती, तब तक इस तरह की हरकतें होती रहेंगी, लेकिन भारतीय सेना हर मोर्चे पर मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तत्पर है।

# टॉप नक्सली लीडर का 60 साथियों के साथ सरेंडर, एक करोड़ का इनामी था सोनू

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गढ़चिरौली

नक्सवाद पर एक बार फिर बड़ी कामयाबी हासिल की गई है। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में कुख्यात माओवादी नेता मल्लौजुला वेणुगोपाल राव उर्फ भूपति उर्फ सोनू ने अपने 60 साथियों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया है। सोनू पर एक करोड़ रुपए का इनाम घोषित था, जिसके बाद अब अबूझमाड़ में नक्सलियों की कमर पूरी तरह से टूट गई है।



### भाकपा-माओवादी को बड़ा झटका

भाकपा-माओवादी के पोलित ब्यूरो सदस्य मल्लौजुला वेणुगोपाल राव उर्फ सोनू ने मंगलवार (14 अक्तूबर) को महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में 60 माओवादी कार्यकर्ताओं के साथ हथियार डाल दिए। यह भाकपा-माओवादी के लिए एक बड़ा झटका है और यह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और देश भर की राज्य सरकारों के नेतृत्व में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे निरंतर अभियानों का परिणाम है।

### माओवादी कार्यकर्ताओं के बड़े हिस्से का समर्थन

सितंबर में सोनू ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर हथियार डालने की जानकारी दी थी। उन्हें छत्तीसगढ़ और देश के अन्य हिस्सों में माओवादी कार्यकर्ताओं के एक बड़े हिस्से का समर्थन हासिल था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोनू को भाकपा (माओवादी) के उत्तर उप-क्षेत्रीय और पश्चिम उप-क्षेत्रीय ब्यूरो से समर्थन मिला, जिन्होंने अब मुख्यधारा में लौटने के लिए अपनी रुचि दिखाई।

### मौखिक और लिखित बयान किया था जारी

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कुख्यात नक्सली सोनू ने 15 अगस्त को एक मौखिक और लिखित बयान जारी कर युद्धविराम के लिए तैयार होने का दावा किया था। बता दें कि पिछले हफ्ते ऐसी खबरें आईं थीं कि तेलंगाना के मूल निवासी वेणुगोपाल राव उर्फ सोनू ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया और साथी कार्यकर्ताओं से खुद को बचाने और व्यर्थ बलिदान ना देने की अपील की थी।

### नक्सलियों पर ताबड़तोड़ एक्शन जारी

सुरक्षाबलों का नक्सलियों पर ताबड़तोड़ एक्श जारी है। इससे पहले छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के बासागुड़ा थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने कार्रवाई करते हुए आठ सक्रिय नक्सलियों को गिरफ्तार किया था। इन गिरफ्तार नक्सलियों में तीन पर तीन लाख का इनाम घोषित था। इस दौरान गिरफ्तार नक्सलियों के कब्जे से टिफिन बम, डेटोनेटर, सेफ्टी फ्यूज, कार्डेक्स वायर, बैटरी, बिजली के तार, जमीन खोदने के औजार, एवं शासन विरोधी नारों वाले पाम्पलेट और बैनर बरामद किए गए।

# दीपावली अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यवाही लगातार जारी

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

दीपावली के मद्देनजर जनता के लगातार मांग और जिलाधिकारी के निर्देश के तहत जिला खाद्य सुरक्षा के टीम लगातार छापेमारी कर रही है । खाद्य सामग्रियों के गुणदोष की जांच हेतु कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में खोड़ा स्थित बंसल ट्रेडर्स पर खाद्य सुरक्षा द्वारा नेपाली रिफाइंड सोयाबीन आयल की 79 टिन जिसमें कुल 1183 किलोग्राम ऑयल जिसकी अनुमानित कीमत 1,61,278 रुपए है उसको नमूना लेते हुए जांच रिपोर्ट आने तक सीज कर दिया गया है। विभाग द्वारा समसुद्दीन पुत्र ताज मोहम्मद ग्राम कलछीना के विनिर्माण खाद्य कारोबार परिसर से दो खोया का नमूना लिया गया। परिसर में अस्वच्छ एवं अस्वस्थकर परिस्थितियों यथा जमीन पर खुले में धूल और गंदगी में विनिर्माण के पश्चात भंडारीत 162 किलोग्राम खोया जब्त कर नष्ट कराया गया। रिजवान पुत्र गुलशेर ग्राम कलछीना के खाद्य कारोबार परिसर से एक खोया का नमूना संग्रहित किया गया। परिसर में भंडारीत 125 किलोग्राम खोया जब्त कर व नष्ट कराया गया। खाद्य विभाग की टीम द्वारा ग्राम नहाली भोजपुर के आस मोहम्मद से पनीर के दो नमूने संग्रहित करते हुए 36,000 रुपए अनुमानित मूल्य के पनीर के 120 किलोग्राम स्टॉक को नष्ट करवाया गया। उक्त अभियान में अब तक कुल 109 नमूने संग्रहित कर खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने पर परिणाम के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत यथा आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।



# ट्रिपल इंजन सरकार में पार्षदों को सदन की पारित कार्यवाही के लिए करनी पड़ रही मशक्कत

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

गाजियाबाद नगर निगम में पारित हाउस टैक्स वृद्धि प्रस्ताव के निरस्तीकरण के बाद मिनट्स की कॉपी लेने के लिए पार्षदों को परेशान करके रख दिया है। नगर निगम अधिकारियों की हठवादिता कहे अथवा खुद महापौर सुनीता दयाल ,जिले के प्रभावी मंत्री असीम अरुण, बोर्ड बैठक में शामिल कैबिनेट मंत्री और क्षेत्रीय विधायक सुनील शर्मा , सांसद अतुल गर्ग सहित सदर विधायक और पूर्व महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा सहित विधायकों का लचर रवैया जिससे खुद अपने पार्षदों के अधिकार तक को उनको नहीं दिलवा पा रहे है। जबकि सबको पार्षदों ने विषय से अवगत करा रखा है। पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य सदन सचिव से मंगलवार को मिले। सदन सचिव को पत्रक देते हुए पार्षदों द्वारा मिनट्स की कॉपी की मांग किया गया, लेकिन आश्वासन के अलावा पुनः पार्षदों को कुछ नहीं मिला। पार्षद समिति के सदस्यों की माने तो सदन सचिव ने पार्षदों को बताया कि मिनट्स कल रात प्रयागराज चले गए है। जब आयेंगे तब मिलेंगे। पार्षदों ने मिनट्स की कॉपी निगम में होने की बात कही तो उन्होंने पत्र पर सदन सह सचिव को मार्क कर दिया। पार्षद फिर खाली हाथ अपने वार्ड में पहुंचे। सदन सचिव ने बताया कि मिनट्स की कॉपी तो सोशल मीडिया पर है उस से काम चला लो तो पार्षद नीरज गोयल ने कहा कि पार्षदों का मिनट्स लेने का अधिकार है लेकिन उन को मिनट्स नहीं दिए गए जब की जो गोपनीय कागज है। उन को सोशल मीडिया पर लीक कर दिया। मुझे लगता है यह विषय गंभीर है। मिनट्स निगम के जिम्मेदार व्यक्ति या अधिकारी के पास होने चाहिए फिर ये मिनट्स के कुछ पेज सोशल मीडिया पर लीक कैसे हुए। इस के लिए जांच होनी चाहिए साथ ही उस व्यक्ति के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही भी होनी चाहिए। इस अवसर पर पार्षद नीरज गोयल, पार्षद हिमांशु शर्मा, पार्षद गौरव सोलंकी, पार्षद शिवम शर्मा, पार्षद ओम प्रकाश ओढ, पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल, पूर्व पार्षद जाकिर सैफी, पार्षद पति पवन गौतम पार्षद राधेश्याम त्यागी आदि उपस्थित थे।



# गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन की अजनारा सोसाइटी में पति ने गोलीमार कर की पत्नी की हत्या

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

राजनगर एक्सटेंशन स्थित अजनारा सोसाइटी में मंगलवार को घरेलू विवाद के बाद पति ने अपनी पत्नी पर गोली चला दी इस घटना में पत्नी की मौत हो गई है। पत्नी को गोली मारने के बाद पति मौके से फरार हो गया है। मौके पर पहुंचकर पुलिस जांच में जुट गई है। प्राप्त सूचना के अनुसार अजनारा इंटीग्रिटी सोसाइटी में विकास सहलावत रहते है। विकास शराब पीने के आदी है। आए दिन शराब पीकर पत्नी रूबी से झगडा करते हैं। पुलिस का कहना है कि रात को दोनों के बीच झगडा हुआ। देररात दोनों अपने कमरे में सोने चले गए। मंगलवार सुबह दोनों के बीच फिर झगडा हुआ। इनकी एक बच्ची दूसरे कमरे में सो रही थी। इस बीच विकास ने गुस्से में आकर पत्नी पर गोली चला दी। गोली लगने से रूबी की मौके पर ही मौत हो गई। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोपी पति विकास की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)